# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 19 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-153 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान में वांछित आतंकी खालिद उर्फ कमांडर मारा गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रांतीय पुलिस बलों की प्रमुख खुफिया और आतंकवाद-रोधी शाखा काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में वांछित आतंकवादी खालिद उर्फ कमांडर को मुठभेड़ में मार गराया। अधिकारियों के अनुसार सीटीडी को यह सफलता डेरा इस्माइल खान इलाके में मिली। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर आतंकवादी खालिद उर्फ कमांडर को दबोचने के लिए दबिश दी गई। उससे आत्मसमर्पण की अपील की गई। इसे अनसुना कर उसने गोलीबारी शुरू कर दी।

### अहमदाबाद में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 9 की मौत

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके में शनिवार को पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में 9 कर्मचारियों की मौत हो गई और करीब 15 घायल हो गए। हादसा रामोल से गतराड जाने वाले रास्ते पर महमूदपुरा टैलेंट के पास हुआ। यहां पास में ही रैपिड एक्शन फोर्स का कैंप है। धमाके की आवाज सुनते ही रैफ जवान तुरंत घटनास्थल पहुंचे और लोगों का रेस्क्यू किया। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर तक सुनाई दी।

### समस्तीपुर में एएसआई ने थाने में की आत्महत्या

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना परिसर में डायल-112 में तैनात सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) बबलू प्रसाद का शव शनिवार को फंदे से लटका मिला। शनिवार सुबह उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में थाना परिसर में स्थित तीसरे मंजिल के एक खाली कमरे में पाया गया। प्रथम द्रष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया है और हर पहलू से मामले की पड़ताल की जा रही है।

### अमरनाथ-वैष्णो देवी यात्रा पर रोक लगी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अगले तीन दिन भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिसके चलते अमरनाथ यात्रा 19 जुलाई 2026 से स्थगित रहेगी। वहीं वैष्णो देवी यात्रा भी शनिवार से रोक दी गई है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बारिश का 93 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया।

# देश का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 अपनी कक्षा तक पहुंचने में सफल

## अमेरिका और चीन के क्लब में शामिल हुआ भारत, पीएम मोदी ने दी बधाई

### स्काईरूट एयरोस्पेस ने खुद बनाकर अंतरिक्ष में भेजा, 2 दोस्तों ने इसरो छोड़कर बनाई थी यह कंपनी

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** देश का पहला निजी तौर पर विकसित आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 शनिवार को अपनी लक्षित कक्षा तक पहुंचने में सफल रहा। इस प्रक्षेपण को देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विक्रम-1 को आज दोपहर 12.05 बजे यहां के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अंतरिक्ष के लिए प्रक्षेपित किया गया था। हैदराबाद के स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी द्वारा विकसित इस रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान को मिशन आगमन नाम दिया गया। पहले इस मिशन को सुबह 11:30 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों के चलते इसे दोपहर 12.05 बजे प्रक्षेपित किया गया। लगभग 15 मिनट की उड़ान अवधि और सभी चरणों के



सफलतापूर्वक पूरे होने बाद यान ठीक 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्षित कक्षा में पहुंच गया है। रॉकेट के लक्षित कक्षा में पहुंचते ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने अन्य वैज्ञानिकों को बधाई दी। इसरो ने रॉकेट के कक्षा में पहुंचने के बाद विक्रम-1 अभियान के सफलतापूर्वक संपन्न होने की घोषणा की। इसरो ने एक्स पोस्ट में कहा, "यह मिशन भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और देश के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की बढ़ती क्षमता को दशार्ता है। इन-स्पेस और इसरो की टीमों को बधाई, जिन्होंने तकनीकी परामर्श और 24৵7 सुरक्षा निगरानी के साथ-साथ प्रक्षेपण और जमीनी परीक्षण कार्यों को सक्षम और सुविधाजनक बनाया। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित अंतरिक्ष क्षेत्र के सुधारों का भी प्रमाण है।" इसके सफल प्रक्षेपण के बाद प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके वैज्ञानिकों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कंपनी के सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका से फोन पर बात कर कहा कि स्काईरूट ने आकाश में अपनी जड़ें गाड़ दी हैं और जमीन पर भी उन जड़ों को मजबूत किया है, जो देश के युवाओं को प्रेरणा देंगी। यह प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक नए युग की शुरूआत है, क्योंकि यह देश का पहला निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल रॉकेट बन गया है। विक्रम-1 अपने साथ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू तकनीकी प्रदर्शक पेलोड ले गया है। इनमें 18 कैरेट सोने का एक सूक्ष्म यान शामिल है जिसके भीतर नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम की सूक्ष्म कलाकृतियां हैं, जो चावल के दाने से भी छोटी हैं। इसके अलावा एक हीरे का आभूषण और स्काईरूट का अपना स्कोप उपग्रह भी शामिल है। विक्रम-1 एक 24 मीटर लंबा ऑर्बिटल क्लास रॉकेट है। इसे छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए तैयार किया गया है। यह पूरी तरह हल्के कार्बन-कॉम्पोजिट स्ट्रक्चर से बना है। इस वजह से इसका वजन कम और क्षमता अधिक हो जाती है। कंपनी के अनुसार कार्बन फाइबर सबसे मजबूत स्टील की तुलना में लगभग पांच गुना हल्का होता है। स्काईरूट के अनुसार, अजय कुमार मट्टेवाड़ा की बनाई गई माइक्रोआर्ट भी विक्रम-1 मिशन के साथ अंतरिक्ष में भेजी गई। इसमें 18 कैरेट सोने से बना एक छोटा रॉकेट है।

# 2100 रुपये में हेलीकॉप्टर से करें पूरा पटना का दर्शन

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया नए हैंगर और हेली सेवा का उद्घाटन

### पहले दिन 20 लोगों ने लिया पटना जॉय राइड का आनंद

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी में पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को स्टेट हैंगर में नए हैंगर और पटना दर्शन हेली सेवा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने चार सीपीएल (कमर्शियल पायलट लाइसेंस) प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बता दें अब तक करीब 80 पर्यटकों ने एयर राइड के लिए सीटें बुक कराई हैं। हालांकि, पहले दिन पटना जॉय राइड का आनंद सिर्फ 20 लोग ही ले पाए। 3.40 बजे पहली राइड में 6 लोगों को लेकर हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी। सीएम ने खुद अपने हाथों से टूरिस्ट को टिकट सौंपी। साथ ही हेलिकॉप्टर के पायलट को बैच पहनाया। बता दें हर 30 मिनट के अंतराल पर 4 राइड संचालित की जाएंगी। प्रत्येक राइड 10 मिनट की होगी।

इस अवसर पर सीएम सम्राट ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 के अंतर्गत बिहार में पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा राज्य के ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थलों को हवाई दृष्टि से देखने का अनूठा अवसर उपलब्ध कराएगी। इससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन और नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के विकास के माध्यम से बिहार को नई पहचान दिलाने के लिए संकल्पित है।



### नालंदा और कैमूर के लिए भी हेली सेवा जल्द

पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिलहाल पटना के लिए हेली सेवा शुरू की गई है। इस सेवा के तहत पर्यटक और आम नागरिक मात्र 2,100 रुपये में हेलीकॉप्टर से राजधानी के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का हवाई नजारा देख सकेंगे। मंत्री ने बताया कि सरकार जल्द ही नालंदा और कैमूर के लिए भी हेली सेवा शुरू करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कैमूर हेली टूर का किराया 6,000 रुपये रखा गया है। इससे राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच और आसान होगी। मंत्री ने कहा कि बिहार के धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि हेली सेवा शुरू होने से राज्य में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को सुविधाजनक यात्रा का नया विकल्प मिलेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, सिविल विमानन विभाग के सचिव निलेश रामचन्द्र देवड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नंद किशोर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं हेलीकॉप्टर जॉय राइड से सफर करनेवाले पर्यटक उपस्थित थे।

### छात्रों के शोध और संवाद से समृद्ध होगा बिहार : मुख्यमंत्री


**मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह में छात्रों को पदक प्रदान किए**

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि मुजफ्फरपुर एमआईटी में आर्किटेक्चर एवं सिविल साइंस के लिए विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। भागलपुर एमआईटी में एआई एंड कंप्यूटर साइंस की यूनिवर्सिटी स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों के शोध और संवाद से राज्य समृद्ध होगा। इसके पहले ज्ञान भवन में आयोजित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षा समारोह में सीएम, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी और कुलपति प्रो. एसके वर्मा ने बीटेक एवं एमटे छात्र-छात्राओं को उपाधि एवं पदक प्रदान किए। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत तीन अवसंरचना परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण किया गया।

## पर्यटन अभियंता अवधेश सिन्हा के ठिकानों पर निगरानी की छापेमारी

**पटना (एनएसबी)।** पर्यटन विभाग के अधीक्षण अभियंता अवधेश कुमार सिन्हा के घर शनिवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की 7 सदस्यीय टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान करोड़ों की संपत्ति का ब्योरा मिला है। अवधेश सिन्हा पर आरोप है कि उनकी संपत्ति इनकम से 75 प्रतिशत अधिक है। इसको लेकर निगरानी ने 16 जुलाई को शिकायत दर्ज की थी।

टीम ने राजीव नगर रोड नंबर-4 मंगलम फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित आवास, ऑफिस समेत 3 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई में जमीन खरीदगी के 12 डीड, 19 बैंक अकाउंट्स, 3 फ्लैट के कागजात समेत करोड़ों रुपए की संपत्ति का खुलासा हुआ है। कार्रवाई के दौरान परिवार सहित अधिकारी खुद भी घर पर मौजूद थे। जितने भी सामान मिले



### आय से 75 फीसदी अधिक कमाई, 12 डीड, 19 बैंक अकाउंट्स और जेवरात जब्त

टीम ने जब्त कर लिया है। फिलहाल जांच जारी है। केनरा बैंक के लॉकर को अभी नहीं खोला जा सका है। खुलने के बाद और भी संपत्ति का ब्योरा सामने आ सकता है।

## BPSC 72वीं प्रारंभिक परीक्षा स्थगित अब 1186 पदों पर होगी भर्ती

**पटना (एनएसबी)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 72वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित होनी थी, लेकिन आयोग ने फिलहाल इसे टाल दिया है। परीक्षा की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

इसके अलावा आयोग ने 44 पद भी घटाए हैं। पहले यह परीक्षा 1230 पदों पर होनी थी, लेकिन अब 1186 पदों पर भर्ती होगी। हालांकि, आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के कारणों का खुलासा नहीं किया है। परीक्षा स्थगित होने से लाखों अभ्यर्थियों की तैयारी और परीक्षा कार्यक्रम पर सीधा असर पड़ा है। कई उम्मीदवार परीक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी के अंतिम चरण में




पहुंच चुके थे। अब उन्हें नई परीक्षा तिथि घोषित होने तक अपनी तैयारी जारी रखनी होगी। बीपीएससी की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा बिहार की सबसे प्रतिष्ठित भर्ती परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। इसके माध्यम से प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, राजस्व सेवा और विकास प्रशासन सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की जाती हैं, जो राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं।

## अमेरिका-ईरान में सैन्य टकराव तेज होर्मोजगन में तीन नागरिकों की मौत

### वाशिंगटन के सहयोगी देशों पर हमले

**तेहरान/वाशिंगटन (एजेंसी)।** ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध के मैदान में तबदील हो चुका है। अमेरिका और ईरान के मध्य छिड़ी जंग के रुकने के आसार फिलहाल नहीं दिख रहे। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने ईरान पर ताजा हमले किए हैं।

ईरान ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सटे होर्मोजगन प्रांत में शनिवार सुबह हुए हमलों में कम से कम तीन नागरिक मारे गए हैं और आठ अन्य घायल हुए हैं। सेंटकॉम ने इस दावे को झुठलाते हुए कहा कि दो तेल टैंकर होर्मुज में माइंस (बारूदी सुरंगों) से टकरा गए। इससे विस्फोट हुआ है। ईरान की सेना का कहना है कि उसने बहरीन, जॉर्डन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। अल जजीरा, सीएनएन, गल्फ न्यूज और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार,



तस्नीम समाचार एजेंसी ने ईरान की सेना के हवाले से कहा कि कुवैत और जॉर्डन में अनेक अमेरिकी सैन्य बुनियादी ढांचों को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमले किए हैं। ईरान ने चेतावनी दी कि उसके हमले और तेज होंगे। बंदर अब्बास के अधिकारियों ने बिजली सुविधा केंद्रों और रेलवे स्टेशन पर हमलों की जानकारी दी है। इस टकराव से खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। कतर ने कहा कि उसने दोहा के पास एक मिसाइल हमले को रोका। कतर ने उन दावों को बेबुनियाद बताया कि वह ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए सहमत हो गया है।

## अस्पताल में भी वांगचुक का अनशन जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक का अनशन अब भी जारी है। उन्होंने ड्रिप, ओआरएस और दवा लेने से इनकार कर दिया है। वांगचुक 28 जून से नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के समर्थन में आमरण अनशन पर हैं। शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस उन्हें जंतर-मंतर से उठाकर सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दीपके जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि वांगचुक के लौटने तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 1:30 बजे दिल्ली पुलिस मुख्यालय से वांगचुक को अस्पताल ले जाने के निर्देश मिले थे।

### उन्हें जंतर-मंतर से उठाने के लिए थाने में हुई रिहर्सल

# बालू-गिट्टी के अवैध खेल पर सरकार की डिजिटल स्ट्राइक

## सीधे स्टोरेज सेंटर्स से ही कटेगा ई-चालान

### खनिज भंडारण स्थलों पर जियो-फेंसिंग अनिवार्य

**पटना (एनएसबी)।** अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए बिहार सरकार ने नई व्यवस्था बिहार खनिज नियमावली, 2019 में वर्ष 2026 में किए गए संशोधनों के तहत लागू कर दी है। खान एवं भूतत्व विभाग ने अधिसूचना जारी कर राज्य के सभी खनिज भंडारण अनुज्ञप्ति (स्टोरेज लाइसेंस) वाले स्थलों की जियो-फेंसिंग अनिवार्य कर दी है। विभाग का कहना है कि इससे हर भंडारण स्थल की सटीक भौगोलिक पहचान दर्ज होगी और ई-चालान व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

नई व्यवस्था के अनुसार, लघु व्यवसायियों के लिए भंडारण स्थल की जियो-फेंसिंग कराना अनिवार्य होगा। वहीं मध्यम और वृहद व्यवसायियों को अपने भंडारण स्थल के साथ-साथ वहां स्थापित धर्मकांटा की भी जियो-फेंसिंग करानी होगी। इसके लिए संबंधित जिले के सहायक निदेशक, खनिज विकास पदाधिकारी अथवा खनन निरीक्षक स्थल का निरीक्षण करेंगे। वे भंडारण स्थल और धर्मकांटा के चारों कोनों का जीपीएस निदेर्शांक तथा फोटोग्राफ लेकर विभागीय पोर्टल पर अपलोड करेंगे।



इसके बाद राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) की ओर से संबंधित स्थल की जियो-फेंसिंग सक्रिय की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी तकनीकी या भौगोलिक कारण से यदि भंडारण स्थल से सीधे ई-चालान जारी करना संभव नहीं होगा, तो जिला खनन कार्यालय की अनुशंसा के आधार पर विशेष परिस्थितियों में विभाग अलग से क्षेत्र (रेंज) निर्धारित कर सकेगा। इससे वास्तविक कारोबार प्रभावित नहीं होगा, लेकिन निगरानी बनी रहेगी।

विभाग का कहना है कि जियो-फेंसिंग लागू होने के बाद ई-चालान केवल स्वीकृत स्थान से ही जारी किया जा सकेगा। इससे खनिजों की आवाजाही की ऑनलाइन निगरानी आसान होगी और फर्जी भंडारण, अवैध परिवहन तथा राजस्व की चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

## नेपाल में बारिश के बाद बिहार में बाढ़ का खतरा मंडराया



**पटना (एनएसबी)।** बिहार के कई जिलों में शनिवार को मौसम एक बार फिर बदल गया। जमुई, कटिहार, सासाराम में तेज बारिश हुई, वहीं बगहा, पूर्णिया, अररिया, बक्सर, जहानाबाद, खगड़िया, सासाराम, शेखपुरा और बेतिया में भी बारिश हुई है। पटना, सीवान समेत कई जिलों में बादल छाए रहे और ठंडी हवा चल रही है। इधर, नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से कोसी नदी उफान पर है। कोसी बराज से पानी छोड़ने के बाद दरभंगा में 20 से ज्यादा गांव डूब चुके हैं। 6 गांव टापू बन चुके हैं। इन गांवों में नाव चल रही है। सड़क से संपर्क टूट गया है। गांवों का सड़क से संपर्क टूटने से हजारों लोग घरों में फंसे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, बाजार जाने व मरीज को अस्पताल पहुंचाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

## खबरें : एक नजर में

### रालोमो के राहुल कुशवाहा को आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष और भोला शर्मा को मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया



**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक सिंह के आदेशानुसार राहुल कुशवाहा को आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष और भोला शर्मा को मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया है। इन लोगो ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक सिंह का धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है, जिसके लिए वह सदैव आभारी रहेंगे।

### 26 जुलाई को आयोजित एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित

**पटना / एनएसबी।** बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 26 जुलाई, (रविवार) को आयोजित होनी थी। उक्त परीक्षा अपरिहार्य कारण से स्थगित की जाती है। परीक्षा आयोजन की नई तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

### ईवीएम. की चल रही फर्स्ट लेवेल चेकिंग

**पटना / एनएसबी।** बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम. की फर्स्ट लेवेल चेकिंग फुलवारीशरीफ स्थित ईवीएम वेयर हाउस में चल रही है। अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह कार्य ईसीआईएल. के ईंजीनियरों के द्वारा किया जा रहा है। उप चुनाव के ज्यादा से ज्यादा वोटिंग के लिये बीएलओ. जीविका दीदियों एवं आँगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर वोटरों को मतदाता पर्ची दिये जा रहे हैं एवं अधिक-से-अधिक वोटिंग की अपील की जा रही है। जिला स्तरीय स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता के लिये वृहत कार्यक्रम भी बनाये गये हैं। 19 जुलाई को बाँकीपुर विधान सभा अन्तर्गत सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों पर किशोरी समूह एवं युवा मतदाताओं के साथ संवाद, 20 जुलाई को 'अपने बूथ को जाने' कार्यक्रम, 21 जुलाई को परिवार सम्पर्क दिवस के तहत प्रत्येक परिवार को मतदान का संदेश देना, 22 जुलाई को आईसीडीएस. कर्मियों की स्कूटी रैली, 23 जुलाई को जीविका, आशा, आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के साथ परिचर्चा, 24 जुलाई को सार्वजनिक स्थलों पर हस्ताक्षर अभियान, 25 जुलाई को 'बूथ चले अभियान' के तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिये मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एवं 26 जुलाई को समाहरणालय परिसर में चौपाल कार्यक्रम के तहत संध्याकालीन रंगोली एवं मतदान के लिये शपथ का कार्यक्रम आयोजित होगा।

---

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान केवल उनकी सफलता का अभिनंदन नहीं, बल्कि पूरे समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास है : मिथिलेश तिवारी

# बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के मेधावी छात्र सम्मान समारोह में हजारों छात्र छात्राएं सम्मानित

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शनिवार को रवीन्द्र परिषद, पटना में राज्य के विभिन्न विद्यालयों के बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य टॉपर स्टूडेंट्स ऑनर सेरेमनी 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, समाज एवं जनप्रतिनिधित्व से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, युवा एवं खेल तथा उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह, विधायक संजय कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार तथा पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डा. के सी सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन में एसोसिएशन के अध्यक्ष डा डी. के सिंह, डा एस एम सोहैल, विजय कुमार सिंह, परशुराम सिंह, प्रेम रंजन, उदय कुमार सिंह, श्रीमती बी प्रियम एवं मनन सिन्हा भी सम्मिलित रहे।





कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, विधायक संजय कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष परशुराम सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों, विद्यालय परिवारों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान केवल उनकी सफलता का अभिनंदन नहीं, बल्कि पूरे समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास है। बिहार के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहे हैं। राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. डी. के सिंह ने कहा कि संस्था वर्षो से शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के प्रोत्साहन एवं निजी विद्यालयों के समग्र विकास के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति विश्वास को और मजबूत करता है।

उपाध्यक्ष परशुराम सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में असीम संभावनाएँ होती हैं। उचित मार्गदर्शन, प्रेरणा और अवसर मिलने पर वे देश और समाज का गौरव बन सकते हैं।

सचिव प्रेम रंजन ने कहा कि यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन भविष्य में भी शिक्षा, नवाचार और छात्र हित से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करती रहेगी।

समारोह के दौरान बिहार के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय संचालक, शिक्षाविद्, शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएँ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 22 जुलाई को किसान विरोधी मोदी और सम्राट का पुतला दहन

सेटेलाइट टाउनशिप के खिलाफ किसानों का महा हुंकार

23,24 एवं 25 जुलाई को प्रतारित किसानों का विशाल जत्था बांकीपुर विधानसभा में घर-घर जाकर एन डी ए उम्मीदवार को हराने के लिए जन सम्पर्क अभियान चलाएंगे

एस के एम ने बाँकीपुर उप चुनाव में एनडीए को हराने का लिया सर्वसम्मत फैसला।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक पटना में संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के चिंतन शिविर में सैकड़ों किसान नेताओं ने आज संकल्प लिया है कि बांकीपुर चुनाव में एनडीए उम्मीदवार को भारी मतो से पराजित कर किसान अपने गुस्से का इजहार करेंगे।

किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, अमेरिका महतो,जनक देव सिंह,बैजनाथ सिंह, पशुपतिनाथ सिंह,मो शाहीद कमाल,ईअनिल कुमार, अशोक कुमार सिंह,धर्मेद्र सिंह चौहान,राजेश सिंह,सोमनाथ कुमार,मनीष कुमार,विनोद कुमार सिंह,ओम प्रकाश सिंह,अंजनी कुमार,बृजेश राय,अश्वनी चौबे,मुन्ना तिवारी,सुरेश मिश्रा, शिव शंकर सिंह,जितेन्द्र प्रसाद आर्य,डॉ विनय सिंह, गोपाल शर्मा, मोहन मुरारी,दीपक कुमार,ओम प्रकाश सिंह,रमेश कुमार, संजय कुमार सिंहा,सिद्धनाथ सिंह एवं प्रमोद कुमार आदि ने चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए अपना विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किसान नेता देव कुमार जी ने किसानों एवं खेतिहरों को ललकारते हुए संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया।



किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के चिंतन शिविर में किसान नेता।

अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ 22 जुलाई को देशव्यापी मोदी का पुतला दहन,बिहार में मोदी और सम्राट दोनों का होगा पुतला दहन। सेटेलाइट टाउनशिप के बदले प्रवासी बिहारियों को वापस लाने के लिए बिहार में कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग का विकास एवं विस्तार हो। यदि सरकार की नियत बिहार का विकास होता तो बाढ-सुखाड़ का स्थाई निदान,गाँव-गाँव में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन की बेहतर सुविधा एवं रोजगार की गारंटी होता। बिहार को सेटेलाइट टाउनशिप नही, स्मार्ट गाँव चाहिए। दुर्भाग्य से विकास का शब्दजाल में बिहारियों को फंसाकर हमारे पुरखों की वपौती खेत को हमसे छीन कर सरकार अपने कर्पोरेट्स मित्रों को सौपना चाहती है।

अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा संपूर्ण भारत में मोदी का पुतला जलाने के आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चा बिहार में 22 जुलाई को हम मोदी एवं सम्राट चौधरी दोनों का पुतला दहन करेंगे एवं बांकीपुर चुनाव से सम्राट चौधरी के उम्मीदवार का जमानत जप्त करा कर किसान अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे।

बिहार में सेटलाइट टाउनशिप,भारतमाला सड़क परियोजना,चौसा थर्मल पावर,रेलवे विस्तारीकरण, पिपराकोठी में वाटर पार्क और प्रस्तावित परमाणु बिजली घर बांका के नाम पर लगभग 5 लाख एकड़ हमारी उपजाऊभूमि से किसानों को जबरन बेदखल करने के खिलाफ उठे विवाद एक समान संदेश देते हैं कि विकास और लोकतंत्र के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी जनविश्वास है।

## साइबर अपराध एवं बैंक फ्रॉड करने वालों की पहचान कर करें कड़ी कार्रवाई : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** साईबर क्राईम, डिजिटल अरेस्ट एवं बैंक फ्रड जैसे अपराध पर प्रभावी रोक के लिये जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने पुलिस विभाग एवं आईटी सेल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीकों का प्रयोग कर साइबर अपराधियों की पहचान करें एवं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को निदेश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत सभी सिम बेचने वालों पर नजर रखें। सिम क्रय-विक्रय में सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों का सख्ती से पालन हो तथा अनधिकृत सिम बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें।

उन्होंने निर्देश दिया कि अब जिलास्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति की बैठक में भी डिजिटल अरेस्ट, बैंक फ्रॉड जैसे अपराध एवं उनके विरूद्ध की गई कार्रवाई को एक एजेंडा के रूप में रखें। उन्होंने कहा कि साइबर क्राईम एवं विभिन्न तरीके से धोखाधड़ी कर अपराधी लोगों की गाढ़ी कमाई लूट लेते हैं। इन पर अंकुश लगाना प्रशासन सबसे प्रमुख काम है। ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई करने का निदेश जिला पदाधिकारी ने पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को दिया।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधीनस्थ कार्यरत साइबर सेल के माध्यम से इस विषय पर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में यह कार्यक्रम स्कूलों-कलेजों में आयोजित किये जायें फिर अन्य सार्वजनिक स्थलों पर। इस अपराध को कम करने में जन-जागरूकता की भूमिका काफी प्रभावी हो सकती है।

हर स्तर पर व्यापक वित्तीय एवं साइबर जागरूकता फैलाई जानी है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मंगलवार को 'साईबर मंगलवार' के रूप में मनाने को कहा। इस दिन विशेष रूप से साईबर क्राइम सम्बंधी जागरूकता अभियान चलायें जायेंगे। सहयोग शिविरों में भी साईबर क्राईम एवं डिजिटल अरेस्ट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी थानों में अब साईबर हेल्प डेस्क भी होगा।

## बिहार में प्रशासनिक सेवाओं के लिए बड़ा कदम : फैकल्टी आदान-प्रदान को लेकर बिपार्ड और प्रधान महालेखाकार में समझौता

तीन साल तक प्रभावी रहेगा समझौता, आपसी सामंजस्य में समझौता नवीनीकरण की गुंजाइश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा और बिहार प्रशासनिक सेवा के साथ अन्य सेवा प्रशिक्षु पदाधिकारियों के लिए फैकल्टी का आदान-प्रदान करने की दिशा में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) एवं बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) के शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। आगामी तीन वर्षो तक प्रभावी रहने वाले इस समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्थान प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में एक दूसरे का सहयोग करेंगे।

बिपार्ड के महानिदेशक डा. श्री बी राजेन्दर एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के प्रधान महालेखाकार संतोष कुमार ने दोनों संस्थानों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य इन दोनों संस्थानों के आपसी सहयोग से प्रशासनिक पदाधिकारी, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला एवं संगोष्ठियों का संयुक्त आयोजन, विषय विशेषज्ञों एवं संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान, सरकारी लेखांकन, वित्तीय नियम, सेवा नियम, पेंशन, जीपीएफ, ई-गवर्नेंस एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ प्रशिक्षण सामग्री, सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों एवं संस्थागत अनुभवों का साझा उपयोग किया जाना है।

साथ ही समझौता में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार प्रशिक्षण कक्ष, आईटी अवसंरचना एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, योग्य अधिकारियों को प्रशिक्षक के रूप में नामित करना, संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण योजना तैयार करना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करना है। दोनों संस्थानों के बीच यह समझौता आगामी तीन वर्ष तक प्रभावी रहेगा और आपसी सहमति से इसका नवीनीकरण भी किया जा सकेगा। दोनों संस्थान गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और विकसित प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग केवल आधिकारिक एवं गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन के बीच दोनों संस्थानों के वरीय पदाधिकारियों ने बिपार्ड के नव निर्मित दक्षता भवन परिसर का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का गहनता से जांच की। इस अवसर पर बिपार्ड के अपर महानिदेशक संजय कुमार के साथ ही दूसरे कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एससी-एसटी आवासीय विद्यालयों की होगी 24 घंटे निगरानी

### कमांड कंट्रोल रूम से जुड़े राज्य के सभी 91 स्कूल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) आवासीय विद्यालयों में सुरक्षा, अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। एससी-एसटी विभाग ने राज्य के सभी 91 आवासीय विद्यालयों को पटना स्थित केंद्रीय कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ते हुए उनकी 24 घंटे अनलाइन निगरानी शुरू कर दी है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से विद्यालयों की गतिविधियों पर अब रियल-टाइम नजर रखी जा सकेगी।

विभाग की ओर से सभी आवासीय विद्यालयों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की लाइव फीड सीधे कमांड कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगी, जहां से विभागीय अधिकारी विद्यालय परिसर, छात्रावास, भोजनालय, प्रवेश-निकास, सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और दैनिक गतिविधियों की लगातार निगरानी करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा संबंधी घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित यह निगरानी प्रणाली विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। कमांड कंट्रोल रूम के माध्यम से विद्यालयों की नियमित मनिटरिंग से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, छात्रावासों की व्यवस्था, साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी प्रभावी समीक्षा की जा सकेगी। इससे विद्यालयों के संचालन में सुधार आएगा और शिकायतों का समाधान में भी मदद मिलेगी।

## नगर आयुक्त ने चांदमारी रोड, बाकरगंज नाला समेत कई स्थलों का किया निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मानसून के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा पटना नगर निगम क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं। इस क्रम में कुछ स्थलों पर सड़क की खुदाई की जा रही है जिससे न केवल जलजमाव की संभावना है बल्कि दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। आम जन से लेकर निगम की अन्य टीमों से मिल रही रिपोर्ट के आलोक में नगर आयुक्त द्वारा शनिवार को विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए।



मानसून तैयारियों की समीक्षा, संबंधित एजेंसियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश।

चांदमारी रोड, तारकेश्वर पथ एवं लिंक रोड के निरीक्षण के दौरान लगभग 300 मीटर सड़क खुदी हुई पाई गई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि बिजली केबल बिछाने के लिए संवेदक द्वारा सड़क की खुदाई की गई है। नगर आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शनिवार रात्रि तक गड्ढों को भरकर सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाए।

बाकरगंज नाले में जल प्रवाह की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। वर्षा के दौरान निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीम तैनात कर प्रतिदिन फ्लोटिंग कचरे की सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

मीठापुर क्षेत्र में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर आयुक्त ने बिहार पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता को वर्धमान लाइन में 130 मीटर तथा इसके सामने वाली लेन में 230 मीटर लंबी एचजीडी पाइप लगाने के निर्देश दिये।

आगामी विधानसभा मानसून सत्र के दौरान वर्षा की स्थिति में सुगम जलनिकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विधानसभा परिसर में सुपर सकर मशीन एवं आवश्यकतानुसार पंप सेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त परिसर में बुडको द्वारा 83 एचपी क्षमता के पंप भी अधिष्ठापित किए गए हैं। नगर आयुक्त ने परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं जलनिकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान पटना नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, बिहार पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग विद्युत प्रमंडल-1 के कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के महाप्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

खबरें खास-खास

## विद्यालय परिसर में बच्चों से बेंच ढुलवाने के मामले में दो शिक्षिकाएं निलंबित

शिक्षा मंत्री के निर्देश पर मांगा गया था स्पष्टीकरण

संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर की गई कार्रवाई

### अररिया के फारबिसगंज प्रखंड के खजूरबाड़ी प्राथमिक विद्यालय का मामला

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अररिया के फारबिसगंज प्रखंड के वार्ड संख्या 10 स्थित प्राथमिक विद्यालय, खजूरबाड़ी की विशिष्ट शिक्षिका अफसाना परवीन और प्रधान शिक्षिका नीलिमा पाठक को शनिवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबित की गईं दोनों शिक्षिकाओं के खिलाफ अलग-अलग आरोप पत्र जारी किया जाएगा। शिक्षिका अफसाना पर विद्यालय परिसर में जलजमाव के बीच बच्चों से बेंच ढुलवाने और उस पर सवार होकर विद्यालय में प्रवेश करने का आरोप है। मामला संज्ञान में आने के बाद शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय ने 16 जुलाई को विशिष्ट शिक्षिका अफसाना परवीन और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका होने के नाते प्रधान शिक्षिका नीलिमा पाठक से स्पष्टीकरण मांगा था। दोनों शिक्षिकाओं ने 17 जुलाई को स्पष्टीकरण का जवाब दिया जिसे जांच में असंतोषजनक पाया गया।

जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि दोनों का कृत्य लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, विभागीय निर्देशों की अवहेलना तथा सरकारी सेवक के आचरण के प्रतिकूल है। साथ ही यह बच्चों के अधिकारों एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2011 के प्रावधानों के भी विपरीत है। इसी आधार पर बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत विशिष्ट शिक्षिका अफसाना प्रवीण और प्रधान शिक्षिका नीलिमा पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, फारबिसगंज निर्धारित किया गया है।

## रेखा गुप्ता ने वार्ड नंबर 42 में चलाया जन संपर्क अभियान

**पटना / एनएसबी।** महागठबंधन प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने वार्ड नंबर 42 में चलाया जन संपर्क अभियान चलाया। राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रणविजय साहू विनय कहा की रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी बनाने से पूरे जनता में खासकर व्यवसाय वर्गो में भारी उत्साह है। आज चुनाव प्रचार के दौरान जनता दल के महासचिव भाई अरुण ने कहा कि आज बकीपुर की जनता अपने आप को उत्साहित महसूस कर रही है क्योंकि रेखा गुप्ता एक अति पिछड़ा वर्ग के महिला हैं । रेखा गुप्ता आज वार्ड नंबर 42 के लंगर टोली नाला रोड दरियापुर धोबी टोला पटना का कलेजियट वार्ड नंबर 15 योग्यि टोली बधान राजपूताना लक्ष्मी मार्केट आदि मोहल्ले में जनसंपर्क अभियान चलाया । जनसंपर्क अभियान चलाने वाले लोगों में संजय साहनी गुड्डू यादव रंजय यादव रंजन यादव दिनेश पासवान शामिल थे



महागठबंधन प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने वार्ड नंबर 42 में चलाया जन संपर्क अभियान चलाया।

## बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी के विजय सुनिश्चित करने के लिये पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने चलाया अभियान

**पटना/ एनएसबी।** पटना के डाकबंगला रोड स्थित मारवाड़ी आवास में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के प्रचंड विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपनी सहभागिता की। इस बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की भूमिका एवं जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करने के उपरांत पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बंदर बगीचा स्थित संतोष अपार्टमेंट एवं मौर्य कम्प्लेक्स में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मंत्री श्री गुप्ता ने स्थानीय नागरिकों, व्यवसायियों एवं सम्मानित मतदाताओं से आत्मीय संवाद कर उनसे आगामी उपचुनाव में कमल छाप पर अपना बहुमुल्य मत देकर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता का उत्साह, ह और भरपूर समर्थन यह विश्वास दिलाता है कि बांकीपुर विधानसभा में एनडीए ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि भारत देश के पीएम नरेंद्र मोदी देशवासियों के लिए हितकारी कार्य करते है एवं सदैव हित के लिए सोचते है एवं बिहार के सीएम सम्राट चौधरी के अगुवाई में प्रदेश में चौतरफा विकासात्मक कार्य के साथ अन्य जनहितकारी व जनउपयोगी कार्य हो रही हैं।



पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता जनसंपर्क अभियान चलाते हुए।

## नए राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के तैनाती की कार्रवाई शुरू

### प्रत्येक कॉलेज में 32 शिक्षक और 12 कर्मियों की होगी तैनाती

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में खोले गए 211 नए राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इस माह के अंत तक शिक्षकों की नियुक्ति करने की प्रक्रिया पूरी कर लेने की संभावना है। विदित हो कि राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के तहत डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में नए महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया था। ताकि छात्र-छात्राओं को उनके घर के पास ही उच्च शिक्षा मिल सके। इसको लेकर राज्य सरकार ने दो दिन पूर्व बिहार के 211 प्रखंडों में नए राजकीय महाविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कर दिया। इन सभी महाविद्यालयों में प्रथम चरण में 6 विषयों की पढ़ाई शुरू की गई है। राज्य सरकार प्रत्येक नए डिग्री कलेज में 1 प्राचार्य, 32 शिक्षक और 12 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का पद सृजित की है। शिक्षकों के रिक्तपदों को भरने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उच्च शिक्षा विभाग की माने तो इस माह के अंत तक नियुक्ति की प्रकिया पूरी हो जाने की संभावना है। राज्य के सभी 211 नए डिग्री कलेजों में इंफ्रास्ट्र र उपलब्ध करा दिए गए हैं। सरकार राज्य के विद्यार्थियों को घर के पास ही बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिससे कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और सभी को उच्च शिक्षा मिल सके।

## राजस्थान के एमपीयूएटी के फार्म मशीनरी टेस्टिंग सेंटर का बिहार के कृषि मंत्री ने किया भ्रमण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को राजस्थान के उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के फार्म मशीनरी टेस्टिंग सेंटर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध आधुनिक परीक्षण सुविधाओं एवं कृषि यंत्रों के परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री ने विशेषज्ञों से विभिन्न कृषि यंत्रों के प्रदर्शन, परीक्षण मानकों एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण केवल मशीनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों तक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उच्च कार्यक्षमता वाले षि यंत्र पहुंचाना भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए वैज्ञानिक परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन की सुदृढ़ व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त खबरें

### डरहार में चोरी की घटना के पीड़ित परिवारों से मिले मंत्री मदन सहनी, शीघ्र गिरफ्तारी का दिया निर्देश



**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार के माननीय मंत्री मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग मदन सहनी ने बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत डरहार गाँव में विगत दिनों हुई चोरी की घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने डॉ. पवन मिश्रा एवं सुमन कुमार चौधरी के आवास पर पहुंचकर परिजनों से भेंट की तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मौके से ही दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर बातचीत कर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि अजय चौधरी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, डॉ आनंद प्रकाश झा, प्रभाकर चौधरी, अवधेश झा मुन्ना,सुशील सिंह,कल्पना झा,सहित पंचायत के अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### पागल कुत्ता को काटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल

**जाले (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में पागल कुत्ते का आतंक फैला हुआ है जिसने अबतक दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर दिया है।सभी जाले रेफरल अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज की सूई लगा रहें हैं।इनमें कछुआ पंचायत के मलिकपुर, राढ़ी पश्चिमी पंचायत के पकटोला, दोघरा और जाले बाजार में एक पागल कुत्ते का आतंक मचा हुआ है।कुत्ते के हमले में अबतक 10 बच्चे समेत कुल 16 लोग घायल हुए हैं,घटना के बाद प्रभावित गांवों में दहशत का माहौल है, सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाले में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज वैक्सीन दी गई है। सीएचसी से मिली जानकारी के अनुसार मलिकपुर गांव के चार वर्षीय अनुष्का कुमारी, सात वर्षीय शबनम परवीन, तीन वर्षीय दिव्यांशी कुमारी, तीन वर्षीय अश्रिस्टि कुमारी तथा 39 वर्षीय देवेंद्र सहनी कुत्ते के हमले में घायल हुए,वहीं दोघरा गांव के सात वर्षीय हबीबा नाज, सात वर्षीय उमैर, छह वर्षीय अब्दुल मन्नान, 10 वर्षीय हफीक नईम, चार वर्षीय मो. आहिल तथा 37 वर्षीय अर्चना देवी को भी कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया है।पकटोला गांव के 65 वर्षीय इंद्रनाथ ठाकुर और 98 वर्षीय हसीना भी कुत्ते के हमले का शिकार हुए हैं, इसके अलावा जाले निवासी संतोष कुमारी एवं 12 वर्षीय हिमांशु कुमार भी घायल हुए हैं।

### जनसंख्या वृद्धि पर हुआ वाद-विवाद, छात्राओं ने रखे पक्ष-विपक्ष में तर्क

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा के निर्देश पर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बेनीपुर में मंगलवार को "जनसंख्या वृद्धि - वरदान या अभिषाप" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में गठित विधिक साक्षरता क्लब के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने की। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विषय के दोनों पक्षों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए। वाद-विवाद में छात्रा दिव्या कुमारी, अंजलि कुमारी, मीना कुमारी, सोनी कुमारी, अंशू कुमारी एवं चांदनी कुमारी ने मुख्य रूप से भाग लिया। वक्ताओं ने जनसंख्या वृद्धि के कारण संसाधनों पर दबाव, बेरोजगारी, शिक्षा-स्वास्थ्य पर प्रभाव के साथ-साथ युवा शक्ति और विकास में जनसंख्या की सकारात्मक भूमिका पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा नवीं की 80 एवं ग्यारहवीं की 4 छात्राएं उपस्थित रहीं। इस दौरान प्रधानाचार्य अजहर जमाल नकवी, विधिक साक्षरता क्लब के प्रभारी शिक्षक डा. गुलाम रब्बानी खान, शिक्षक पवन पासवान तथा पीएलवी सीमा कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और जागरूकता के लिए विद्यालय स्तर पर इस तरह की गतिविधियां आवश्यक हैं। उन्होंने छात्राओं को कानूनी अधिकारों और सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक किया।

### टैक्सी से घर आ रहा युवक सड़क किनारे बेहोश मिला, अस्पताल में भर्ती

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को धरौड़ा चौक के समीप सड़क किनारे एक युवक को बेहोशी की अवस्था में पड़ा पाया। पुलिस ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के सनकन्हैय गांव निवासी स्व. नसीरूद्दीन के 32 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अकलीउद्दीन के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि अकलीउद्दीन मुंबई से पवन एक्सप्रेस ट्रेन से घर आ रहा था। दरभंगा जंक्शन पर उतरने के बाद घर पर बातचीत हुई थी। इसके बाद उसने घर आने के लिए एक प्राइवेट टेक्सी रिजर्व की, लेकिन कुछ देर बाद उससे संपर्क टूट गया।शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि धरौड़ा चौक के पास एक युवक बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंची बहेड़ा थाना पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि युवक की हालत में सुधार हो रहा है और देर शाम तक उसे पूरी तरह होश आ जाने की उम्मीद है। परिजनों का आरोप है कि युवक के पास से मोबाइल सहित सभी सामान गायब हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उत्तराधिकार, बटवारा, म्यूटेशन, भूमि मापी एवं सरकारी भूमि चिन्हांकन में तेजी लाने का दिए निर्देश

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ राजस्व कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तराधिकार म्यूटेशन, बटवारा, परिमार्जन, भूमि मापी, सरकारी भूमि चिन्हांकन एवं पर्चा वितरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त उत्तराधिकार म्यूटेशन एवं बटवारा संबंधी सभी आवेदनों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका निष्पादन किया जाए।जिलाधिकारी ने सभी डीसीएलआर एवं अंचलाधिकारियों को सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर पात्र लाभुकों के लिए पर्चा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के अवसर पर पर्चा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी अंचलाधिकारी 31 जुलाई तक कम-से-कम 2000 पर्चे तैयार कर लेना सुनिश्चित करें,ताकि समय पर वितरण किया जा सके। बैठक में परिमार्जन, रिवर्ट बैक एवं म्यूटेशन से संबंधित लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन आवेदनों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी है, उन मामलों में संबंधित रैयतों से संपर्क स्थापित कर आवश्यक अभिलेख प्राप्त किए जाएं तथा आवेदन का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। भूमि मापी कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इसमें और अधिक तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अमीन को प्रतिदिन दो से तीन भूमि मापी मामलों में आदेश निर्गत कराने की दिशा में कार्य करना होगा, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने राशन कार्ड निर्माण अभियान एवं टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दोनों अभियानों में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त स्वप्निल, अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 191.11 वर्ग किमी तो मिथिला ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप का क्षेत्रफल लगभग 17,400 एकड़ निर्धारित

## जिला योजना क्षेत्र में 146 ग्राम तो मिथिला टाउनशिप में 102 राजस्व ग्राम को किया गया है शामिल

**जीआईएस आधारित मास्टर प्लान स्टेज-पांच की समीक्षा एवं सुझाव बैठक आयोजित**



बैठक में सांसद, विधायक, कमिश्नर,डीएम एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे जी आई एस बेस्ड मास्टर प्लान स्टेज पांच ड्राफ्ट मास्टर प्लान के संबंध में समीक्षा एवं सुझाव बैठक का आयोजन आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल सह अध्यक्ष, दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में किया गया। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधायक केवटी डॉ.मुरारी मोहन झा, विधायक दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल, महापौर अंजुम आरा, उप महापौर नाजिया हसन, जिलाधिकारी सह उपाध्यक्ष, दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी , सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं विभिन्न स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सह उपाध्यक्ष, दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार कौशल कुमार ने कहा कि बिहार शहरी आयोजना एवं विकास नियमावली, 2014 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत दरभंगा नगर निगम एवं उसके आसपास के महत्वपूर्ण ग्रामीण एवं संभावित शहरी क्षेत्रों के समेकित, संतुलित एवं सुनियोजित विकास के लिए अगले 20 वर्षों अथवा उससे अधिक अवधि को ध्यान में रखते हुए जी आई एस आधारित मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। दरभंगा का योजनाबद्ध एवं समावेशी विकास जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख विकास क्षेत्रों को मास्टर प्लान में शामिल किया जा रहा है। वर्ष 2019 में दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र की अधिसूचना जारी की गई थी। मास्टर प्लान तैयार करने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा टीचमेच इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया गया है।

दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र मे कुल क्षेत्रफल 191.11 वर्ग किलोमीटर,कुल प्रखंड 05 दरभंगा, केवटी रनवे, बहादुरपुर, हनुमाननगर, हायाघाट कुल राजस्व ग्राम 186,नगर निकाय 01 दरभंगा नगर निगम को शामिल किया गया है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र 171.28 वर्ग किमी शहरी क्षेत्र 19.83 वर्ग किमी, कुल आबादी 6,13,361 जिसमें शहरी आबादी 2,66,439 शामिल है। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित मिथिला ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप का कुल क्षेत्रफल लगभग 17,400 एकड़ है, जिसमें 102 राजस्व ग्राम शामिल किए गए हैं। इनमे बहादुरपुर प्रखंड के 19 ग्राम, दरभंगा सदर के 57 ग्राम, केवटी रनवे के 26 ग्राम शामिल हैं, जबकि कोर एरिया लगभग 1,600 एकड़ निर्धारित किया गया है। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों से प्रस्तावित विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, सार्वजनिक सुविधाओं, परिवहन, जलापूर्ति, सीवरेज, आवास, हरित क्षेत्र, सामाजिक अवसंरचना तथा भविष्य की योजनाओं के संबंध में सुझाव प्राप्त करना है, ताकि मास्टर प्लान अधिक व्यवहारिक एवं जनहितकारी बन सके। वहीं आयुक्त सह अध्यक्ष हिमांशु कुमार राय ने कहा कि आने वाले वर्षों में बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण तथा आधारभूत संरचना की आवश्यकताओं को देखते हुए योजनाबद्ध, वैज्ञानिक एवं दूरदर्शी विकास अनिवार्य है। बिहार नगर आयोजना एवं विकास अधिनियम, 2012 के तहत गठित दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए समग्र विकास की साझा कार्ययोजना तैयार कर रहा है। दरभंगा एयरपोर्ट के विस्तार से यातायात, लॉजिस्टिक्स, व्यापार, औद्योगिक गतिविधियों एवं शहरी विकास की व्यापक संभावनाएं उत्पन्न हो रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क, सार्वजनिक परिवहन, पार्किंग, आवास, जलापूर्ति, सीवरेज, हरित क्षेत्र, औद्योगिक विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक अवसंरचना को मास्टर प्लान में समाहित किया जाना आवश्यक है।

# चौक-चौराहों पर असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखें: एसएसपी



बहेड़ा थाना मे बैठक करते एसएसपी।

**बेनीपुर (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने शनिवार को बहेड़ा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इससे पहले थाना परिसर में गार्ड आफ आनर दिया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में संधारित विभिन्न पंजियों की बारीकी से जांच की और लंबित कार्यों के शीघ्र निपटारे को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने आगंतुक पंजी, केस डिस्पोजल पंजी, दैनिकी पंजी, ओ.डी. पंजी, गुंडा पंजी, अपराध अनुसंधान पंजी, हाजत पंजी, गिरफ्तारी पंजी, पीसी रजिस्टर एवं केस डायरी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। एसपी ने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।विधि व्यवस्था संधारण को लेकर भी पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। पीसी की समीक्षा में समन, बी.डब्ल्यू, एन.बी.डब्ल्यू, इश्तिहार और कुर्की पंजी की जांच की गई। उन्होंने समन, बी.डब्ल्यू, एन.बी.डब्ल्यू की प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर तामिला तथा इश्तिहार और कुर्की की प्राप्ति के 3 दिनों के अंदर तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। थाना परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव बेहतर रखने, हाजत की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने, से संबंधित कार्यों में तेजी लाने और माननीय न्यायालय में समय पर केस डायरी भेजने के निर्देश दिए गए। एसपी ने थाना क्षेत्र के स्कूलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखने तथा अपराधों की रोकथाम के लिए सतत कार्रवाई करने को भी कहा।इस मौके पर ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा, थानाध्यक्ष पंकज कुमार, प्रवेक्षी पदाधिकारी संतोष कुमार मंडल सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 2030 तक कुत्तों से होने वाली मानव रेबीज मृत्यु को शून्य करने को लेकर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**दरभंगा (एनएसबी)।** एसोसिएशन फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ रेबीज इन इंडिया का वार्षिक दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एपीसी आर आइकॉन-2026 का आयोजन होटल गार्सिया इंटरनेशनल में किया गया। सम्मेलन का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभाग, दरभंगा मेडिकल कॉलेज द्वारा वन हेल्थ एप्रोच एलिमिनेशन थ्रू वैक्सीनेशन विषय पर किया गया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से लगभग 250 सामुदायिक चिकित्सा विशेषज्ञ, चिकित्सक, पशु चिकित्सक, सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक, शोधकर्ता, नीति-निमार्ता तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 2030 तक कुत्तों से होने वाली मानव रेबीज मृत्यु को शून्य करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने हेतु वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है। दो-दिवसीय वैज्ञानिक कार्यक्रम के पहले दिन में लुईस पेस्तचरे ओरेशन ने मुख्य व्याख्यान, विशेषज्ञ पैनल चर्चा, शोध-पत्र एवं पोस्टर प्रस्तुतिकरण तथा रेबीज की रोकथाम, निगरानी, प्रयोगशाला निदान, टीकाकरण, मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, पशु टीकाकरण, वन हेल्थ सहयोग एवं नवीन अनुसंधान विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

# बहेड़ी थाने के भ्रष्टाचार के खिलाफ चिंटू सिंह का आमरण अनशन 5वें दिन भी जारी




आमरण अनशन पर बैठे चिंटू सिंह।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और आम जनता के उत्पीड़न के खिलाफ चल रहा सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र नाथ सिंह 'चिंटू सिंह' का आमरण अनशन पांचवें दिन भी वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लहेरियासराय के समीप जारी है। अनशन को 120 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से कोई वरिष्ठ पदाधिकारी अनशन स्थल पर नहीं पहुंचा। शनिवार को बहादुरपुर पी एच सी की मेडिकल टीम अनशन स्थल पर पहुंची और अनशनकारी श्री सिंह के स्वास्थ्य की जांच कर हालचाल लिया। टीम ने स्थिति सामान्य बताई, लेकिन उसके बाद से अनशनकारी को पीने के पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। श्री सिंह ने शपथ पत्र देकर बहेड़ी थानाध्यक्ष सूरज गुप्ता और अवर निरीक्षक रौशन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि थाने में पीड़ितों की शिकायतें दबा दी जाती हैं, संज्ञेय अपराधों में प्राथमिकी दर्ज करने में जानबूझकर विलंब किया जाता है, सरकारी काम के नाम पर अवैध वसूली होती है तथा आपराधिक तत्वों को संरक्षण दिया जाता है। मिथिला विकास संगठन के संस्थापक विकाश फूल ने कहा शनिवार को ग्रामीण साक्षी कुमारी के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारी अनशन स्थल पहुंचे और निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराने का प्रयास किया। इसके बाद एस पी कार्यालय में सार्थक वार्ता भी हुई मगर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जिसके कारण अनशन चलता रहा। समाजसेवी कालीचरण यादव एवं चिंटू सिंह ने स्पष्ट किया पहले आप अनशन स्थल पर आइए। बहेड़ी के थानाध्यक्ष को तत्काल निलंबित कीजिए। सभी मांगों पर जांच शुरू कीजिए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, यह अनशन जारी रहेगा।मौके पर एम वी एस संस्थापक विकाश फूल, समाजसेवी कालीचरण यादव, मुकेश कुशवाहा, सोनू सिंह, मनीष कुमार, कृष्ण कुमार, अशोक सिंह, अनिकेत कुमार अंशु बीजेपी प्रवक्ता समस्तीपुर, नासिर हुसैन सहित और सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा आयोजना क्षेत्र का हो विस्तार



**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला आयोजना क्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे जी आई एस बेस्ड मास्टर प्लान स्टेज पांच ड्राफ्ट मास्टर प्लान के संबंध में समीक्षा एवं सुझाव बैठक के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उप महापौर नाजिया हसन ने नगर निगम क्षेत्र के विस्तार हेतु सुझाव दिया। महापौर अंजुम आरा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में किसी भी परियोजना के क्रियान्वयन से नगर निगम को जानकारी दी जाए, ताकि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित हो तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। विधायक केवटी मुरारी मोहन झा ने आयोजना क्षेत्र के विस्तार का सुझाव दिया। विधायक दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल ने जिले में चल रही विकास योजनाओं के लिए जिला प्रशासन की सराहना करते हुए सड़कों को मोटरेबल बनाने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल दिया। सांसद दरभंगा डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने औद्योगिक क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन तथा आधुनिक शहरी अवसंरचना को मास्टर प्लान में प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। बैठक में सभी विभागों एवं संबंधित स्टेकहोल्डर्स द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर जी आई एस आधारित ड्राफ्ट मास्टर प्लान को और अधिक व्यवहारिक, समावेशी एवं भविष्य उन्मुख बनाने पर सहमति व्यक्त की गई। धन्यवाद ज्ञापन नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

### ट्रैफिक चालान से संबंधित सुलहयोग्य मामलों का निपटारा अब स्थायी लोक अदालत करेगी



**दरभंगा (एनएसबी)।** पटना उच्च न्यायालय द्वारा 23 जून 2026 को पारित निर्णय के आलोक में ट्रैफिक चालान से संबंधित सुलहयोग्य मामलों का निपटारा अब जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय स्थित स्थायी लोक अदालत द्वारा की जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधीन कार्यरत स्थायी लोक अदालत द्वारा यातायात चालानों से संबंधित मामलों पर और निपटारा किया जायेगा। यातायात चालान मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए यह नई ब्यवस्था की गई है।संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारी, यातायात पुलिस और वाहन हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित किया जायेगा।पटना उच्च न्यायालय के उक्त निर्णय का त्वरित संज्ञान लिया।उक्त आशय के संदर्भ में शनिवार को मध्यस्थता भवन में स्थायी लोक अदालत के पीठासीन पदाधिकारी की अध्यक्षता और प्राधिकार का सचिव आरती कुमारी के संचालन में एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में मौजूद ट्रैफिक डीएसपी प्रकाश कुमार, एडीटीओ रवि आर्या और एमभीआई सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी के साथ पटना उच्च न्यायालय के पारित आदेश के आलोक में इसके त्वरित कार्यान्वयन और कार्य निष्पादन के बिन्दू पर गहन विमर्श किया गया।

### अलीनगर अंचल कार्यालय में स्थानांतरित अंचलाधिकारी सहित पांच कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**अलीनगर (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय अलीनगर में स्थानांतरित अंचलाधिकारी कुमार शिवम सहित पांच अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शनिवार को आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान अंचलाधिकारी कुमार शिवम के अलावा राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार, सुजीत कुमार, कुमुद रंजन एवं संतोष कुमार यादव को मिथिला की पारंपरिक पाग, अंगवस्त्र, पुष्पमाला तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सभी स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए कार्यालय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सरल, सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार ने सहकर्मियों और आम लोगों के बीच विशेष पहचान बनाई। अपने संबोधन में अंचलाधिकारी कुमार शिवम ने अलीनगर में मिले स्नेह, सहयोग और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### गोली काण्ड के फरार नामजद के घर डुगडुगी बजवाकर इश्तिहार चस्पाया

कमतौल थाना कांड संख्या 25/26 के फरार अभियुक्त रघौली गांव निवासी श्याम किशोर ठाकुर के पुत्र अविनाश ठाकुर के आवास पर कमतौल थाना के अपर थानाध्यक्ष सह कांड के अनुसंधानक अनि राहुल कुमार ने बिस्फी पुलिस के सहयोग से ,दरभंगा न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार को, डुगडुगी बजवा कर शनिवार को चस्पाया है ।उनपर 1 फरवरी 2026 की रात्रि कमतौल निवासी हरि शंकर शर्मा उर्फ विजुली ठाकुर की हत्या का आरोप है ।इस मामले में अन्य अभियुक्त दरभंगा जेल में बंद है ।फरार अविनाश की गिरफ्तारी नहीं हुई तो न्यायालय के आदेश से कुर्कीजपती की कार्रवाई के पूर्व इस्तेहार चिपकाई गई है ।

## संक्षिप्त खबरें

### थाने के एक कमरे में फंदे से लटका मिला पुलिस कर्मी का शव



**मोहिउद्दीन नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह सनसनी फैल गई जब थाना भवन की तीसरी मंजिल पर स्थित एक कमरे में डायल-112 में तैनात सहायक अवर निरीक्षक (अरक) बबलू कुमार प्रसाद का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई। फिलहाल पुलिस आत्महत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तीसरी मंजिल पर स्थित एक खाली कमरे में एएसआई बबलू कुमार प्रसाद का शव फंदे से लटका देखा। यह दृश्य देखते ही पुलिस कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी और वरीय अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू किया। घटना के बाद पूरे थाना परिसर को सुरक्षा के लिहाज से घेर लिया गया और आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया।

### सर्प दंश से बालक की मौत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के घटहो थाना अंतर्गत मनियारपुर पंचायत स्थित प्यारेपुर गांव में सांप के डसने से शुक्रवार को एक बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के वार्ड पाँच निवासी नीतीश कुमार के तीन साल का पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई है। बताया गया है की उक्त बालक अपने दरवाजे पर खेल रहा था, तभी जहरीले सांप ने डस लिया। जिससे बालक की स्थिति बिगड़ने लगी। जानकारी मिलते ही परिजन उपचार के लिए डाक्टर के यहां ले जा रहे थे की रास्ते में ही बालक ने दम तोड़ दिया। बालक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पुलिस ने मृत बालक को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौप दिया है। मृतक के माता पिता एवं परिजनों के चीत्कार से गांव में मातम छाया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे जनप्रतिनिधि और शुभचिंतक पीड़ित परिवार को ढाढ़स बढ़ाने में लगे है। वही गांव में मातम छाया है।

### अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित, तीनों मामलों का मौके पर हुआ निष्पादन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं एएसआई रविन्द्र कुमार की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि एवं राजस्व से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार के दौरान कुल तीन मामले प्राप्त हुए। संबंधित पक्षों की बात सुनने के बाद सभी मामलों का आवश्यक जांच-पड़ताल एवं आपसी सहमति के आधार पर मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित फरियादी मौजूद थे।



### भीषण बाइक टक्कर में दो युवकों की मौत, दो जख्मी

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** सीमावर्ती रसीदपुर स्थित एनएच-28 पर हनुमान मंदिर के निकट दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भीषण टक्कर में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल एक युवती और एक युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। इस मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार महनौया निवासी उमेश साह की पुत्री जुली कुमारी (20) और पगड़ा निवासी राम उदगार राय के पुत्र गौतम कुमार (32) गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों का प्राथमिक उपचार अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया और उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केन्द्रों में रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान पगड़ा निवासी पप्पू राम के पुत्र विरजू कुमार (30) और महनैया निवासी शंकर झा के पुत्र भोला झा (22) के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल लोगों को उठाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। अनुमंडलीय अस्पताल में दुर्घटना की प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज की गई जिसके बाद पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शौन्डिक संघ ने किया बृक्षारोपण

**दलसिंहसराय (एनएसबी)** शौन्डिक संघ की ओर से शान्ति नायक दातव्य अस्पताल परिसर में बृक्षारोपण किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष हरेन्द्र पंजियार, महासचिव राज कुमार, पूर्वे बीरेंद्र राउत, अनुराग राउत, अनिल नायक, सुशील खां, प्रशांत मंडल सत्य प्रकाश नायक, अभिषेक इंदीवर सहित समाज के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की दी गई जानकारी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में शनिवार को शिक्षा विभाग के सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सही तरीके से हाथ धोने की विधि, व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा कचरे के उचित प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधान शिक्षक मो० मेराज के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने, स्वच्छ वस्त्र पहनने, नाखूनों की सफाई रखने तथा गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने जैसी आदतें उन्हें अनेक संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखती हैं। विद्यार्थियों से विद्यालय परिसर और अपने घर के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका नकहत सबा, सुषमा कुमारी, सुमैया अहमदी तथा शिक्षक अरविंद कुमार, मृत्युंजय कुमार, मंजूर आलम, मो० इकराम हुसैन, विजय कुमार एवं मनोज कुमार उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों को स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाते हुए स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।



### बेलसंडी के अंकित की नीट में सफलता से परिवार और क्षेत्र गौरवान्वित



**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलसंडी गांव निवासी अंकित कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंकित ने परीक्षा में 576 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। उन्हें ऑल इंडिया रैंक (अक्रु) 19889 तथा ओबीसी श्रेणी में 9462वीं रैंक प्राप्त हुआ है। अंकित, के पिता रविंद्र कुमार रवि पेशे से संवेदक हैं, जबकि माता किरण कुमारी आंगनबाड़ी सेविका हैं। उन्होंने अंकित की इस उपलब्धि को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और माता-पिता के निरंतर सहयोग का परिणाम बताया है। अंकित के सफलता की खबर मिलने पर विधायक राजकुमार राय, वरिष्ठ नेता रामनारायण मंडल, पैक्स अध्यक्ष जीवछ कुमार राय, संवेदक मनोज कुमार यादव,जदयू नेता विजय यादव, पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता सर्वोत्तम कुमार सरकार, समाजसेवी राजेश कुमार राकेश, अवधेश कुमार यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने अंकित और उनके परिवार को बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि अंकित आगे चलकर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।

# 'मॉडर्न' विवाद गहराया, ए कुमार ने प्रेसवार्ता कर आरोपों को बताया निराधार

## कहा छवि बिगाड़ने की है साजिश, हो निष्पक्ष जांच

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर में कोचिंग दो संस्थानों के बीच चल रहा विवाद अब खुलकर सामने आने लगा है। इस कड़ी में शहर के मॉडर्न साइंस कोचिंग से जुड़ा मामला इन दिनों सुर्खियों में है। इस मामले को लेकर ए. कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का खंडन किया और पूरे विवाद पर अपना पक्ष सार्वजनिक किया। प्रेस वार्ता के दौरान श्री कुमार ने आरोप लगाया कि मॉडर्न साइंस कोचिंग के पार्टनर सचिन कुमार द्वारा उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार और तथ्यों से परे हैं। ए. कुमार का कहना है कि कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों और निजी स्वार्थों के चलते उनकी वर्षों की मेहनत से बनी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके पास अपने पक्ष को साबित करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज और साक्ष्य मौजूद हैं। जरूरत पड़ने पर वे इन साक्ष्यों को प्रशासन और संबंधित कानूनी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई सामने आने के बाद सभी तरह के भ्रम दूर हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिना तथ्यों के किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना उचित नहीं है। बताते चलें कि, पिछले दिनों मॉडर्न साइंस कोचिंग के संचालक सह निदेशक सचिन कुमार ने ए कुमार के एक कथित वीडियो, जिसमें श्री कुमार अपने साझीदार सचिन कुमार को बेईमान कह रहे हैं, को लेकर नाराजगी जताइ और आरोप को निराधार बताते हुए उनके साथ किसी तरह का व्यावसायिक संबंध नहीं रखने की बात कही थी। इतना ही नहीं पोस्टर पर से श्री कुमार की तस्वीर भी हटाई थी। इस दौरान श्री सचिन ने श्री कुमार कई आरोप लगाए थे। हालांकि, श्री कुमार के प्रेस वार्ता में खुलासे के बाद इस मामले में मॉडर्न साइंस कोचिंग के संचालक सचिन कुमार की ओर से तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह विवाद चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी बीच इस खबर है कि, शिक्षा जगत के दो साझीदारों के बीच उत्पन्न अप्रिय स्थिति को सुलझाने की कोशिशें शुरू हो गई है। इस ताजा हालात पर दूरभाष से हुई बातचीत में ए कुमार ने कहा कि, छात्रहित सर्वोपरी है। मेरा इरादा कभी किसी को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचना नहीं रहा है। आमनेझ्रसामने परस्पर बातचीत से भी बातें सुलझाई जा सकती हैं। मगर फलदाई बातचीत केलिए पारदर्शिता और ईमानदारी जरूरी होती है। मौजूदा हालात से मै भी अचंभित हूं।



संवाददाताओं से बात करते ए कुमार।

# डीआरयूसीसी की तृतीय बैठक में यात्री सुविधाओं पर मंथन, सुझावों पर कार्रवाई का भरोसा



बैठक में शामिल पदाधिकारी।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित 'मंथन सभागार' में शनिवार को मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ज्योति प्रकाश मिश्रा ने की, जबकि संचालन वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनन्या स्मृति ने किया। बैठक में समिति के 24 सदस्यों के साथ मंडल के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डीआरएम ने कहा कि, भारतीय रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने डीआरयूसीसी को रेलवे प्रशासन और आम यात्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद मंच बताते हुए कहा कि इस समिति के माध्यम से स्थानीय जरूरतों और जनभावनाओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाया जाता है। डीआरएम ने समस्तीपुर मंडल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 1969 में स्थापित यह मंडल पूर्व मध्य रेल का सबसे बड़ा मंडल है। मंडल में 787 समपार फाटक होने के कारण यातायात की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने जानकारी दी कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित 23 स्टेशनों में से 6 का आधुनिकीकरण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अगले दो-तीन महीनों में 6 और स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो जाएगा। स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, सीसीटीवी, कोच गाइडेंस डिस्प्ले, प्लेटफॉर्म डिस्प्ले बोर्ड, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रेल सेवाओं के विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि समस्तीपुरझ्रदरभंगा रेलखंड का दोहरीकरण पूरा हो चुका है। पूर्णिया कोर्ट और नरकटियागंज स्टेशनों पर ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित की गई है। बेतिया स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज चालू किया गया है, जबकि दरभंगा स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर का कार्य प्रगति पर है। बगहा और नरकटियागंज स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास भी प्रस्तावित है।

बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को विस्तार से रखा। डीआरएम ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सदस्यों को आश्वस्त किया कि व्यवहारिक और नियमों के अनुरूप सभी प्रस्तावों पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा। अंत में अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा ने सभी सदस्यों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके रचनात्मक सुझावों से मंडल में यात्री सुविधाओं और सेवा गुणवत्ता में सुधार को नई दिशा मिलेगी।

# नीट यूजी 2026 में फिजिक्सवाला के बच्चों मचाया धमाल

## एआईआर 2 रैंक के साथ प्रिंस ने बढ़ाया जिले का मान, 6अन्य बच्चों ने भी मारी बाजी


जश्न में डूबे छात्र व शिक्षक।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार देर रात नीट यूजी 2026 का परिणाम घोषित होते ही पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गयी। इसी क्रम में समस्तीपुर स्थित फिजिक्सवाला विद्यापीठ में अलग ही माहौल था। जिसके सात से अधिक छात्र/छात्राओं ने इतिहास दोहराते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाजी मारी है। जिनमें से प्रिंस कुमार पीडब्ल्यूडीबी में एआईआर 2 रैंक हासिल पूरे शहर का नाम रौशन किया है। साथ ही प्रभात कुमार 599, मो० उमर अब्दुल्ला 591, सुधाकर कुमार 564, निशा भारती 551, प्रिंस राज 522 आदि ने फिजिक्सवाला से पढ़कर इस बार अपना परचम लहराया है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन कृष्णा कुमार अग्रवाल ने सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मैथिल परंपरानुसार पाग, चादर , फूल माला, गुलाल तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारे कार्यक्रम के असली हीरो हमारे शिक्षकगण, अभिभावक एवं बेहतरीन प्रदर्शन वाले छात्र/छात्राएं हैं। अपने संबोधन में संस्थान के डायरेक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा कि फिजिक्सवाला सिर्फ अपने रिजल्ट के लिए पूरे देशभर में जाना जाता है और इस वर्ष भी हमारी टीम ने यह कर दिखाया है। हमारी कोशिश उन हर बच्चों को उनके सपनों को उड़ान देना है जिसने एक जिद्द ठानी है और हमसे जुड़े है। मौके पर रवि कुमार, रणधीर कुमार, प्रशांत कुमार, आफरा, लव कुमार आदि ने बच्चों के मेहनत की जमकर तारीफ की और कहा कि, हमारी वास्तविक खुशी यही है और इसी के लिए साल भर हम बच्चों के साथ उनके हर समस्या का समाधान करके उनके कदम से कदम मिलाकर चलते है। इस खुशी के मौके पर सभी छात्रझ्रछात्रा, उनके माता पिता, व शिक्षकों ने ढोल नगाड़े के साथ विजय जुलूस निकाला और पैदल मार्च करते हुए बच्चों को एक संदेश दिया ही संघर्ष ही जीवन है और इसी में हमारी विजय है।

# बाल सुरक्षा तंत्र : पंचायती राज और शहरी निकायों की भूमिका विषयक एक दिवसीय उन्मूखीकरण कार्यशाला आयोजित

**सरायरंजन (एनएसबी)।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, आंगन ट्रस्ट, पटना और क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू के संयुक्त तत्वाधान में किशोर न्याय अधिनियम (देखभाल एवं संरक्षण) - 2015 के संदर्भ में बाल सुरक्षा तंत्र और पंचायती राज और शहरी निकायों की भूमिका विषयक एक दिवसीय उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आंगन ट्रस्ट, मुम्बई से निदेशक अंकित मकवन और पटना से गौरी कुमारी (लीड प्रोग्राम) ने बड़े हीं सरल और सौम्य तरीके से अधिनियम के बारे में बताया। कार्यशाला की अध्यक्षता रामप्रित चौरसिया और संचालन सुरेन्द्र कुमार ने किया। सुरेन्द्र कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि जब तक हमारे समाज का सभी बच्चा स्कूल में है तब तक वह पुरी तरह सुरक्षित है। यदि वह एक दिन भी स्कूल से बाहर है, खतरों की संभावना रहेगी। कार्यशाला के दौरान दिनेश प्रसाद चौरसिया और बबिता कुमारी ने गीत और खेल के द्वारा रुचीपूर्ण तरीका से बाल सुरक्षा तंत्र को बताया। मौके पर जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र का कम्यूनिकेशन और सोशल मिडिया प्रभारी कुमार गौरव ने सोशल मिडिया पर प्रकाश डाला और चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी एवं पोश अधिनियम को सख्ती से लागू करने के बारे में बताया।


कार्यक्रम में शामिल समाजसेवी।

# 79 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में दो दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के 79 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य व प्राध्यापकों द्वार संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं कुलगीत के साथ आरम्भ समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शशि भूषण कुमार शशि ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, आज के प्रतियोगी युग में युवाओं के मन में उत्साह भरने एवं जीवन पथ पर अग्रसर बने रहने केलिए ऊर्जान्वित बनाए रखने में प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ युवाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। मुझे विश्वास है कि आप सभी युवा हमारे महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास में वृद्धि करेंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम के संयोजक सह मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रीता चौहान ने स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ 10 प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। जिनमें से दिनांक :- 18-06-2026 को मेहंदी, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं दिनांक 20-06-2026 को पोस्टर मेकिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, फायरलेस कुकिंग कॉम्पीटिशन, मिमिक्री कंपटीशन एवं क्विज का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर डॉ राहुल मनहर, डॉ रितेश चौरसिया, डॉ खुर्शीद अहमद खान, डॉ महेश कुमार चौधरी, डॉ रोहित प्रकाश, डॉ संजय कुमार, डॉ अखिल वर्मा, डॉ कुणाल, डॉ प्रतिभा कुमारी, योगेंद्र राय समेत महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे। मंच संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ दयानंद मेहता एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ शालिनी कुमारी भावसिंका ने किया।

# जानकी एक्सप्रेस में जुड़ेगा एसी कोच, मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

## यात्री सुविधाओं को लेकर जहांगीर आलम ने दिए कई अहम सुझाव


बैठक में परामर्श दात्री समिति के सदस्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मंडल मुख्यालय स्थित मंथन सभागार में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बढ़ती गर्मी से यात्रियों की राहत दिलाने, स्टेशन परिसर में यात्रियों की भीड़ और ट्रेन परिचालन में हो रही देरी को लेकर गंभीर मंथन हुआ। इस क्रम में परामर्शदात्री समिति के सदस्य जहांगीर आलम ने यात्रियों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस क्रम में श्री आलम ने कहा कि, ट्रेन संख्या 15283/84 में एसी 3 टियर कोच को जोड़ा जाना चाहिए, ताकि भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत मिल सके और एसी यात्रा का लाभ उठा सकें। इस प्रस्ताव पर मंडल प्रशासन ने सहमति जताते हुए कहा कि एक सप्ताह में प्रयोग के तौर पर जानकी एक्सप्रेस में 3एसी कोच जोड़ दिया जाएगा। बाद में इसे एलएचबी कोच से बदल दिया जाएगा।

इसके साथ ही श्री आलम ने समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर जाने वाली 63269 मेमू ट्रेन, जो आगे पांच मिनट बाद 63267 बनकर पाटलिपुत्र के लिए रवाना होती है, उसे एक ही ट्रेन नंबर से संचालित करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इससे भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और यात्रा अधिक सुगम बनेगी।

एक महत्वपूर्ण सुझाव कपूर्री ग्राम स्टेशन से भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के नाम पर नई दिल्ली के लिए वाया हाजीपुर-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का भी दिया। इस संदर्भ में कहा कि इससे क्षेत्र को राजधानी से सीधी और तेज कनेक्टिविटी मिलेगी। समस्तीपुर से दरभंगा के बीच शाम करीब 4 बजे एक पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की मांग की है। वर्तमान में दोपहर 2 बजे के बाद सीधे शाम 6 बजे ट्रेन उपलब्ध होने से यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

वहीं, मुजफ्फरपुर से कोलकाता के लिए सुबह में एक नई ट्रेन शुरू करने की मांग भी उठाई है। पहले चलने वाली सीतामढ़ीझ्रसियालदह ट्रेन के बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। समस्तीपुर स्टेशन पर इंजन बदलने और ट्रेन खोलने में लगने वाले अधिक समय पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि, इस प्रक्रिया में देरी के कारण दरभंगा रूट की ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है। इसके अलावा 02569/70 क्लोन एक्सप्रेस के लगातार विलंब से चलने पर भी चिंता जताई गई है। जिसमें कहा गया कि प्रीमियम किराया देने के बावजूद समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच पाना बड़ी समस्या है, जिस पर रेलवे प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए।

इसके अलावा समस्तीपुर स्टेशन के पश्चिम दिशा में प्लेटफॉर्म संख्या 1 के पास खाली पड़ी जमीन पर नए प्लेटफॉर्म के निर्माण का सुझाव देते हुए श्री आलम ने कहा कि इससे दरभंगा रूट की ट्रेनों का संचालन सुचारू होगा और भीड़ भाड़ में कमी आएगी। इन तमाम सुझावों के आलोक में मंडल प्रशासन की ओर से यथा संभव शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### उग्रनाथ शाखा नहर का पश्चिमी तटबंध शुक्रवार की शाम अचानक टूट

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के कन्हौली पंचायत के वार्ड 13 स्थित सहोरवा गांव के पास उग्रनाथ शाखा नहर का पश्चिमी तटबंध शुक्रवार की शाम अचानक टूट गया। तटबंध के टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल एवं बीचड़ा पानी में डूब गई। नहर का पानी खजौली प्रखंड के अकसपुरा, घुसकीपट्टी सहित राजनगर प्रखंड क्षेत्र के पटवारा गांव के खेतों में फैल गई है। वहीं गोसाईटोल एवं



सहोरवा गांव के दर्जनों घरों में पानी प्रवेश कर जाने के कारण लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। हालांकि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार की दोपहर से टूटे तटबंध का मरम्मत शुरू कर दिया है। ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह, बृजमोहन यादव, जीवछ यादव का कहना था कि उग्रनाथ शाखा नहर की समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण तटबंध टूट गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग एवं संवेदक की लापरवाही के कारण सैकड़ों किसानों के धान का फसल एवं बीचड़ा बर्बाद हो गया। इधर, जल संसाधन विभाग, कार्य प्रमंडल मधुबनी के कार्यपालक अभियंता ब्रजेश कुमार निराला ने बताया कि तटबंध टूटने की सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया है। एसडीओ एवं अन्य अधिकारियों की निगरानी में युद्धस्तर पर तटबंध मरम्मत कार्य किया जा रहा है। टूटे तटबंध को आज ही बांध लिया जाएगा'

### आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण एवं पोषण ट्रैकर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें



**मधुबनी (एनएसबी)।**जिलाधिकारी आनंद शर्मा के अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ज़िलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्यों में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से सीमावर्ती (बॉर्डर) क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर ऐप के विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित कराई जाए तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी स्वयं इसकी सतत निगरानी करें, ताकि सभी सूचकांकों में जिले का प्रदर्शन बेहतर हो सके। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लंबित आवेदनों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि अगले माह तक इन योजनाओं के आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि में न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिले की रैंकिंग में निम्न प्रदर्शन करने वाले पांच बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को अपने-अपने परियोजना क्षेत्र में कार्यों में आवश्यक सुधार लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया गया।उक्त बैठक में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

### रेलवे की बैठक में गूंजा मधुबनी-कमतौल-जयनगर क्षेत्र के रेल यात्रियों की समस्याओं का मुद्दा

**मधुबनी(एनएसबी)।**समस्तीपुर मंडल पूर्व मध्य रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य एवं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने रेल महाप्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मधुबनी, कमतौल, जयनगर और दरभंगा संसदीय




क्षेत्र के रेल यात्रियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने मधुबनी स्टेशन परिसर में जलजमाव, खराब पेयजल कूलर, प्लेटफॉर्मों पर यात्री शेड, गुमटी संख्या 11 एवं 13 पर ओवरब्रिज, पार्सल सेवा पुनः शुरू करने, कुली शेड और बैट्री चालित कार सेवा बहाल करने की मांग की। साथ ही जयनगरझपटना इंटरसिटी एवं नमो ट्रेन का लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया।कमतौल स्टेशन पर बंद शौचालय की मरम्मत, प्लेटफॉर्मों के उच्चीकरण तथा दुधैल गांव के पास बंद रेलवे फाटक को खोलने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा दरभंगाझआनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने, एसी कोच जोड़ने, जोगवनीझरक्सौल एवं जयनगरझरक्सौल ट्रेनों की समय-सारिणी में सुधार तथा कमतौल, जोगियारा और पुपरी में ठहराव देने का प्रस्ताव रखा गया। दरभंगाझसीतामढ़ीझरक्सौल मार्ग पर रात लगभग 10 बजे नई ट्रेन चलाने की आवश्यकता भी बताई गई।

### बैठक में वर्ष 2008-09 में प्रस्तावित मधुबनी-कमतौल नई रेल लाइन सर्वे को आगे बढ़ाने का भी अनुरोध किया गया

इस अवसर पर वरीय मंडल रेल वाणिज्य प्रबंधक अनन्या स्मृति सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे

### सरकारी रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण. प्रशासन की कार्रवाई से मार्ग हुआ मुक्त.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के केरवार एव सादुल्लाहपुर गांव में सरकारी रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम सारंग पाणि पांडेय के आदेश के आलोक में यह अभियान चलाया गया



है. अभियान का नेतृत्व सीओ संतोष कुमार सिंह एवं राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी ने किया.इस मौके पर थाना अध्यक्ष अनुराग कुमार एवं अविनाश कुमार,सीआई विजय यादव उपस्थित थे. प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की मौजूदगी में सरकारी भूमि एवं रास्ते का किया गया अतिक्रमण को हटाकर मार्ग को पूरी तरह से खाली कराया गया. सीओ संतोष कुमार ने बताया कि सरकारी भूमि और सार्वजनिक रास्ते पर किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे. लोगों से सरकारी संपत्ति की सुरक्षा करने तथा सार्वजनिक मार्गों को मुक्त रखने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की. अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी.

# जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता :विधायक माधव आनंद



समस्या सुनते विधायक

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधव आनंद ने शनिवार को जिला अतिथि गृह, मधुबनी में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। जनता दर्शन में विभिन्न पंचायतों एवं नगर क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, सामाजिक सुरक्षा सहित जनहित से जुड़े कई मुद्दे विधायक के समक्ष रखे। इस दौरान नागरिकों ने क्षेत्र के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।विधायक माधव आनंद ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रत्येक नागरिक की समस्या सुनना तथा उसके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि जनता से सीधे संवाद स्थापित कर विकास की दिशा तय करने का प्रभावी माध्यम है। जनता से प्राप्त प्रत्येक सुझाव पर गंभीरता से विचार कर मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, किसानों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं अपेक्षाएं विधायक के समक्ष रखीं।

## वारंटी एवं एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार

**फुलपरास (एनएसबी)।** पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए एक वारंटी एवं एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया गया है।प्रभारी थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के निष्पादन के क्रम में फुलपरास पश्चिम टोल निवासी मनीष कुमार कामत उर्फ मनीष भंडारी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना में दर्ज एक आपराधिक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे बेलमोहन गांव निवासी नंदू पासवान उर्फ नंदा पासवान को भी पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस का अभियान लगातार जारी है

## पुलिस ने बड़ी आपराधिक वारदात टाली, अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक संभावित आपराधिक घटना को विफल कर दिया। रुद्रपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि 17 जुलाई की देर रात रुद्रपुर थाना पुलिस को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि जलसेन गांव निवासी धीरज पाठक अपने साथियों के साथ दुर्गा मंदिर के समीप अवैध हथियार लेकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दो संदिग्ध भागने लगे। पीछा कर धीरज पाठक को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गंगई कामत अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया।

तलाशी के दौरान धीरज पाठक के पास से एक देशी कट्टा और दो स्मार्टफोन बरामद किए गए। पूछताछ में धीरज ने खुलासा किया कि रमन झा ने उसे हथियार उपलब्ध कराया था तथा लूटपाट और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए उकसाया था। इसके आधार पर पुलिस ने रमन झा को भी गिरफ्तार कर लिया।एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपराध स्वीकार किया है। जब्त सामग्री को विधिवत जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस संबंध में रुद्रपुर थाना में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार धीरज पाठक एवं फरार आरोपी गंगई कामत का आपराधिक इतिहास भी रहा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**बाबूबरही थाना अन्तर्गत हुई लूट की घटना का 24 घंटे के अंदर किया गया सफल उभेदन :**

## अवैध देशी कट्टा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं लूटी गई राशि के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।**वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 16 जुलाई की रात्रि बाबूबरही थाना अंतर्गत एक लूट की घटना घटित हुई थी।वादी मो० नसीम साह, जो पशु व्यापारी हैं, अपने पिता के साथ पिकअप गाड़ी से घर लौट रहे थे। रास्ते में जब वे पिरीही नहर के पास पहुँचे, तभी पूर्व से घात लगाए 05 अज्ञात अपराधियों ने 02 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पिस्तौल के बल पर गाड़ी रोकने पर विवश किया। अपराधियों ने वादी के सिर पर पिस्तौल के बट से वार कर उन्हें घायल कर दिया और पिकअप में रखे 4,80,000 रुपये लूट लिए। वादी ने अपनी शिकायत में वाहन चालक मो० सरफराज की भूमिका पर भी संदेह व्यक्त किया था। उक्त मामले को वरीय पुलिस पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा गंभीरता से लेते हुए, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया एवं घटना के सफल उभेदन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय गुप्तचरों से प्राप्त सूचनाओं का गहन विश्लेषण किया गया। इस त्वरित कार्रवाई का परिणाम यह रहा कि पुलिस ने खजौली थाना क्षेत्र के ग्राम भकुआ से छापेमारी कर घटना में शामिल 04 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर इस लूटकांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा लूटी गई राशि में से एक बड़ी रकम बरामद कर ली गई है। उक्त घटना में संलिप्त अन्य फरार अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर छापेमारी की जा रही है। इस संदर्भ मे बाबुबरही थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर अभियुक्तों को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुबियाही में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय विद्यालय दुबियाही के सभागार में शनिवार को विद्यालय प्रधानाध्यापक अर्जुन पासवान की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे मो रकीब ,मनीष कुमार, रविंद्र कुमार, शिवम कुमार,आयुष कुमार, संध्या कुमारी, जैनब परवीन, श्रुति कुमारी, सृष्टि कुमारी, रिया कुमारी शामिल है. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए शंभू कुमार ठाकुर, सुनील कुमार, पूजा कुमारी का चयन किया. प्रधानाध्यापक अर्जुन पासवान ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया.

## "स्वच्छ जलस्रोत ही सुरक्षित भविष्य की आधारशिला:- डीपीओ आनंद अंकित

**विद्यालय से ही शुरू होती है स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की सीख : सरिता कुमारी**




शपथ लेते

**मधुबनी (एनएसबी)।**सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अवसर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपट्टी एवं जिला गंगा समिति 'नमामि गंगे', मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में "नदी एवं अन्य जलस्रोतों की स्वच्छता" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के विकास का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं और वे अपने परिवार तथा समाज में भी सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं। विद्यालय के शिक्षक एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक शिव कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

इस अवसर पर शिक्षक बिरेंद्र कुमार साह, जमाल अशरफ, रूबी कुमारी, अर्चना रानी, अरुन्धती एवं अमृता कुमारी तथा छात्राओं कल्पना, प्रियांशी एवं सुमन,आदित्य, पारितोष आदि ने भी नदी एवं अन्य जलस्त्रोतों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जल बचाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। जिला गंगा समिति 'नमामि गंगे', मधुबनी के जिला परियोजना पदाधिकारी आनंद अंकित ने कहा कि नदियों की निर्मलता एवं अविरलता बनाए रखने में समाज के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि यदि आज की पीढ़ी जल संरक्षण और स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सभी ने अपने विद्यालय, घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा नदी एवं अन्य जलस्त्रोतों को प्रदूषणमुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका गुंजन कुमारी तथा शिक्षक नरेश पासवान, राजा गोपाल शरण, सुरेन्द्र कुमार, कुमारी शीतल एवं छात्र शिवम, अनीश, आशा, खुशी और नेहा परवीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खादी ग्रामोद्योग के संस्थापक लक्ष्मी बाबू की खादी ग्रामोद्योग संघ द्वारा की गई उपेक्षा पर लोगों का फूटा गुस्सा

# नागरिक समाज संगठन ने वर्तमान प्रबंधन के विरोध में खोला मोर्चा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** खादी ग्रामोद्योग मुजफ्फरपुर के प्राण प्रतिष्ठापक रहे स्व लक्ष्मी नारायण उर्फ (लक्ष्मी बाबू) की स्मृति दिवस को खादी ग्रामोद्योग संघ प्रबंधन द्वारा नहीं मनाए जाने को लेकर शनिवार को नागरिक समाज संगठन के लोगों ने वर्तमान खादी ग्राम उद्योग प्रबंधन पर लक्ष्मी बाबू की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए खादी ग्रामोद्योग प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। नागरिक समाज संगठन के सदस्यों ने शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित धरना स्थल पर स्व लक्ष्मी नारायण की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनकी पुण्यतिथि मनाई।

इस अवसर पर उपस्थित नगर के नागरिकों ने मुजफ्फरपुर खादी ग्रामोद्योग की स्थापना में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात संगठन के सदस्यों ने बिहार खादी ग्रामोद्योग संघ और जिला खादी ग्रामोद्योग संघ में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया।



समाहरणालय परिसर के धरना स्थल पर स्व लक्ष्मी नारायण की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें नमन करते संगठन के सदस्य गण।

समाहरणालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह विमर्श बैठक के बाद संगठन के सदस्यों ने जिलाधिकारी कुमार गौरव को ज्ञापन सौपते हुए खादी ग्रामोद्योग संघ का लंबित चुनाव कराने, संघ में हुए वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने जिलाधिकारी को सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से बिहार खादी ग्रामोद्योग संघ और जिला खादी ग्रामोद्योग संघ की कार्यप्रणाली पर

**खादी संस्थाओं में अनियमितताओं की जांच और चुनाव की मांग को लेकर सौपा डीएम को ज्ञापन**

सवाल उठाए है। संगठन ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग लंबे समय से संस्था पर कब्जा बनाए हुए हैं और मनमाने ढंग से उसका संचालन कर रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने नियामक मंडल का लंबित चुनाव शीघ्र कराने, संस्था की संपत्तियों एवं वित्तीय लेन-देन की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने के मामले में वर्तमान प्रबंधन के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कि मांग की है। इसके साथ ही नगर निगम और नियामक मंडल की स्वीकृति के बिना कराए गए निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से नागरिक समाज संगठन ने

संघ का चुनाव होने तक फर्जी अध्यक्ष अभय कुमार चौधरी को संघ की गतिविधियों और सर्वोदय ग्राम खादी भंडार, कन्हौली स्थित कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाने तथा लंबे समय से एक ही व्यक्ति के अध्यक्ष और मंत्री पद पर बने रहने, कतिन और बुनकरों के नाम पर हुए वित्तीय खर्च की जांच तथा खादी प्रांगण में कथित गैरकानूनी गतिविधियों की गुप्त जांच कराने की मांग भी उठाई गई है।

नागरिक समाज संगठन के प्रतिनिधि मुक्तेश्वर सिंह मुकेश ने कहा कि खादी संस्थाओं की ऐतिहासिक गरिमा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निष्पक्ष जांच और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत शीघ्र चुनाव कराया जाना आवश्यक है।

## कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों को मिला सेवा विस्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों और पीजी विभागों में विभिन्न विषयों में नियुक्त 358 अतिथि शिक्षकों को सेवा विस्तार दे दिया गया है। विश्वविद्यालय ने इन अतिथि सहायक प्राध्यापकों को 1 जुलाई 2026 से 11 महीने तक के लिए सेवा विस्तार दिया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ समीर कुमार शर्मा ने अधिसूचना जारी कर दी है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय चयन समिति ने प्राचार्यों की रिपोर्ट के आधार पर अतिथि शिक्षकों को सेवा विस्तार दिया है। सेवा विस्तार मिलने पर अतिथि प्राध्यापक संघ ने कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय एवं कुलसचिव डॉ समीर कुमार शर्मा के प्रति आभार प्रकट कर खुशी जाहिर की है। आभार प्रकट करने वालों में संघ के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर महासचिव डॉ राघव कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ सर्वेश्वर कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार, डॉ संजय कुमार यादव, डॉ दिगंबर झा आदि शामिल रहे।

## मानव तस्करी व बाल श्रम समाज के माथे पर कलंक, जागरूक होना जरूरी : प्रो. कनुप्रिया



बाल श्रम पर केंद्रित जन जागरूकता अभियान के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथिगण।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** लंगट सिंह महाविद्यालय के आचार्य जे.बी. कृपलानी सभागार में शनिवार को कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग (बिहार, पटना) के तत्वावधान में मानव तस्करी, बंधुआ श्रम एवं बाल श्रम के विरुद्ध नया सवेरा 3.0 जनजागरूकता अभियान का विधिवत आगाज किया गया। यह विशेष अभियान 18 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन और पुलिस महकमे के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कानूनी प्रावधानों से जुड़े जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. कनुप्रिया ने कहा कि मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसी कुरीतियां समाज के माथे पर एक बड़ा कलंक हैं। इनके समूल नाश के लिए सिर्फ कड़े कानून ही काफी नहीं हैं, बल्कि समाज के हर नागरिक, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों का जागरूक होना बहुत हीं आवश्यक है। हमारे कॉलेज के छात्र इस अभियान के अग्रदूत बनकर समाज के शोषित और कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत कर सकते हैं।

लंगट सिंह कॉलेज प्रशासन ऐसे सामाजिक और कानूनी जागरूकता अभियानों में हमेशा बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। इस दौरान उपस्थित मुख्य वक्ताओं में 'निर्देश' संस्था के कानूनी सलाहकार आमोद कुमार, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट मुजफ्फरपुर की पुष्पा कुमारी और विश्वविद्यालय थाना की थानाध्यक्ष सरिता कुमारी शामिल रहीं। वक्ताओं ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मानव तस्करी से जुड़ी विभिन्न धाराओं, नाबालिगों की तस्करी, बंधुआ श्रम पद्धति (उन्मूलन) अधिनियम 1976 और बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इसके तहत मिलने वाली कड़ी सजा और कानूनी सुरक्षात्मक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या बाल श्रम की सूचना तुरंत पुलिस व प्रशासन को दें। धन्यवाद ज्ञापन प्रो एस आर चतुर्वेदी ने किया। मौके पर प्रो टी के डे, प्रो पुष्पा कुमारी, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ वेदप्रकाश दुबे, डॉ रीमा कुमारी, डॉ संध्या कुमारी, डॉ अंजना, डॉ आनंद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एफआईआर में बीएनएस की धारा में छेड़छाड़ करने पर थानाध्यक्ष ससपेंड

## पानापुर करियात थानाध्यक्ष सुचित्रा कुमारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भारतीय न्याय संहिता (BNS) की एक धारा में कथित बदलाव किए जाने के आरोप में जिले के पानापुर करियात थाना की थाना प्रभारी सुचित्रा कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार के निर्देश के बाद एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने यह कार्रवाई की है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करते हुए स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

जानकारी के अनुसार पानापुर करियात थाना से जुड़े एक मामले में वादी द्वारा पुलिस मुख्यालय को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कराई गई। जांच के दौरान थाना प्रभारी के आचरण को प्रथमदृष्टया संदिग्ध माना गया, जिसके आधार पर पुलिस मुख्यालय ने सख्त रुख अपनाया।

जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि संबंधित कांड में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की अंकित एक धारा को काटकर उसमें बदलाव किया गया और उसके नीचे पुनः लघु हस्ताक्षर किए गए। जांच अधिकारियों



पानापुर करियात की थानाध्यक्ष सुचित्रा कुमारी।

**डीजीपी के निर्देश पर एसएसपी ने की कार्रवाई**

ने इसे प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितता और संदिग्ध आचरण का संकेत माना। डीजीपी के निर्देश और जांच प्रतिवेदन के आधार पर मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी सुचित्रा कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विभागीय जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है और सभी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। इस कार्रवाई को बिहार पुलिस मुख्यालय का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि केस डायरी, एफआईआर या कानूनी धाराओं में किसी भी प्रकार की कथित अनियमितता या छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस महकमे में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### औराई में 11,111 आंगनबाड़ी बच्चों को मिलेंगे डेस्क युक्त स्कूल बैग, सांसद ने किया शुभारंभ

**औराई (एनएसबी)।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत शनिवार को औराई प्रखंड में 11,111 आंगनबाड़ी बच्चों के लिए डेस्क युक्त शैक्षणिक बैग वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। औराई के व्यापार मंडल कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुजफ्फरपुर के सांसद एवं केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी ने किया। उनके साथ वरिष्ठ नीति सलाहकार अवनीश त्रिपाठी सहित जिला एवं प्रखंड प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए ऐसे नवाचार महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि बीपीसीएल के सीएसआर एवं यूनिसेड संस्था के सहयोग से आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित डेस्क युक्त इनोवेटिव स्कूल बैग आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है। यह बैग बच्चों को सही मुद्रा में बैठकर पढ़ने-लिखने में सहायता करेगा तथा रीढ़, आंखों और शारीरिक विकास के लिए भी उपयोगी होगा। यूनिसेड के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह बैग स्कूल और घर दोनों जगह उपयोग में लाया जा सकेगा। इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी, सही बैठने की आदत विकसित होगी तथा गर्दन, पीठ और आंखों पर पड़ने वाला अनावश्यक दबाव कम होगा। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बीपीसीएल एवं यूनिसेड की टीम, 20 सूत्री अध्यक्ष रौशन कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुभाष शर्मा, मनोज मिश्रा, कमलेश सहनी, गौरीशंकर सिंह, नंद किशोर यादव, चितरंजन कुमार, संतोष पासवान, देवेंद्र यादव, श्रद्धा कृष्ण, मोहन राय, राजनेत राय, रामजी गुप्ता, राजीव कुमार राय, आंगनबाड़ी सेविकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।



आंगनबाड़ी के बच्चों को डेस्क युक्त सकूल बैग वितरण का उद्घाटन करते सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी निषाद।

### ग्रीन इलेक्शन के लिए सम्मानित किए गए डॉ. हीरालाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र में 2025 में ग्रीन इलेक्शन करने वाले इलेक्शन ऑब्जर्वर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ हीरालाल को टाइम्स इंटरनेट इकोप्रेन्योर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान चुनाव प्रक्रिया को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने, वृक्षारोपण, वृक्ष संरक्षण तथा चुनाव में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर डॉ. हीरालाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है। ग्रीन इलेक्शन जैसी पहलें लोकतंत्र और प्रकृति, दोनों को मजबूत बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार ग्रीन इलेक्शन अभियान से जुड़े सभी सहयोगियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए और अधिक लोगों को प्रेरित करेगा। डॉ हीरालाल के सम्मानित होने पर लिच्छवी फाउंडेशन संयोजक प्रभात कुमार, वरिष्ठ शिशु रोग चिकित्सक डॉ अरुण शाह, डॉ प्रवीण चंद्रा, डॉ शोभना चंद्र, डॉ राजीव कुमार, सुमेरा की मुखिया गुड़िया कुमारी, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू कुशवाहा, अधिवक्ता अजय कुमार, प्रोफेसर संजय कुमार, डीआर सुशांत कुमार, डॉ अविनाश कुमार, संतोष सारंग सहित दर्जनों शुभचिंतकों ने हर्ष जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।




## टीबी मरीजों के लिए आगे बढ़े समाज के हाथ

**150 को बांटे गए पोषण किट**

**टीबी उन्मूलन के लिए सामाजिक सहयोग का लिया संकल्प, डीएम ने की सराहना**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में शनिवार को मुजफ्फरपुर में एक अनूठी पहल देखने को मिली। उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में 150 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इस दौरान टीबी मरीजों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि टीबी का उपचार केवल दवा से ही संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए संतुलित पोषण और मानसिक संबल की भी उतनी ही आवश्यकता है। उन्होंने टीबी मरीजों के प्रति समाज के नजरिए में बदलाव की अपील करते हुए कहा कि जब तक समाज पूरी तरह संवेदनशील नहीं होगा, तब तक इस बीमारी को जड़ से मिटाना कठिन है। डीएम ने इस संयुक्त पहल के लिए आयोजक संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम में उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) मुजफ्फरपुर शाखा और माँ जानकी सेवा भारती के संयुक्त प्रयास की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज को जागरूक करने तथा मरीजों को सहयोग प्रदान करने में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ सी.के. दास, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सलीम जावेद सहित अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मानवीय पहल को सफल बनाने में विभिन्न संस्थाओं ने एक टीम के रूप में कार्य किया।



टीबी मरीज को पोषण किट प्रदान करते जिलाधिकारी व अन्य अतिथि गण।

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की टीम, जिसमें जिला यक्ष्मा केंद्र के अधिकारी, एसटीएस, एसटीएलएस, टीबीएचवी एवं अन्य कर्मी ने व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में अहम योगदान दिया।

वहीं, केएचपीटी की पीआरआई एवं कम्युनिटी एंगेजमेंट टीम, जिला लीड एवं कम्युनिटी कोर्डिनेटर के साथ-साथ डेवलपिंग फाउंडेशन फॉर यूथ (डीएफवाई) के जिला एवं फील्ड स्तर के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और मरीजों के उपचार व पुनर्वास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सेवा और प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसरिया, मारवाड़ी सम्मेलन के नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया तथा आईसीएआई मुजफ्फरपुर शाखा के सचिव ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने का संकल्प लिया।

## कर्तव्य एवं अनुशासन की नई पहचान, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पिपिंग समारोह

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर पुलिस के लिए शुक्रवार का दिन गौरव और सम्मान का रहा। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित गरिमामय पिपिंग समारोह के दौरान पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) के उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी एवं डीएसपी (रक्षित) ने नवपदोन्नत पुलिस अधिकारियों के कंधों पर स्टार अलंकृत कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा और सेवा के प्रति बढ़ी हुई जिम्मेदारी का प्रतीक है। सभी पदोन्नत अधिकारियों को निष्पक्षता, ईमानदारी, संवेदनशीलता और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, आमजन का विश्वास बनाए रखने तथा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह समारोह मुजफ्फरपुर पुलिस की पेशेवर कार्यशैली, अनुशासन और उत्कृष्ट सेवा भावना का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया।



नवपदोन्नत पुलिस अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाते एसएसपी।

# एसकेजे लॉ कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नगर के गन्नीपुर स्थित श्रीकृष्ण जुबिली लॉ कॉलेज में शनिवार को "महिला, कानून एवं भारत में सामाजिक परिवर्तन : अधिकार, न्याय, समकालीन चुनौतियाँ एवं सशक्तिकरण के पथ" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों, विधि विशेषज्ञों, शोधार्थियों, अधिवक्ताओं एवं विद्यार्थियों के साथ साथ मिस्र सहित अन्य देश के अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी ओ.पी. सिंह, पाटलिपुत्र विवि की सेवानिवृत्त प्राध्यापिका प्रो (डॉ.) नंदिनी मेहता, प्रख्यात विधि शिक्षाविद् प्रो (डॉ.) एस.डी. शर्मा, महाविद्यालय के अध्यक्ष ' एस के मिश्रा, सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा, निदेशक जयंत कुमार, प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी तथा आशुतोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापिका आदिति आनंद ने की। उद्घाटन



दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि गण।

सत्र के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने अपने संबोधन में उपरोक्त विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि विधि सिर्फ महिलाओ को अधिकार दे सकता है परन्तु सम्मान नहीं। सम्मान तो समाज के द्वारा ही दी जाती है। विश्व मे प्रतिदिन 96000 बच्चे गायब होते है जिसमे से 75 प्रतिशत बच्चियाँ ही होती है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओ के अधिकार के लिए दो बिंदु महत्पूर्ण है; पहला समाज में विधि के प्रति जागरूकता तथा महिलाओ में इसकी जोरदार ढंग से बढ़ावा देने का समर्थन करना। दुसरा विन्दु महिलाओ में आर्थिक सम्पनता को बढ़ावा देने की आवश्यकता। जिसको उन्होंने आइसलैंड के महिलाओ का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की महिलाओ ने अपनी संघर्ष एवं प्रदर्शन से अपने महत्व को विश्व समाज में दशार्या कि महिलाए अब पुरषों से किसी भी मायने में कम नहीं है।

**कार्यक्रम में जुटे विभिन्न राज्यों के विधि विशेषज्ञ एवं शिक्षाविद**

प्रो डॉ नंदिनी मेहता तथा प्रो डॉ एस.डी शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला अधिकारों की संवैधानिक सुरक्षा, लैंगिक समानता, न्याय तक महिलाओं की पहुँच तथा सामाजिक परिवर्तन में विधि की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित प्लेनरी सत्र में प्रो डॉ एस.डी शर्मा तथा एमिटी विश्वविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन एवं बीआए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो डॉ रेणु कुमारी ने समकालीन विधिक चुनौतियों, महिला अधिकारों एवं न्याय व्यवस्था की बदलती भूमिका पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्लेनरी सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक देवाशीष द्वारा किया गया। इसके पश्चात तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए प्रतिभागियों ने संगोष्ठी की विषय-वस्तु से संबंधित विभिन्न आयामों पर अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। शोध-पत्रों पर विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के बीच सार्थक अकादमिक चर्चा हुई तथा विधि एवं समाज से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

संगोष्ठी के सफल आयोजन में कॉलेज के अध्यक्ष एस के मिश्रा, सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा, निदेशक जयंत कुमार, प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी, प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार, डॉ एस पी चौधरी, डॉ पंकज कुमार, प्रो आर ए सहाय के साथ-साथ डॉ धनंजय पांडेय, डॉ मानवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ अविनाश पांडेय, डॉ सदानंद पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

95 बच्चों को बाल श्रम एवं बाल तस्करी से मुक्त कराने की उल्लेखनीय सफलता के बाद नया कदम

# 'नया सवेरा अभियान 3.0' का शुभारंभ


संवाद एवं रणनीति निर्धारण कार्यक्रम में शामिल पुलिस अधिकारी व विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनिधि।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में 'नया सवेरा अभियान 3.0' का शुभारंभ शनिवार को वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह नोडल पदाधिकारी मो. नजीब अनवर के नेतृत्व में किया गया। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सीतामढ़ी पुलिस एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी स्थित आनंद भवन में मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह उन्मूलन विषय पर संवाद एवं रणनीति निर्धारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय पुलिस उपाधीक्षक मो. नजीब अनवर ने की।

इसमें पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम में अभियान की सफलता के लिए विस्तृत कार्ययोजना एवं रोडमैप तैयार किया गया। वरीय पुलिस उपाधीक्षक मो. नजीब अनवर ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को भी समान महत्व दिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं सहयोगी संस्थाओं से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी, मानव तस्करी निरोध इकाई, सुशील कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अदिथी कवच परियोजना के कार्यक्रम प्रबंधक रोहित सिंह ने संस्था की ओर से बच्चों के अधिकारों एवं कल्याण की रक्षा के लिए पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता व्यक्त की। वहीं मनीष कुमार एवं मुकुंद कुमार चौधरी ने अभियान को जन-जन तक पहुँचाने तथा बाल शोषण मुक्त सीतामढ़ी के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में अदिथी की प्रतिनिधि पायल सिंह, काजल, सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार, संजय वर्मा, सहायक अवर निरीक्षक रूपेश कुमार, ए.वी.ए के सहायक परियोजना अधिकारी शिव शंकर ठाकुर सहित स्वंयसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी तथा अदिथी कवच परियोजना की टीम उपस्थित रही।

**अब 18 से 25 जुलाई तक' जिला भर में विशेष जन जागरूकता के तहत कई कार्यक्रम आयोजित होंगे**

उल्लेखनीय है कि सीतामढ़ी पुलिस ने हितधारकों एवं संबंधित विभाग के सहयोग से पूर्व में संचालित ऑपरेशन नया सवेरा, ऑपरेशन नया सवेरा 2.0 एवं ऑपरेशन नया सवेरा 3.0 के तहत कुल 95 बच्चों को बाल श्रम एवं बाल तस्करी से मुक्त कराकर बाल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता वरीय पुलिस उपाधीक्षक मो. नजीब अनवर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हासिल की है। इसी उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए अब 18 से 25 जुलाई तक 'नया सवेरा अभियान 3.0' के अंतर्गत जिलाभर में विशेष जन जागरूकता जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

## 'नया सवेरा अभियान 3.0' के तहत शिवहर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम


शिवहर आदर्श मध्य विद्यालय में बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में बच्चों को जानकारी देती पुलिस।

**शिवहर (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में 18 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक संचालित 'नया सवेरा अभियान 3.0' के अंतर्गत आज शिवहर पुलिस एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श मध्य विद्यालय, शिवहर में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं समुदाय को मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान इन अपराधों के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों तथा इनके विरुद्ध सजग रहकर समय पर सूचना देने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानपूर्ण जीवन के अधिकार के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष सौरभ लता ने बच्चों को इन सामाजिक अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला थाना की पुलिस टीम के साथ अदिथी कवच परियोजना की प्रतिनिधि कोमल कुमारी, रामायण कुमार, शिवम कुमार एवं अमित कुमार उपस्थित रहे। सभी ने मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कांटी में कृषि सलाहकार समिति की हुई बैठक
### अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को 15 दिनों में दूर करने का दिया गया निर्देश

**कांँटी (एनएसबी)।** कांटी प्रखंड परिसर के प्रमोद सभागार भवन में कृषि सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने बैठक में उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों, कोडिनेटर, कृषि सलाहकार को कांटी क्षेत्र के किसानों के सभी समस्याओं को 15 दिनों में दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों को ससमय खेती करने के लिए खाद बीज उपलब्ध हो, इस पर पूरा पूरा ध्यान देने का निर्देश दिया। विधायक अजीत कुमार ने बीएओ, कृषि सलाहकार, कोऑर्डिनेटर को किसानों के खेतों में जाकर फसल के अवलोकन करने का भी निर्देश दिया। श्री कुमार ने कहा कि किसान अन्नदाता है और बड़ी मेहनत कर खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के लिए कई योजना चला रहे है ताकि वे लाभान्वित हो सके और अपने को समृद्ध बना सके। बैठक में किसानों ने डीएपी उच्च दर पर मिलने की शिकायत की जिस पर उन्होंने इस मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी से बात करने की बात कही। वही, किसानों की कई समस्या पर श्री कुमार ने मौके से ही दूरभाष पर जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि अधिकारी से बात कर उनके समस्या को त्वरित निदान कराने को कहा।


बैठक में शामिल कृषि विभाग के पदाधिकारी विधायक व समिति से जुड़े किसान।

उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि चौपाल का भी आयोजन पंचायतवार की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों को 15 दोनों का अल्टीमेटम दिया और इस अवधि में किसानों के सभी समस्याएं का निराकरण करवाने के दिशा में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ, सीओ को कृषि विभाग के कार्यों की मोनेटरिंग करने का निर्देश भी दिया। मौके पर बीडीओ किशन चंद्रयान, सीओ मुकेश कुमार, बीएओ शिवनाथ झा, प्रखंड प्रमुख कृपा शंकर शाही, जदयू नगर पार्षद अध्यक्ष सह पार्षद चंदन पांडे, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, मुखिया ज्ञान कौशिक होरील, पूर्व सरपंच राम नगीना सिंह, सचिन्द्र कुशवाहा, नीरज मिश्रा, साकेत रमन पांडे, सुमन सिंह, पवन कुमार, शंकर प्रसाद, मनमोहन सिंह, ललन पांडे, हरदेव ठाकुर, मदन कुशवाहा समेत क्षेत्र के सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

### बैरगनिया के युग कुमार ने नीट परीक्षा में 604 अंक हासिल कर लहराया सफलता का परचम

**बैरगनिया/सीतामढ़ी(एनएसबी)।** नगर के मनोहर बाबा मंदिर के समीप मुख्य मार्ग निवासी राजेश कुमार सोनी एवं गायत्री देवी के पुत्र युग कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में 604 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। युग का ऑल इंडिया रैंक एयर 8792 तथा ओबीसी रैंक 3859 आया है। युग कुमार ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी राजस्थान के कोटा में रहकर की। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से बैरगनिया ही नहीं, बल्कि पूरे सीतामढ़ी जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है। युग के पूर्व शिक्षक नचिकेता ने बताया कि युग ने ईंटर की पढ़ाई के दौरान गुरुकुल रोड स्थित शिक्षा क्लासेस से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि युग शुरू से ही मेधावी, अनुशासित और मेहनती विद्यार्थी रहा है। उसकी सफलता का श्रेय उसकी लगन, निरंतर मेहनत और परिवार के सहयोग को जाता है। युग कुमार की इस उपलब्धि पर बैरगनिया के लोगों में हर्ष का माहौल है। नगरवासियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके माता-पिता को भी बधाई दी है।



### लोकल ट्रेन में महिला यात्रियों को सीट और सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें रेल प्रशासन : राजेश कुमार सुन्दरका

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** लोकल ट्रेन की महिला कोच में महिला यात्री को स्थान मिले। केन्द्रीय रेलवे रेलयात्री संघ एवं कैट के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका ने कहा कि ट्रेन की महिला कोच में भी महिलाओं को स्थान नहीं मिलता। महिला कोच में पुरुष भी आ जाते हैं, कुछ तो महिला कोच में ही चढ़ कर सफर करते हैं। यह सही बात नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा एवं परेशानी कम करने के लिए रेलवे ने लोकल ट्रेनों में महिला कोच की व्यवस्था दी है। महिला के साथ पुरुष सहयात्री है तो उसे वक्त पर स्वीकार किया जा सकता है, परन्तु केवल पुरुष का चढ़ना सर्वथा गलत है। इसकी निगरानी व जागरूकता से समस्या का हल किया जा सकता है। जहाँ से ट्रेन का परिचालन शुरू होता है, वहीं से निगरानी हो और आने वाले हर स्टेशन पर ध्यान रखा जाना होगा। जिलाध्यक्ष श्री सुन्दरका ने कहा कि इस समस्या के संपूर्ण समाधान के लिए सभी स्टेशनों पर महिला कोच पर निगरानी के साथ साथ कोच की संख्या भी बढ़ानी होगी, जिसके लिए विगत दो वर्ष से रेलवे का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। ट्रेन संख्या 15515 / 15516, नरकटियागंज - दानापुर के परिचालन में स्टेशनों की संख्या बढ़ गई, लेकिन कोच की संख्या उतनी ही है। पहले ट्रेन रक्सौल से चल रही थी, फिर ट्रेन सुगौली से चलनी शुरू हुई और उसके कुछ समय बाद नरकटियागंज से चलने लगी। रक्सौल से नरकटियागंज तक 10 स्टेशन बढ़ गए, परन्तु कोच उतने ही है। काफी समय से माँग की जा रही है कि कोच की संख्या बढ़ाकर 22 की जाए या एलएचबी रैक में अपग्रेड किया जाए। रेलवे इस पर गंभीरता से संज्ञान लें।

सुप्पी और बैरगनिया प्रखंड तथा सीतामढ़ी और शिवहर डायट में अभिषेक झा का जनसंपर्क अभियान

# तिरहुत स्नातक चुनाव में विकास के नाम पर मांगा समर्थन


जन संपर्क कार्यक्रम को संबोधित करते तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा।

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। इसी क्रम में एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने शनिवार को सीतामढ़ी जिले के सुप्पी और बैरगनिया प्रखंड तथा सीतामढ़ी और शिवहर डायट में मतदाता मिलन एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं और शिक्षकों से समर्थन मांगा। सुप्पी प्रखंड के ससौला पंचायत सरकार भवन तथा बैरगनिया प्रखंड के बनवारी धर्मशाला में आयोजित मतदाता मिलन समारोह में जद(यू) सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, एनडीए के विभिन्न घटक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मतदाता मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में बिहार में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर वे स्नातकों, शिक्षकों और आम लोगों के हितों की आवाज को मजबूती से सदन में उठाएंगे तथा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे। श्री झा ने कहा कि सीतामढ़ी की जनता हमेशा विकास और सुशासन की राजनीति के साथ रही है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि तिरहुत क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए उनको सेवा का मौका दें। जद(यू) जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने भी मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में जनता ने एनडीए पर भरोसा जताया था, उसी तरह इस चुनाव में भी अभिषेक झा को प्रचंड समर्थन मिलेगा। कार्यक्रम में मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने अभिषेक झा का स्वागत किया। एनडीए प्रत्याशी ने सीतामढ़ी और शिवहर डायट पहुंचकर शिक्षक साथियों से संवाद किया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा हुई तथा अभिषेक झा ने शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने एवं शिक्षकों के हितों के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिया।

सुप्पी एवं बैरगनिया प्रखंड बैठक की अध्यक्षता क्रमशः हेमंत कुमार मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं जयप्रकाश निराला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा बैरगनिया ने की। बैठक में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में सत्येंद्र नारायण सिंह, शिवेंद्र चौधरी, जियालाल ठाकुर, अंजय पटेल प्रभुनाथ सिंह, राणा आकाशदीप, अनिल सिंह, चंदन पांडे, कामिनी पटेल, प्रोफेसर राज कुमार सिंह, आदित्य मिश्रा, नीतीश जायसवाल, कमोद कुशवाहा, बबलू झा, संतोष कुमार मंडल, शिक्षक एस राज, सहित दर्जनों नेताओं एवं समाजसेवियों ने अभिषेक झा को विजई बनाने का संकल्प लिया।

## नव पदस्थापित शाखा प्रबंधक मो. नौशाद को किया गया सम्मानित


नव पदस्थापित बैंक शाखा प्रबंधक को सम्मानित करते पूर्व उप प्रमुख व अन्य गणमान्य लोग।

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की दोस्तियां शाखा में नवपदस्थापित शाखा प्रबंधक मो. नौशाद अहमद का संजीवनी विद्यास्थली दोस्तियां की निदेशक पूजा राज सुमन एवं पूर्व उप प्रमुख जयकिशोर साह उर्फ ललित ने बुके भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में दोस्तियां मुखिया देवेन्द्र राम, घुरघुरा हनुमाननगर मुखिया प्रतिनिधि ज्याउद्दीन उर्फ तन्नु, दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता प्रमित किशोर साह, वार्ड सदस्य रामबाबू साह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर पूजा राज सुमन ने कहा कि बैंक और समाज के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण वित्तीय सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नए शाखा प्रबंधक के नेतृत्व में ग्राहकों को और अधिक बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा बैंक की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

**शाखा प्रबंधक ने बेहतर बैंकिंग सेवाओं का दिलाया भरोसा**

जयकिशोर साह उर्फ ललित, देवेंद्र राम एवं तन्नु ने कहा कि बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए शाखा प्रबंधक ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए जनहितकारी कार्यशैली अपनाएंगे, जिससे बैंक और आम जनता के बीच विश्वास और मजबूत होगा। इस दौरान नवपदस्थापित शाखा प्रबंधक मो. नौशाद अहमद ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राहकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राहक संतुष्टि को केंद्र में रखकर शाखा का संचालन किया जाएगा और बैंक हर वर्ग के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगा।

## ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक सीतामढ़ी में प्रतिनियुक्त किया गया डॉक्टर



ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में प्रतिनियुक्त हुए डॉक्टरों को सम्मानित करते पूर्व सैनिक संघ के लोग।

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** पूर्व सैनिकों का अस्पताल ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक सीतामढ़ी में पिछले कई महीनों से मेडिकल ऑफिसर का पद खाली चल रहा था, जिसके कारण पॉलीक्लिनिक व्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। लाभार्थियों को दवा रेफर एवं अन्य चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा था। पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने बताया कि स्थानीय पूर्व सैनिकों की तत्परता और विभागीय पहल से पॉलीक्लिनिक में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति संभव हो पाया है। जिले के सभी पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर विभागीय अधिकारी एवं जिला प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया था, जिसमें मिडिया ने भी अहम भूमिका निभाई थी। मेडिकल डॉक्टर हर्षवर्धन कुमार, डेन्टल डॉक्टर आकांक्षा आनंद व फार्मासिस्ट जुही कुमारी की प्रतिनियुक्ति विभाग द्वारा की गई है। उम्मीद है इनके आने से जिले के पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ससमय उपलब्ध हो पाएगा। एूँर ड्ड का पद अभी भी खाली है। नवनियुक्त डॉक्टरों को जिले के सभी पूर्व सैनिकों के तरफ से पूर्व वायु सैनिक नरेन्द्र सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान करते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर सुबेदार रामेश्वर पूर्वे, सुबेदार विजय प्रसाद, महिला विंग की अध्यक्ष सावित्री प्रसाद,रागिनी प्रसाद उपस्थित थे।

# रामदयालु सिंह महाविद्यालय आज मनाएगा 78वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सजा संवरा रामदयालु सिंह कॉलेज।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय का 78वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया जाएगा। शनिवार को समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गई।

कॉलेज के वर्तमान प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने बताया कि कॉलेज के 78वें स्थापना दिवस समारोह में बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय, पूर्व कुलपति बीएन मंडल विश्वविद्यालय, प्रो रिपूसूदन श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ समीर कुमार शर्मा, विवि के पदाधिकारी गण, कॉलेज के पूर्व प्राचार्य, सेवानिवृत शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार और पूर्ववर्ती छात्र मौजूद रहेंगे। उन्होंने महाविद्यालय के इतिहास पर चर्चा करते हुए बताया कि 78 साल पहले महाविद्यालय का सफर 292 छात्रों के साथ शुरू हुआ था। उस समय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के आठ शिक्षक थे। समय के साथ महाविद्यालय ने तरक्की की और विरासत धीरे-धीरे समृद्ध होता चला गया। 57 एकड़ जमीन पर फैले महाविद्यालय में आज 13 हजार से अधिक विद्यार्थी विभिन्न विषयों में पढ़ाई कर रहे हैं। यह महाविद्यालय प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार विधानसभा के प्रथम सभापति स्वर्गीय रामदयालु बाबू के नाम पर 1948 में स्थापित हुआ था। मनियारी के शिक्षा प्रेमी व्यक्तित्व महंत दर्शन दास के 50000 के प्राथमिक अनुदान, महेश प्रसाद सिंह के उत्साह व उद्यम और श्री कृष्ण जयंती फंड से अतिरिक्त 50000 के अनुदान से इस शिक्षण संस्थान की शुरूआत 5 मई 1948 को डॉ श्री कृष्ण सिंह के कर कमलों द्वारा हुआ था। इस महाविद्यालय की शुरूआत करने वालों में महंत दर्शन दास, महेश बाबू, त्रिवेणी बाबू, ललितेश्वर प्रसाद शाही, श्री नारायण महंथ, जय मंगल शर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महाविद्यालय के पहले प्राचार्य हक्कू साहब कश्मीर से थे, वहीं महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ठाकुर प्रसाद सिंह बिहार के शिक्षा मंत्री भी रहे। महाविद्यालय के ऐतिहासिक विरासत को समृद्ध बनाने में महाकवि जानकी वल्लभ शास्त्री, डॉ सुरेंद्रनाथ दीक्षित, जीडी कटियार, प्रो उदय बाबू, प्रो गोपेश्वर सिंह, प्रो मदन कश्यप, डॉ प्रभाकर सिन्हा जैसे शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्तमान में कला, विज्ञान और वाणिज्य विषयों में नामांकन के लिए यह महाविद्यालय छात्रों की पहली पसंद बन गया है। इसके साथ ही खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र में यह महाविद्यालय देश स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा यह कॉलेज अपनी ग्लोबल एकेडमिक पहचान बनाने में अनवरत प्रयासरत है।

## सम्पादकीय

# ग्रामीण भारत का विकास सुनिश्चित करेगा पंचायत स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन

पंचायती राज विभाग में 16वें वित्त आयोग की अनुशंसा तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में गत दिनों एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण- सह- समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी उप विकास आयुक्त (डीडीसी), जिला पंचायत राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) और संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर यह सबक मिला कि गांवों के समग्र विकास के सपने को साकार करने के लिए सभी पदाधिकारियों में दृढ़ इच्छाशक्ति का भाव होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत /2047' के संकल्प को साकार करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त, उत्तरदायी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने को कहा है। पंचायत स्तर पर योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन ही सही मायने में ग्रामीण भारत का विकास सुनिश्चित करेगा।

28 हजार करोड़ का कीर्तिमान : बैठक में सभी जिलों के डीडीसी और डीपीआरओ की कार्यशैली की सराहना की गई। पिछले छह महीनों में विभाग ने 28 हजार करोड़ रुपये के उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) जमा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वाथ ही योजनाओं की नियमित समीक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और योजनाओं को जल्द पूरा करने पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।

आम जनता से जुड़े मामलों का समाधान पंचायत स्तर पर ही सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री सहयोग पोर्टल के राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में आने वाले सभी मामलों का समाधान पंचायत स्तर पर ही पहले से सुनिश्चित कर लिया जाए।

पंचायत सरकार भवनों का काम जल्द पूरा हो : पंचायत सरकार भवनों के निर्माण, हस्तांतरण और क्रियाशील बनाने के लिए जिलों को तेजी से काम करना है। गुणवत्ताहीन कार्य करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने का भी निर्देश दिया गया।

मौजूद पोस्ट अफिसों को प्राइवेट भवनों से निकालकर पंचायत सरकार भवनों में शीघ्र स्थानांतरित किया जाए। पंचायत सरकार भवनों के लिए जमीन चयन करते समय विभागीय गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने का भी निर्देश दिया गया।

सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा : मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लाइट लगाने वाली एजेंसियों को लाइट अधिष्ठापित करने के बाद ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जाए। यदि एजेंसी लगातार लापरवाही बरत रही है तो उन पर पेनाल्टी लगाई जाए।

लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश : 15 लाख रुपये से अधिक की योजनाओं में निविदा प्रकाशित किए बिना कार्य कराए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिन पंचायतों में व्यय एक प्रतिशत से भी कम है, वहां के पंचायत सचिव एवं मुखिया के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। छह जर्जर पंचायत सरकार भवनों के मामलों में संबंधित जिला पंचायत राज पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही डीडीसी को विभाग के कार्यो की जवाबदेही लेने का निर्देश दिया गया।

तीन प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण : बैठक में जिलों से आए अधिकारियों को तीन प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया- 16वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग, पंचायत विकास दिवस पोर्टल का प्रभावी इस्तेमाल और उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) मॉड्यूल।

वित्त आयोग से प्राप्त अनुदानों का उपयोग समयबद्ध, पारदर्शी और जनहितकारी तरीके से होना चाहिए। इसका सीधा लाभ राज्य के हर गांव और हर नागरिक तक पहुंचे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत होगी, जनसेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और स्थानीय विकास योजनाएं नई गति पाएंगी।

# पंचायत चुनाव में देरी से असमंजस


पार्थ सारथी विश्वकर्मा

लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव वह धुरी है जिस पर सुशासन और जन-प्रतिनिधित्व का पूरा ढांचा टिका होता है। भारत में 73वें संविधान संशोधन के बाद से पंचायती राज संस्थाएं जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की सबसे मजबूत और जीवंत इकाई बन गई हैं। बिहार जैसे कृषि प्रधान और ग्रामीण बहुल राज्य में पंचायत चुनावों का महत्व और भी अधिक हो जाता है, क्योंकि यहां ग्रामीण विकास की लगभग सभी प्रमुख योजनाएं इन्हीं संस्थाओं के माध्यम से संचालित होती हैं। हाल ही में बिहार के पंचायत चुनावों को लेकर एक अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हुई है। एक ओर जहां राज्य के पंचायती राज मंत्री लगातार यह बयान देते रहे कि चुनाव अपने तय समय पर और बदले हुए आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही कराए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर राज्य मंत्रिमंडल ने यह फैसला लिया कि चुनाव परिसीमन (वार्डों और पंचायतों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण) के बाद ही होंगे। इस फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव में कम से कम एक साल की देरी होगी। सरकार के इस नीतिगत बदलाव और चुनाव टलने की स्थिति का ग्रामीण प्रशासन, राजनीति और विकास पर गहरा प्रभाव पड़ना तय है। किसी भी बड़े नीतिगत निर्णय की तरह, इसके भी कई सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष हैं, जिनका समग्र विश्लेषण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

इस फैसले के सकारात्मक पक्षों पर दृष्टि डालें तो सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पहलू जनसांख्यिकीय न्याय और समान प्रतिनिधित्व का है। परिसीमन का मूल उद्देश्य यह होता है कि बढ़ती हुई आबादी और बदलते भौगोलिक समीकरणों के अनुसार चुनाव क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जाए। पिछले एक दशक में बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बदलाव हुए हैं। कई गांव कस्बों में बदल गए हैं, कई पंचायतों का शहरीकरण हो गया है और उन्हें नगर निकायों में शामिल कर लिया गया है। ऐसे में पुरानी सीमाओं के आधार पर चुनाव कराने से आबादी का असमान प्रतिनिधित्व होता। किसी पंचायत में मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक हो जाती, तो किसी में बहुत कम। परिसीमन के फैसले से यह सुनिश्चित होगा कि हर वार्ड और पंचायत में मतदाताओं की संख्या लगभग समान रहे, जिससे एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य का वास्तविक लोकतांत्रिक सिद्धांत जमीनी स्तर पर लागू हो सकेगा। यह एक लंबी और जटिल प्रक्रिया जरूर है, लेकिन इसके परिणाम दूरगामी और न्यायसंगत होते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु आरक्षण रोस्टर का वैज्ञानिक और तार्किक निर्धारण है। पंचायती राज मंत्री ने आरक्षण रोस्टर में बदलाव की बात कही थी, लेकिन बिना सटीक परिसीमन के नया आरक्षण रोस्टर लागू करना विसंगतियों को जन्म दे सकता था। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गो और महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ तभी सही मायनों में लक्षित समूहों तक पहुंच सकता है, जब उनके निवास क्षेत्रों और जनसंख्या के नवीनतम आंकड़ों के आधार पर पंचायत और वार्ड की सीमाएं तय हों। नया परिसीमन प्रशासन को यह अवसर देगा कि वह त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करे और आरक्षण के नियमों को इस तरह लागू करे कि भविष्य में इसे किसी भी न्यायालय में चुनौती न दी जा सके। अक्सर देखा गया है कि जल्दबाजी में कराए गए चुनावों में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां होती हैं, जिससे कई योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह जाते हैं। एक साल का यह अतिरिक्त समय चुनाव आयोग और राज्य प्रशासन को इन सभी खामियों को दूर करने, सीमाओं के विवाद सुलझाने और एक पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करेगा।

इसके अतिरिक्त प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी नई पंचायतों का गठन और उनका सुव्यवस्थित सीमांकन विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होता है। बहुत बड़ी या बिखरी हुई आबादी वाली पंचायतों में विकास कार्यो की निगरानी करना मुखिया और पंचायत सचिव के लिए मुश्किल होता है। परिसीमन के माध्यम से जब पंचायतें एक तार्किक और प्रबंधनीय भौगोलिक इकाई के रूप में पुनर्गठित होंगी, तो वहां प्रशासनिक नियंत्रण, संसाधनों का वितरण और योजनाओं की मनिटरिंग अधिक सुगम हो जाएगी। इससे भविष्य में बनने वाली पंचायती राज संस्थाएं अधिक कार्यकुशल और जवाबदेह साबित हो सकती हैं।

हालाँकि, इस फैसले के नकारात्मक पक्ष भी उतने ही गंभीर हैं और उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सबसे बड़ा और सीधा नुकसान लोकतांत्रिक निरंतरता के टूटने का है।

> **पंचायत चुनाव में एक साल की देरी से ग्रामीण लोकतंत्र में जो शून्यता आएगी, वह विकास कार्यो को बाधित कर सकती है और नौकरशाही के प्रभुत्व को बढ़ा सकती है। ऐसे में राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह परिसीमन की इस जटिल प्रक्रिया को एक निश्चित और कठोर समय-सीमा के भीतर पूरी करे। इसके साथ ही, संक्रमण काल के दौरान प्रशासकों की जवाबदेही तय करने के लिए एक सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाना चाहिए।**

संविधान की भावना यह कहती है कि हर पांच साल में चुने हुए प्रतिनिधियों को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद नई चुनी हुई संस्था को कार्यभार सौंपना चाहिए। चुनावों में एक साल की देरी का मतलब है कि ग्रामीण स्तर पर निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों का अभाव रहेगा।

पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, उनका संचालन आमतौर पर नौकरशाहों (जैसे प्रखंड विकास पदाधिकारी या प्रशासकों) के हाथों में चला जाता है या पुरानी कमेटियों को ही तदर्थ रूप में काम करने को कहा जाता है। यह स्थिति लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की मूल भावना के खिलाफ है। जब विकास कार्यो की बागडोर सीधे अधिकारियों के हाथ में आ जाती है, तो वहां लालफीताशाही बढ़ने की पूरी आशंका रहती है। आम ग्रामीण के लिए अपनी समस्याओं (जैसे नाली, सड़क, पेयजल, या राशन) को लेकर एक अधिकारी के पास जाना उतना आसान नहीं होता, जितना कि अपने पड़ोस में रहने वाले वार्ड सदस्य या मुखिया के पास जाना।

इस देरी का दूसरा सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव ग्रामीण विकास की गति पर पड़ेगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, और हर घर नल का जल जैसी योजनाएं सीधे तौर पर पंचायतों द्वारा लागू की जाती हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में इन योजनाओं में नीतिगत पंगुता आ सकती है। प्रशासकों के पास पहले से ही प्रखंड और जिले के कई प्रशासनिक कार्य होते हैं, ऐसे में वे पंचायतों के दैनिक कार्यो और सूक्ष्म विकास परियोजनाओं पर उतना ध्यान नहीं दे पाते। इसके अलावा, जन-प्रतिनिधियों के न होने से जवाबदेही कम हो जाती है, जिससे स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार या कार्यो में लापरवाही पनपने का खतरा बढ़ जाता है। विकास कार्यो की गति धीमी होने से सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीबों की आजीविका प्रभावित होती है।

वित्तीय दृष्टिकोण से भी पंचायत चुनावों में देरी राज्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। भारतीय संविधान के तहत केंद्रीय वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर पंचायतों को सीधे तौर पर करोड़ों रुपये का अनुदान मिलता है। यह अनुदान सशर्त होता है, और इसकी सबसे बड़ी शर्त यह होती है कि राज्य में विधिवत रूप से निर्वाचित पंचायतें कार्यरत हों। यदि चुनाव एक साल तक टलते हैं, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि केंद्र सरकार से मिलने वाले इन विकास फंडों पर रोक लग जाए या वे विलंबित हो जाएं। बिहार जैसे राज्य के लिए, जहां ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए यह फंड जीवनरेखा के समान है, इसका रुकना एक बड़ा वित्तीय संकट खड़ा कर सकता है। पैसों की कमी के कारण गांवों में चल रहे निर्माण कार्य बीच में ही ठप पड़ सकते हैं।

राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी इस विरोधाभासी स्थिति ने एक असमंजस का माहौल पैदा कर दिया है। सरकार के भीतर समन्वय की कमी जहां मंत्री चुनाव समय पर होने का दावा करते रहे और अचानक कैबिनेट परिसीमन का फैसला ले लेती है जनता के बीच सरकार की विश्वसनीयता को कम करती है। पंचायत चुनाव बिहार में किसी विधानसभा चुनाव से कम उत्साहपूर्ण नहीं होते हैं। लाखों संभावित उम्मीदवार पिछले एक-दो साल से अपनी जमीन तैयार कर रहे थे, चुनाव प्रचार में अपना समय, ऊर्जा और संसाधन लगा रहे थे। अचानक चुनाव टलने से इन जमीनी कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों में निराशा का भाव पैदा होता है। उनका जनसंपर्क अभियान बीच में ही लटक जाता है, और कई लोगों के लिए यह आर्थिक रूप से भी नुकसानदेह साबित होता है, क्योंकि एक साल बाद उन्हें फिर से पूरी चुनावी कवायद शून्य से शुरू करनी होगी।

निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि बिहार मंत्रिमंडल का परिसीमन के बाद चुनाव कराने का फैसला सैद्धांतिक और दीर्घकालिक प्रशासनिक सुधार के नजरिए से एक स्वागत योग्य कदम है। यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य की पंचायतें अधिक न्यायसंगत, प्रतिनिधिमूलक और जनसांख्यिकीय हकीकत के करीब हों।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

# अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन में श्रेष्ठ साहित्य के माध्यम से विचार क्रांति का किया गया आह्वान

**अखिल** विश्व गायत्री परिवार, गायत्री तपोभूमि, मथुरा के तत्वावधान में शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ (प्रथम तल), कंकड़बाग, पटना में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में बिहार के विभिन्न जिलों से आए अखंड ज्योति पाठकों, प्रज्ञा परिजनों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री महामंत्र के उच्चारण, दीप प्रज्वलन एवं युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य तथा वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

> **अखंड ज्योति केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाली आध्यात्मिक विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि आज समाज में तनाव, स्वार्थ और नैतिक पतन तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे समय में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का साहित्य मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ का कार्य कर रहा है**

मुख्य अतिथि अशोक पांडेय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि अखंड ज्योति केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाली आध्यात्मिक विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि आज समाज में तनाव, स्वार्थ और नैतिक पतन तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे समय में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का साहित्य मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन कुछ समय निकालकर अखंड ज्योति का अध्ययन करे तो परिवारों में प्रेम, संस्कार, अनुशासन एवं सद्भाव का वातावरण स्वतः निर्मित होगा।

उन्होंने सभी पाठकों से आग्रह किया कि वे स्वयं पढ़ें, अपने बच्चों को पढ़ाएँ और कम-से-कम पाँच नए पाठकों को अखंड ज्योति से जोड़ने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि विचार बदलेंगे तो व्यक्ति बदलेगा, व्यक्ति बदलेगा तो समाज और राष्ट्र भी बदलेगा।

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, बिहार के प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता आर्थिक विकास नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण है। उन्होंने कहा कि युग निर्माण मिशन का संपूर्ण साहित्य मनुष्य के भीतर छिपी दिव्यता को जगाने का माध्यम है। अखंड ज्योति के प्रत्येक अंक में जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा, वैज्ञानिक अध्यात्म, परिवार निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण का संदेश समाहित है।

उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती हिंसा, नशाखोरी, पारिवारिक विघटन और नैतिक गिरावट का स्थायी समाधान केवल श्रेष्ठ विचारों के प्रसार से ही संभव है।

उन्होंने उपस्थित युवाओं का विशेष आह्वान करते हुए कहा कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया पर अनावश्यक समय व्यर्थ करने के बजाय प्रतिदिन कम-से-कम 20 मिनट स्वाध्याय करें तथा युग साहित्य को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएँ। उन्होंने कहा कि ज्ञान तभी सार्थक है जब वह जीवन और व्यवहार में दिखाई दे।

साथ हीं उन्होंने ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि अपने जीवन में लक्ष्य, अनुशासन और सेवा भावना को अपनाना चाहता है तो उसे युगऋषि के साहित्य से अवश्य जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है और अब समय आ गया है कि बिहार का प्रत्येक युवा विचार क्रांति अभियान का सक्रिय सहभागी बने।



अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री तपोभूमि, मथुरा के तत्वावधान में शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ (प्रथम तल), कंकड़बाग, पटना में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

उन्होंने कहा कि प्रज्ञा अभियान केवल धार्मिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने गाँव, मोहल्ले एवं विद्यालयों में स्वाध्याय मंडल, पुस्तकालय एवं अखंड ज्योति पाठक समूह का गठन करें तथा श्रेष्ठ साहित्य को घर-घर पहुँचाने का अभियान चलाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा शक्ति के जागरण से बिहार पुनः ज्ञान, संस्कृति और नैतिक नेतृत्व की भूमि के रूप में स्थापित होगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने नियमित स्वाध्याय, अखंड ज्योति के प्रचार-प्रसार, नशामुक्ति, संस्कार निर्माण एवं समाज में सद्विचारों के प्रसार का सामूहिक संकल्प लिया। शांतिपाठ एवं आभार ज्ञापन के साथ सम्मेलन का सफल समापन हुआ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेन्द्र शर्मा , राम श्याम शर्मा, ज्ञानप्रकाश , निशांत रंजन , राजीव रंजन , सचिदानंद एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सभी भाइयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# आईजीआईएमएस के चिकित्सक को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का राष्ट्रीय कम्युनिटी सर्विस अवार्ड




**इंदिरा** गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अपर प्राध्यापक एवं उप चिकित्सा अधीक्षक डा. सेतु सिन्हा को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जनस्वास्थ्य, सामुदायिक चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिष्ठित कम्युनिटी सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा के सांसद मयंकभाई ज़े नायक, आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल नायक, मानद महासचिव डा. सरबरी दत्ता तथा आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सहजानंद प्रसाद सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

आईएमए कम्युनिटी सर्विस अवार्ड प्रतिवर्ष उन चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समाज के स्वास्थ्य में सुधार तथा चिकित्सा पेशे की उन्नति के लिए समर्पित भाव से अनुकरणीय योगदान दिया हो।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. सेतु सिन्हा ने निवारक एवं सामुदायिक चिकित्सा, टीकाकरण, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, चिकित्सा शिक्षा तथा जनस्वास्थ्य नीति के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया है तथा लोगों तक समान, न्यायसंगत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

इस अवसर पर डा. सिन्हा ने कहा कि कोई भी चिकित्सक पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा से समाज की सेवा नहीं करता। किसी भी चिकित्सक के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार लोगों का जीवन बचाना, उनकी पीड़ा को कम करना तथा मरीजों एवं समाज का विश्वास और संतोष प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान निश्चित रूप से मानवता की सेवा के प्रति और अधिक समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिससे वे भविष्य में और अधिक संवेदनशीलता, नैतिकता एवं गरिमा के साथ प्रत्येक व्यक्ति के सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवा के अधिकार को सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे।

संस्थान ने यह भी प्रसन्नता व्यक्त की कि इस राष्ट्रीय समारोह में बिहार के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों को भी विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इनमें पद्म भूषण डा. सीपी ठाकुर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, आईएमए बिहार के राज्य अध्यक्ष डा आशुतोष शरण को एमिनेंट डाक्टर अवार्ड, डा. जसबीर शरण को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड तथा डा. संतोष कुमार सिंह को आओ गाँव चलें अवार्ड प्रदान किया गया।

यह सम्मान आईजीआईएमएस परिवार के लिए भी गर्व का विषय है तथा संस्थान ने डा. सेतु सिन्हा को इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## पर्यटन विभाग की पहल

# श्रावणी मेला की सांस्कृतिक विरासत का फिल्मांकन कर पाएं आकर्षक पुरस्कार

पर्यटन विभाग द्वारा श्रावणी मेला की सांस्कृतिक विरासत के वृहत प्रसार हेतु श्रावणी मेला, 2026 : एक इन्फ्लुएंसर की नजर से नामक वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 25000 फलोअर्स वाले कोई भी इन्फ्लूएंसर्स या कंटेट क्रिएटर्स भाग लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में तीन, दो व एक लाख रुपये के अतिरिक्त 50 हजार के दो चतुर्थ और 25 हजार रुपये के पांच प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं।

श्रावणी मेला का आयोजन दिनांक 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की जा रही इस प्रतियोगिता का उद्देश्य श्रावणी मेला की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपरा व विरासत को डिजिटल माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचारित-प्रसारित व इन्फ्लूएंसर्स / कंटेट क्रिएटर्स को प्रोत्साहित करना है।

पर्यटन विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता विशेष रूप से उन इन्फ्लुएंसर्स/ कंटेंट क्रिएटर्स के लिए आयोजित की जा रही है, जो अपने सोशल मीडिया माध्यमों से बिहार की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को व्यापक दर्शक समूह तक पहुँचाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की अपील की है।

**क्या है पात्रता :** इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का भारतीय नागरिक होना, उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक होना तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्वीटर) और युट्यूब पर कुल मिलाकर न्यूनतम 25,000 फलोअर्स होना आवश्यक है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों को श्रावणी मेला (मुंगेर, बांका एवं भागलपुर स्थित कांवरिया पथ) से संबंधित वीडियो/ रील तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

वीडियो की अवधि न्यूनतम 30 सेकंड तथा अधिकतम 2 मिनट निर्धारित की गई है, और प्रस्तुत की जाने वाली सामग्री पूर्णतः श्रावणी मेला से संबंधित होनी चाहिए, अन्यथा प्रविष्टि अयोग्य मानी जाएगी।

**प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया :** सभी प्रविष्टियाँ गूगल फार्म के माध्यम से भेजी जाएंगी, जिसका लिंक पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **टुरिज्म. बिहार. गॉभ. इन** पर उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रतिभागियों को नाम, पता, जन्मतिथि, संपर्क विवरण, वैध पहचान पत्र तथा प्रत्येक वीडियो के साथ हिंदी या अंग्रेजी में अधिकतम 50 शब्दों का संक्षिप्त विवरण भी देना होगा।

विभाग द्वारा यह भी निर्धारित किया गया है कि वीडियो एचडी गुणवत्ता का हो तथा उसका आकार 100 एमबी से 1 जीबी के बीच हो।

वीडियो का जियोटैग्ड होना अनिवार्य होगा तथा चयनित प्रतिभागियों को विभाग की मांग पर रॉ फुटेज भी उपलब्ध कराना होगा।

**वीडियो कब बनाएं और कब जमा करें :** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिभागियों को प्रथम सोमवारी, अर्थात 03-08-2026 के उपरांत अपने सोशल मीडिया चैनलों पर वीडियो प्रसारित करना होगा।

दूसरी सोमवारी 10-08-2026 के उपरांत दो दिनों के भीतर, अर्थात 13-08-2026 तक संबंधित वीडियो विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

प्रतियोगिता में प्रस्तुत सामग्री के संबंध में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वीडियो में किसी प्रकार की आपत्तिजनक, विवादित अथवा थर्ड पार्टी अधिकारों का उल्लंघन करने वाली सामग्री नहीं होनी चाहिए।

साथ ही, वीडियो में लोगो, वॉटरमार्क या अन्य पहचान चिन्ह नहीं होना चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति में एआई का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा, एआई उपयोग पाए जाने पर प्रविष्टि अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

प्राप्त प्रविष्टियों का परीक्षण निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। चयनित वीडियो विभागीय सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाएंगे और पोस्ट के उपरांत 45 दिनों तक वीडियो के रीच, प्राप्त लाइक्स तथा शेयर की संख्या के आधार पर समीक्षा की जाएगी।

एक्स (ट्वीटर) के मामले में रीट्वीट को शेयर माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी पर्यटन विभाग की आधिकारिक ई-मेल आईडी **डीआईआर-टुरिज्म-बीआईएच एट द रेट. इन** पर संपर्क कर सकते हैं ।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### तटबंधों की लगातार पेट्रोलिंग कराने एवं सुरक्षात्मक सामग्री का भंडारण रखने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आज जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा जल निस्सरण प्रमंडल मोतिहारी अंतर्गत ढाका प्रखंड के बलुआ गुआवारी में लालबकेया दायां भाग तटबंध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल निस्सरण प्रमंडल मोतिहारी के कार्यपालक अभियंता इं इफ्तेखार इमाम के द्वारा बाढ़ प्रबंधन हेतु की गई तैयारी की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय बालू, बालू भरा हुआ बोरे का भंडारण तथा तटबंध श्रमिकों एवं अभियंताओं द्वारा प्रतिदिन गस्ती की जा रही है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया स्थिति को देखते हुए गस्ती को बढ़ाया जाए एवं रात्रि गश्ती भी कराई जाए। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि यह तटबंध भारत नेपाल सीमा से पताही प्रखंड के खोड़ीपाकड़ ग्राम तक लगभग 20 किलोमीटर में अवस्थित है।इसके सभी स्थल पूर्णत सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के विरुद्ध सभी तरह के सुरक्षात्मक प्रबंध कर लिए गए हैं। अधिक बाढ़ की स्थिति में हर प्रकार से तैयारी एवं बाल सुरक्षा सामग्रियों का भंडारण कर लिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा समुचित मात्रा में बाढ़ सुरक्षा सामग्री का भंडारण पूरे बाढ़ अवधि तक रखने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता श्री राज ष्ण झा, अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना, अंचल अधिकारी, बाढ़ प्रमंडल के अभियंता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सेमरा भोला टोला पोखरा के समीप छापेमारी में 60 लीटर देसी शराब बरामदय बाइक छोड़कर कारोबारी भागने में रहा सफल

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** पुलिस ने शनिवार को सेमरा भोला टोला पोखरा के पास छापेमारी कर 60 लीटर देसी शराब और एक बाइक बरामद की है. शराब कारोबारी मौके से बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा, पुलिस ने शराब कारोबारी की पहचान कर ली है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है. शराब कारोबारियों की पहचान सुगौली थाना क्षेत्र के मेहवा निवासी रूपेश कुमार और मुन्ना सहनी के रूप में की गई है।

### सीओ ने की जन सुनवाई, दो मामलों का हुआ निपटारा

**अरेराज(एनएसबी)।** प्रखंड के सीओ ने अपने कार्यालय मे शनिवार को जन सुनवाई कर जमीन संबंधी दो मामलों का निपटारा किया है। सीओ विनोद कुमार पाण्डे ने बताया कि पिपरा गाँव के दो लोगों का दाखिल खारिज संबधित मामले का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर निपटारा किया जाएगा।

### चिरान मशीन परिसर में छुपाए चार वाहनों से 227 लीटर विदेशी शराब बरामद

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पड़ौलिया धरमुहा के उपेन्द्र राय के चिरान मशीन परिसर में छापेमारी कर चार अलग-अलग वाहनों से कुल 227.16 लीटर विदेशी शराब बरामद की। पुलिस ने शराब के साथ चारों वाहनों को जब्त कर लिया है तथा मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी सदर टू जीतेश पांडेय ने बताया कि उजले रंग की बोलेरो पिकअप से 180.36 लीटर, उजले रंग की टाटा इंडिका कार से 17.28 लीटर, ग्रे रंग की हुंडई आई-20 कार से 25.92 लीटर तथा काले-उजले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल की डिक्की से 3.60 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इस प्रकार कुल 227.16 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई।छापेमारी का नेतृत्व सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितेश पांडे ने किया। अभियान में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारी आदित्य कुमार भारद्वाज, राजवीर, चौकीदार अभिषेक कुमार, नितेश कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहेस पुलिस ने बताया कि बरामद शराब एवं जब्त वाहनों के संबंध में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है।

### शिव शिष्यों ने लोगों से की पेड़ लगाने की अपील

**चकिया।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में शिव शिष्यता की जननी दीदी नीलम आनन्द की 21वे पुण्यतिथि पर पौधारोपण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पैदल भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिष्यों ने विभिन्न नारों के साथ शहर का भ्रमण कर पौधा लगाने की अपील की। वहीं वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित रहता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिव शिष्य एवं श्रद्धालु शामिल थे। लोगों से एक पौधा लगाने की अपील की तथा उसकी देखभाल करने की अपील की।

# विशेष लोक अदालत में 81 चेक बाउंस के मामलों का निपटारा, 18 लाख रुपये का वाद भी सुलझा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में शनिवार को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिले में मोतिहारी, ढाका और अरेराज में कुल पांच बेंचों का गठन किया गया। इनमें आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर कुल 81 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। मोतिहारी में तीन, जबकि ढाका और अरेराज में एक-एक बेंच बनाई गई थी। बेंच संख्या-1 में 24, बेंच संख्या-2 में 41, बेंच संख्या-3 में छह, बेंच संख्या-4 में सात तथा बेंच संख्या-5 में तीन मामलों का निष्पादन हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने सभी बेंचों का निरीक्षण कर




मामलों का निष्पादन करते न्यायाधीशगण।

वादकारियों और अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निष्पादन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय मिल रहा है, जिससे समय और संसाधनों की भी बचत होती है।
विशेष लोक अदालत में मानवता का भी उदाहरण देखने को मिला। न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी रिंकू की बेंच में दो मामलों में वादकारियों ने विपक्षी पक्ष की मृत्यु और आर्थिक स्थिति को देखते हुए चेक की राशि माफ कर दी। इस पहल की सभी ने सराहना की।
वहीं, एसीजेएम-12 के न्यायालय से संबंधित करीब 18 लाख रुपये के चेक बाउंस मामले का भी विशेष लोक अदालत के माध्यम से सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इसके अलावा 10 वर्ष से अधिक पुराने 10 से ज्यादा मामलों का भी निपटारा हुआ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आयोजन में सहयोग करने वाले न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, गैर-न्यायिक सदस्यों एवं न्यायालय कर्मियों के प्रति आभार जताते हुए लोगों से लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान की अपील की।

## बाढ़ से कांग्रेस ने फूंका संगठन विस्तार का बिगुल, बूथ से पंचायत तक मजबूती का संकल्प

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक विस्तार को गति देने के उद्देश्य से पटना जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण-2) द्वारा शुक्रवार को बाढ़ कांग्रेस मैदान में श्संगठन सृजन अभियानश के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुरजीत सिंह ने की। कार्यक्रम में संगठन को बूथ, पंचायत और प्रखंड स्तर तक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा जनसरोकार के मुद्दों पर पार्टी की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत रणनीति पर मंथन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गुरजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर आम लोगों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से बुलंद कर सकता है।बैठक में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी विजय कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य विजय शंकर सिंह, पूर्व मुखिया आमोद जी, पिंटू सिंह, रामानंदन सिंह, बुंदेल पासवान, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, रीना कुमारी, मंटू रजक, शर्मानंद पांडे, प्रोफेसर श्यामदेव चौहान सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठनात्मक अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की।पटना जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण-2) के जिला प्रवक्ता धर्मवीर कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना तथा जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की भागीदारी को व्यापक बनाना है।

## थाने से चंद कदम दूर डॉक्टर के सूने घर में लाखों की चोरी, नकाबपोश बदमाशों ने उड़ाए गहने

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के काजीचक मोहल्ले में मशहूर दिवंगत चिकित्सक ड़ नगीना पासवान के सूने आवास को निशाना बनाते हुए नकाबपोश चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के गहने-जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार के सदस्य इलाज के सिलसिले में पटना गए हुए थे और वहीं रुक गए थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार चोरी गए गहनों की कीमत करीब आठ से दस लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।गौरतलब है कि दिवंगत ड़ नगीना पासवान का आवास बाढ़ थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। स्थानीय लोगों का मानना है कि चोरों ने पहले घर और परिवार की गतिविधियों की रेकी की और उसके बाद सुनियोजित ढंग से चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिहार के डिग्री कलेजों को मिलेगी नई पहचान, 500 से अधिक अंगीभूत कलेजों के लिए नए कानून की तैयारी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़ा प्रशासनिक बदलाव प्रस्तावित है। राज्य सरकार 500 से अधिक अंगीभूत डिग्री कलेजों को पारंपरिक विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक नियंत्रण से अलग कर उन्हें अधिक स्वायत्तता देने के उद्देश्य से नया कानून लाने की तैयारी कर रही है।प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने के बाद इन कलेजों को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक स्तर पर अधिक अधिकार मिलने की संभावना है। माना जा रहा है कि इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी, संसाधनों के बेहतर उपयोग का मार्ग प्रशस्त होगा तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और संस्थागत जवाबदेही को नई दिशा मिलेगी।उच्च शिक्षा से जुड़े इस संभावित बदलाव को राज्य की कलेज शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, प्रस्तावित कानून और इसके प्रावधानों पर अंतिम निर्णय राज्य सरकार की स्वीति एवं विधायी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

## विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने शनिवार को सम्मसपुर में छापेमारी कर एक घर से 7.59 लीटर विदेशी शराब के साथ धंधेबाज अविनाश कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि सूचना मिली थी कि अविनाश अपने घर से शराब की बिक्री कर रहा है। इसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कटाव प्रभावित क्षेत्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, बचाव कार्य तेज करने का निर्देश

### लाल परसा घाट का सदर एसडीओ ने लिया जायजा



निरीक्षण करते डीएम व एसपी।



जायजा लेते सदर एसडीओ।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना के साथ चिरैया प्रखंड क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी के किनारे कटाव प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान नदी के जलस्तर और कटाव की स्थिति का जायजा लिया गयास निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को कटाव से बचाव के लिए सभी आवश्यक कार्य एवं प्रबंध हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और जरूरत के अनुसार त्वरित कार्रवाई करने को कहास वहीं, सुगौली अंचल के लाल परसा घाट का भी सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार ने जल निस्सरण प्रमंडल सिकरहना के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थल की स्थिति का आकलन करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## आईएआरआई पटना हब के छात्र-छात्राओं ने सीखे ग्रामीण सर्वेक्षण के गुर

**पीपराकोठी** कृषि विज्ञान केंद्र में आईएआरआई पटना हब के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवों से भरपूर रहा। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रातिक खेती, नर्सरी प्रबंधन और ग्रामीण अध्ययन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। केवीके प्रमुख ड अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अध्यापक मनीष कुमार के मार्गदर्शन में नर्सरी प्रबंधन से हुई। उन्होंने छात्रों को नर्सरी तैयार करने की तकनीक समझाई। इसके बाद छात्रों ने स्वयं श्रम कर नर्सरी तैयार की और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान छात्रों ने जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, निमास्त्र, अगास्त्र, ब्रह्मास्त्र, प्रो-ट्रे, केंचुआ खाद और कोकोपीट जैसे प्रातिक खेती के विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर उन्होंने इनका व्यावहारिक अभ्यास भी किया, जिससे उनकी समझ और अनुभव दोनों समृद्ध हुए। छात्रों की जिज्ञासा और सीखने की ललक देखकर प्रशिक्षक भी काफी प्रसन्न नजर आए। इसके बाद ड. गायत्री एवं ड़ अर्पिता ने छात्रों को पीआरए विषय पर प्रशिक्षण दिया। बताया कि गांवों में सर्वेक्षण के दौरान किन-किन सामाजिक, आर्थिक और षि संबंधी पहलुओं का ध्यान रखना चाहिए, ताकि अध्ययन अधिक प्रभावी और उपयोगी बन सके। प्रशिक्षण के अगले चरण में दोनों शिक्षिकाओं ने छात्रों को केवीके परिसर का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने बांस से बने विभिन्न उत्पादों को देखा, जिनमें विशेष रूप से छात्राओं को बांस से बने झुमके और मालाएं आकर्षक लगीं। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न इकाइयों का अध्ययन कर उनका मैप भी तैयार किया। पूरे दिन छात्रों में सीखने और नई चीजों को जानने का उत्साह बना रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाला भी साबित हुआ।

# मुंशी सिंह महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थी ने किया वृक्षारोपण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सेवार्थ विद्यार्थी, उत्तर बिहार प्रांत के तत्वावधान में शनिवार को मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं एवं समाज में जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना था।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत एसएफएस प्रमुख प्रो श्यामनंदन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने सभी से अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष ड़ उर्मिला वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।




वृक्षारोपण करते मुख्य अतिथि।

वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।विधि विभाग के प्राध्यापक प्रो वीरमणि ने वृक्षों को प्रति का अमूल्य उपहार बताते हुए कहा कि इनके बिना स्वस्थ और संतुलित जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रियांशु सिंह, रौशन राज, नमन कश्यप, रौशन कुमार, नितेश केसरी, अनन्या सिंह, खुशबू कुमारी, सलोनी कुमारी, पवन कुमार, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### घर से काम पर निकला युवक लापता परिजन लगा रहे थाने का चक्कर

**फतुहा।** नदी थाने के गढ़ोचक निवासी 35 वर्षीय युवक दीपक कुमार पिछले गुरुवार से लापता है। परिजनों के अनुसार वह हलवाई का काम करने गुरुवार को अपने साथियों के साथ फतुहा थाने के सुरंगापर गांव गए थे। वहां से उसी दिन दोपहर को घर जाने की बात साथियों को बताकर घर के लिए निकले लेकिन घर नहीं पहुंचे। उनकी हर जगह खोजबीन के बाद भी जब कोई पता नहीं चला तब परिजनों ने थाने की शरण ली लेकिन थाने से भी निराशा हाथ लगी। इस संबंध में गढ़ोचक के पूर्व वार्ड पार्षद बीरेंद्र कुमार ने बताया कि लापता दीपक के परिजनों को शुक्रवार से ही फतुहा थाने से नदी थाना और नदी थाने से फतुहा थाना का मामला बताकर चक्कर लगवाया जा रहा है। इस हाल में यदि कोई अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेवार कौन होगा उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारी को इस संदर्भ में अवगत कराया जाएगा। इधर उसके लापता होने के बाद से घर में कोहराम मचा है।

### जनवरी 2026 सत्र के लिए बीएड में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया 20 एवं 21 जुलाई 2026 को

**दरभंगा (एनएसबी)।** जनवरी, 2026 सत्र के लिए बी़एड में प्रवेश हेतु इग्नू क्षेत्रीय केंद्र-दरभंगा को नोडल केंद्र बनाया गया है। इस क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत दरभंगा एवं सहरसा रीजनल सेंटर के 20 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इग्नू मुख्यालय द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार जनवरी, 2026 सत्र के लिए बी़एड में प्रवेश हेतु क्षेत्रीय केंद्र दरभंगा एवं सहरसा के अंतर्गत संभावित प्रशिक्षुओं के प्रवेश हेतु प्रवीणता सूची जारी कर दी गई है। इस सत्र में कुल165 योग्य अभ्यर्थियों का प्रवेश किया जाना है। क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख ड़ शालिनी ने बताया कि इस सत्र में दरभंगा के जाकिर हुसैन टीचर ट्रेनिंग कालेज तथा पूर्णिया के मिल्लिया फखरुद्दीन बीएड कालेज के अतिरिक्तमधुबनी के मिल्लत टीचर ट्रेनिंग कालेज में बीएड पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए अध्ययन केंद्र को पुनरू शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु किसी भी विषय में ातक उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अतिरिक्तरेगुलर मोड से डीएड या डीएलएड उत्तीर्ण होना चाहिए तभी आप इग्नू से बीएड पाठ्यक्रम में काउंसलिंग कराने के लिए पात्र होंगे। बी़एड पाठ्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष, अधिकतम अवधि 4 वर्ष एवं शिक्षा का माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी है। यह कार्यक्रम रोजगार उन्मुख है। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वालों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न रोजगार के अवसर हैं। 20 एवं 21 जुलाई, 2026 को जनवरी,2026 सत्र के लिए बीएड कार्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### सिंहवाड़ा में नकली कॉस्मेटिक बेचने वाले चार दुकानों पर छापा, सामान जप्त

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिंहवाड़ा बाजार में चार दुकानों पर छापेमारी के दौरान कई सामग्री जप्त किए गए। नकली कस्मेटिक श्रृंगार सामग्री बेचने वाले दुकानों पर छापेमारी के लिए कोर्ट के आदेश पर शनिवार को जांच टीम सिंहवाड़ा पहुंच कर यह कार्रवाई की। छापेमारी की जानकारी मिलते ही सिंहवाड़ा सहित अगल-बगल के बाजार के दुकानों में अफरा-तफरी मच गया। बताया गया है कि बम्बे हाई कोर्ट में विचाराधीन हिंदुस्तान यूनिलीवर बनाम अशोक कुमार मामले में प्रतिनियुक्त कोर्ट कमिश्नर हर्षवर्धन जोशी के साथ उनकी टीम सिंहवाड़ा थाना पहुंची। पुलिस बल के साथ टीम के सदस्यों ने सिंहवाड़ा बाजार स्थित गोपाल श्रृंगार, पूजा स्टोर, प्रिंस जेनरल स्टोर और सुहागन श्रृंगार एवं ब्यूटी पार्लर में जांच की। बताया गया है कि इस दौरान विभिन्न ब्रांड के डुप्लीकेट एवं नेपाल निर्मित प्रोडक्ट को जांच टीम ने जब्त किया। कोर्ट कमिश्नर हर्षवर्धन जोशी ने बताया कि बम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है। सबसे अधिक सामग्री प्रिंस जेनरल स्टोर एवं सुहागन श्रृंगार एवं ब्यूटी पार्लर से बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। साथ ही 15 अक्तूबर को बम्बे हाई कोर्ट में पेश होने का नोटिस भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में श्रृंगार संसाधन से संबंधित कई ब्रांडेड कंपनियों के डुप्लीकेट तथा नेपाल निर्मित सामग्री मिली है। छापेमारी के दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। वहीं कस्मेटिक दुकान करने वाले कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर निकल गये।

### संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब ड़ भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संसाधन विभाग के अभियंता,आपदा प्रबंधन विभाग एवं वरीय अधिकारियों के साथ संभावित प्रातिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु विभिन्न तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जल संसाधन विभाग के सभी अभियंताओं से तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की स्थिति एवं सुरक्षात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।उन्होंने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया कि तटबंधों का लगातार अनुश्रवण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की क्षति अथवा कटाव की सूचना मिलते ही तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने विशेष रूप से कुशेश्वरस्थान, कुशेश्वरस्थान पूर्वी, गौड़ाबौराम, किरतपुर एवं घनश्यामपुर अंचलों में 1500 से 2000 पलीथिन शीट उपलब्ध रखने का निर्देश दिया, जिससे आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री स्वपिल, अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार, अपर समाहर्ता सह प्रभारी, आपदा प्रबंधन श्री सलीम अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, डीसीएलआर सदर, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग के अभियंता तथा संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इलाज के दौरान चौकीदार की मौत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना में कार्यरत चौकीदार विकाश गिरी का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और इलाजरत थे। मिली जानकारी के अनुसार हरपुर बोचहा गांव निवासी हरिहर गिरि के पुत्र विकास गिरि का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों, परिजनों तथा स्थानीय लोगों में शोक व्याप्त हो गया।

### विशेष लोक अदालत में वादों का निपटारा करा कर शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक परेशानी से बचें : काजल सोनावाला

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** विशेष लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 138 एनआई एक्ट से संबंधित सुलहनीय वादों को समझौता के आधार पर दोनों पक्ष उपस्थित होकर अपना अपना वादों को निष्पादन कर समय वो पैसे की बचत करें। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से शनिवार को आयोजित विशेष लोक अदालत का संचालन करते हुए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह समिति के सचिव काजल सोनावाला, ने उक्त बातें कही। बताते चलें कि, शनिवार को विशेष लोक अदालत में 138 एनआई एक्ट से संबंधित वादों के निस्तारणार्थ एक पीठ का गठन किया गया। जिसमें आपसी सुलह समझौता के माध्यम से कुल चार वादों का निस्तारण किया गया । इस अवसर पर अधिवक्तागण प्रभात कुमार चौधरी, राजीव रंजन सिन्हा, सुभाष कुमार, संतोष कुमार सिंह, प्रभात कुमार मिश्र, सुरेश प्रसाद महतो, अमन द्विवेदी, गौरी शंकर झा आदि, न्यायालय कर्मीगण गंगेश झा, चंदन मिश्रा, विकाश कुमार राय, संगीता झा आदि, पारा विधिक स्वयं सेवकगण धर्मेंद्र कुमार आदि ने भरपूर सहयोग किया ।

### जनता दरबार में एक मामला निष्पादित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** शनिवार को अंचल कार्यालय पर भूमि विवाद को लेकर आयोजित जनता दरबार में आज एक समस्या का निराकरण किया गया। नया एक भी मामला के नहीं आने के कारण एक मामले में दोनों पक्षों के कागजातों की गहन समीक्षा उपरांत आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी मो जमशेद, कार्यालय सहायक राम कुमार कर्ण पुलिस अधिकारी संतोष कुमार के अलावे विवाद से जुड़े लोग मौजूद थे। पुराने छह मामलों में एक के निष्पादन के बाद शेष पांच मामले में अगली तिथि मुकर्रर की गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### लगमा के आदित्य कुमार नीट-यूजी 2026 में सफल होकर बढाया जिले का मान

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के लगमा गांव के प्रतिभावान युवक आदित्य कुमार ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे प्रखंड सहित जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने 720 में से 571 अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 22,888 तथा कैटेगरी रैंक 2,710 हासिल की है। इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। निश्चित रूप से इन्होंने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। आदित्य के पिता मुकेश कुमार झा एवं माता मुनचुन देवी ने बताया कि आदित्य की प्रारंभिक शिक्षा गांव के मिडिल स्कूल, लगमा से हुई। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए कोटा का रुख किया। जहां कड़ी मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने नीट की तैयारी की। परिवार ने इस सफलता का श्रेय आदित्य की लगन, मेहनत और आत्मविश्वास को दिया। परिणाम घोषित होने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने आदित्य को मिठाई खिलाकर बधाई दी।आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवार को को देते हुए कहा कि उसका लक्ष्य एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है।



### महावीर चैक निवासी मुस्कान ने नीट परीक्षा मे ऑल इंडिया में 779 वां रैक लाकर किया गौरवान्वित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के महावीर चैक स्थित वनगांव रोड निवासी स्व विजय कुमार जायसवाल के पौत्री एवं रविन्द्र कुमार जयसवाल व रीता जायसवाल की पुत्री मुस्कान कुमारी ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रौशन कर गौरवान्वित किया है। मुस्कान की सफलता पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।मुस्कान कुमारी ने आल इंडिया 779 वां एवं ओबीसी में 234 वां रैंक लाकर 663 अंक प्राप्त किया है। मुस्कान कुमारी ने अपनी शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से दसवीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया इसके साथ ही 12 वीं की पढ़ाई पुणे से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उतीर्ण हुई। उनके सफलता पर वयोवृद्ध दादी अहिल्या देवी ,माता रीता जायसवाल,महिला कालेज में बीए की पढ़ाई कर रही बहन स्नेहा कुमारी ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। हार्डवेयर दुकान चलाकर व्यवसाय करने वाले रविन्द्र कुमार जयसवाल ने हर्ष व्यक्त कर खुशी व्यक्त किया। वही दादी कौशल्या देवी ने बताया कि मेरी पौत्री व नाती ने नीट परीक्षा मे सफलता प्राप्त कर दोहरी खुशी प्रदान किया है। मुस्कान कुमारी ने अपनी सफलता का सहारा श्री दादी मम्मी अभिभावक एवं शिक्षकों को दिया। मुस्कान कुमारी ने बताया कि मैंने पढ़ाई के दौरान कभी भी फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम या सोशल मीडिया पर समय व्यतीत नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो छात्र नियमित रूप से किताबों के माध्यम से पढ़ाई करते हैं उन्हें अवश्य सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर समाज के लिए अपनी सेवाएं दूंगी।



### जनता दरबार में 10 आवेदन में पांच आवेदन निष्पादित

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड सभागार भवन में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में नव पद स्थापित सीओ संजय कुमार एवं राजस्व पदाधिकारी जयंती झा, पतरघट थानाध्यक्ष शशि कुमार की संयुक्त उपस्थिति में, जिसमें कुल 10 आवेदन प्राप्त हुआ मौके पर ही पांच आवेदन निष्पादित किए गए, जहां दो आवेदन सक्षम न्यायालय के लिए निर्देशित किए एवं दो आवेदन अगले तिथि के लिए सूचना दिए गए। वहीं पर भूमि संबंधी मामले को त्वरित कार्रवाई किए गए, जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अंचल अधिकारी संजय कुमार एवं राजस्व प्राधिकारी जयंती झा,प थानाध्यक्ष, शशि कुमार ने दोनों पक्षों की बातें सुनकर संबंधित दस्तावेजों की जांच की तथा मामलों के निष्पक्ष एवं त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अंचल अधिकारियों संजय कुमार ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य भूमि विवादों का स्थानीय स्तर पर पारदर्शी और शांतिपूर्ण समाधान करना है, ताकि अनावश्यक विवाद एवं न्यायालय की लंबी प्रक्रिया से लोगों को राहत मिल सके। साथ ही लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। जनता दरबार में उपस्थित कर्मी कामाख्या प्रसाद, कौशल किशोर यादव यादव ,तथा बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे।




### जर्जर हाई वोल्टेज तार गिरने से बड़ा हादसा टला, पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बरैठ पंचायत के अमृता वार्ड नंबर 3 घनी बस्ती के उपर से गुजर रहे जर्जर हाईवोल्टेज तार को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सोनवर्षा राज थाने में आवेदन देकर उसे हटवाने का गुहार लगाया है। उक्त बाबत सरिता देवी ने थाना में आवेदन देकर अपने घर के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है की शुक्रवार को ट्रांसफार्मर से जुड़ा हाईवोल्टेज तार अचानक टूटकर उनके घर के ऊपर गिर गया। उस समय पूरा परिवार घर के अंदर मौजूद था। बिजली के तार गिरने से छत पर लगे चदरे में आग लग गया। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद बिजली आपूर्ति बंद कर तार हटाया गया। पीड़िता का आरोप है कि यदि समय पर बिजली आपूर्ति बंद नहीं की जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर और बिजली के तार घर के बेहद निकट होने से परिवार हमेशा भय के साये में रहता है। आवेदन में ट्रांसफार्मर तथा हाई वोल्टेज तार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस मामले को लेकर सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने कहा की बिजली विभाग के कनीय अभियंता को मामले से अवगत करा दिया गया है।



### बाबा मट्टेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की हर मन्नतें होती है पूरी श्रावणी मेला की तैयारियाँ चल रही है जोरों पर

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र के बलवाहाट कांठो स्थित प्रसिद्ध बाबा मट्टेश्वर धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भक्त यहां भगवान शिव, माता पार्वती सहित स्थापित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। स्थानीय मान्यता है कि बाबा मट्टेश्वर धाम में सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। न्यास समिति के सदस्य मुन्ना भगत ने बताया कि धाम स्थित शिवलिंग का संबंध पौराणिक काल और पाताल लोक से जोड़ा जाता है तथा मिट्टी खुदाई के दौरान कई देवी-देवताओं की मूर्तियाँ मिलने से स्थल की धार्मिक महत्ता और भी बढ़ गई है। पंडितों के अनुसार श्रावणी मेला और भाद्र मास के दौरान बाबा मट्टेश्वर पर चढ़ाया गया गंगाजल पाताल तक चला जाता है, जबकि शिवलिंग पर शिवगंगा का जल हमेशा विद्यमान रहता है। आगामी श्रावणी मेले को लेकर न्यास समिति ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। इस बार अनुमंडल पदाधिकारी सह न्यास समिति के अध्यक्ष आलोक राय के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा पूजा-पाठ, जलाभिषेक और दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए व्यापक व्यवस्था जोरों पर की जा रही है। वर्षों से बाबा मट्टेश्वर की दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में यहां श्रद्धालु पहुंचते रहे हैं और सावन-भाद्र मास में यह संख्या लाखों तक पहुँच जाती है।



# एसएनएस आरकेएस महाविद्यालय में विदाई सह सम्मान सह पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित





कार्यक्रम का षुभरंम अतिथि , मौजूद कर्मी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सर्वनारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम शनिवार को महाविद्यालय सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर कुलपति के आगमन पर एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ बिमलेन्दू शेखर झा, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ सुहेली मेहता ,प्रधानाचार्य डा अनंत कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य डा अशोक कुमार सिंह, डॉ कुमारी सीमा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पाग चादर बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य डा अशोक कुमार सिंह, डॉ अशोक, डा राजीव कुमार मल्लिक, डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ सीमा सिंह एवं सभी सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को पाग चादर देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गृह विज्ञान, मानव शरीर रचना और क्रिया विज्ञान विषय पर पटना विश्वविद्यालय के वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सुहेली मेहता एवं एसएनएस आरकेएस महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ खुशबू कुमारी लिखित पुस्तक का विमोचन कुलपति डॉ बिमलेन्दू शेखर झा व प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो अनंत कुमार सिंह एवं संचालन डॉ आर्य सिंधू व डा सुमन स्वराज के द्वारा किया गया। स्वस्तिवाचन वेदमंत्र का पाठ कर विश्व शांति की कामना की गई। संस्कृत मे स्वागत गीत, वंदेमातरम व राष्ट्रगान तथा विश्वविद्यालय कुलगीत का गायन किया गया। महाविद्यालय संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौतम कुमार सिंह के निर्देशन में कुलपति महोदय के स्वागत एवं कुल गीत में प्रस्तुति करने वाले छात्र छात्राओं में स्मृति सिंह स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर, गणेश सुतिहार स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, कृपा सागर, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, सीमा कुमारी स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, सुप्रिया कुमारी, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, शंकर पासवान, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, दीक्षा झा, स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर, जय झा स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर ब्रजेश सिंह, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि पटना विश्वविद्यालय छात्र कल्याण पूर्व अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार ने कहा कि इस कालेज से मेरा आत्मिक संबंध रहा है। उन्होने एसएनएस आरकेएस महाविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मियों को दीघार्यु जीवन की कामना की। वही पूर्व प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विगत 40 वर्षो से इस महाविद्यालय से जुड़ा हुआ है और जीवन पर्यत बना रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ अशोक कुमार ने पुस्तक विमोचन पर आशीर्वचन देते हुए धन्यवाद व शुभकामना दी। बीएनमंडल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ झा ने कहा कि किसी भी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वाजिव मांग हक व अधिकार दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहता हूं। जिनका जो हक है अवश्य मिलेगा वही शिक्षक भी छात्र के प्रति समर्पित रहकर अध्यापन कार्य करें। उन्होने शिक्षकों व प्रधानाचार्यो से सभी लंबित बकाया भुगतान की मांग सूची विश्वविद्यालय को समर्पित करने की अपील की ताकि सरकार द्वारा एकसाथ भुगतान किया जा सकें। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष प्राचार्य डा अनंत कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित कर शुभकामना दी। मौके पर एमएलटी कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुधीर कुमार सिंह, आरएम कॉलेज के प्राचार्य प्रो गुलरेज रोशन रहमान, पूर्व प्राचार्य रेनू सिंह, सीनेटर डा प्रत्यक्षा राज, डा संजीव कुमार झा, डा सीमा कुमारी, डा अनिल कुमार, शिक्षक संघ अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह, प्रो इन्दू कुमारी, डा अरविंद सिंह, प्रो गणेश मिश्र, डा अनिरुद्ध कुंवर, डा रंजय सिंह, डा सुधांशु शेखर, डा लीना कुमारी, डा सुमन स्वराज, डा गौरी कुमारी, डा राजीव कुमार, डॉ राजकुमार, डॉ अरुप श्रीवास्तव, डॉ ममता कुमारी सहित अन्य मौजूद थें।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बने शिवेंद्र कुमार जिशु जताया आभार



**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा शिवेंद्र कुमार जिसु को पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर शिवेंद्र कुमार जिसु ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष विधायक आलोक कुमार सिंह एवं पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने, संगठन का विस्तार करने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारों को संपूर्ण बिहार में जन-जन तक पहुँचाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे। शिवेंद्र कुमार जिसु के मनोनयन पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला अध्यक्ष सह मुखिया अर्चना आनन्द, मधेपुरा जिला अध्यक्ष रविशंकर कुमार पिंटू, सुपौल जिला अध्यक्ष धर्मपाल कुशवाहा,अररिया जिला अध्यक्ष विभाष चन्द्र कुशवाहा,पूर्णिया जिला अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, कटिहार जिला अध्यक्ष उमाकांत आनंद, किशनगंज जिला अध्यक्ष मोहमद मुख्तार, नालंदा जिला अध्यक्ष सोनू कुशवाहा,सासाराम जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, बक्सर जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा, दरभंगा जिला अध्यक्ष यदुवीर कुशवाहा, मधुबनी जिला अध्यक्ष रणजीत कामत, पूर्व मुखिया विंदेश्वरी मेहता, प्रदेश महासचिव चंदन बागची, रौशन पाठक, रौशन राजा, लोकेश सिंह, ई. रौशन राजा, बैजनाथ कुमार विमल, चूड़ामणि झा बौआ, अमित कुमार निकुंभ, बालकृष्ण कुशवाहा, रणजीत कुशवाहा, शैलेश झा, सुबोध झा, अभिमन्यु सिंह, मझरुद्दीन खान बबलू, बिपिन पासवान, नरेश यादव, राजेश मंडल, आरती देवी, बबीता देवी, अजीत कुमार, सुमन कुमार राय, बबलू, कुंवर, पप्पु कुशवाहा, प्रशांत लोहिया सलामत राईन, गौरव कुमार, दिलीप चैधरी, उपेन्द्र राम, पटना जिला के छात्र नेता आदित्य वर्मा, नीतीश कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, शाहिल कुमार, अभिषेक कुमार, विनोद सिंह, पप्पू राय, रितेश कुमार एवं अमर कुशवाहा सहित अनेक नेताओं एवं कार्यकत्राओं ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा सफल कार्यकाल की कामना की।

## कोशी रत्न सम्मान समारोह की ऐतिहासिक सफलता पर सांसद दिनेश चंद्र यादव से मिला कोशी विकास संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल,

**सहरसा में पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर महा-अस्पताल की मांग को दिल्ली में पुनः प्रमुखता से उठाने का सांसद ने दिया भरोसा**



सासंद से मिलते मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी विकास संघर्ष मोर्चा, सहरसा के संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार झा एवं मोर्चा के संरक्षक तथा पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद ने शनिवार को सांसद एवं ष्कोशी रत्न-2026ष से सम्मानित दिनेश चंद्र यादव से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर 12 जुलाई 2026 को रेनबो रिसोर्ट, जिला परिषद परिसर, सहरसा में आयोजित कोशी रत्न सम्मान समारोह-2026 की ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सफलता की जानकारी दी।भेंट के दौरान कोशी क्षेत्र की स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेल एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसी क्रम में सांसद श्री दिनेश चंद्र यादव ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को प्रेषित अपने पत्र की प्रति दिखाते हुए जानकारी दी कि उन्होंने सहरसा में पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर महा-अस्पताल की स्थापना की मांग केंद्र सरकार के समक्ष गंभीरता से उठाई है।उन्होंने कहा कि कोशी विकास संघर्ष मोर्चा पिछले लगभग एक दशक से सहरसा में एम्स की स्थापना हेतु निरंतर संघर्षरत है तथा यह विषय वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में जब सरकार दरभंगा में एम्स की स्थापना की दिशा में कार्य कर रही है, तब कोशी क्षेत्र की वास्तविक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सहरसा के लिए पीजीआई स्तर के अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल की मांग अत्यंत न्यायसंगत एवं जनहितकारी है। सांसद ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही नई दिल्ली जाकर इस विषय को पुनः पूरी मजबूती के साथ केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे तथा सहरसा की इस महत्वपूर्ण मांग को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे।इस अवसर पर सांसद दिनेश चंद्र यादव ने कहा, ष्जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूँजी है। कोशी क्षेत्र के विकास, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, आधुनिक आधारभूत संरचना तथा जनकल्याण के लिए मैं अपनी पूरी क्षमता, प्रतिबद्धता एवं सामर्थ्य के साथ निरंतर प्रयास करता रहूँगा।इस अवसर पर अधिवक्ता विनोद कुमार झा एवं श्री प्रवीण आनंद ने कहा कि कोशी विकास संघर्ष मोर्चा भविष्य में भी कोशी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनहित, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तथा सकारात्मक सामाजिक चेतना के लिए पूरी निष्ठा एवं दृढ़ संकल्प के साथ संघर्षरत रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को सम्मानित करना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का परिचायक है और इसी उद्देश्य से ष्कोशी रत्न सम्मान समारोह-2026ष का आयोजन किया गया, जिसे कोशीवासियों का अभूतपूर्व स्नेह एवं समर्थन प्राप्त हुआ।

## बनमा ईटहरी के निचले इलाकों में कोसी ने दी दस्तक, खेत-खलिहान जलमग्न, किसानों की बढ़ी चिंता

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** कोसी नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि का असर अब बनमा ईटहरी प्रखंड के निचले इलाकों में साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। नदी का पानी धीरे-धीरे कृषि भूमि की ओर बढ़ने लगा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रखंड के बनमा, लक्ष्मीनिया डीह, परसाहा, बहुअरवा, रामपोखर, हराहरी समेत कई गांवों के निचले हिस्सों में स्थित खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। पानी फैलने से खेती-किसानी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से कोसी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। शनिवार को नदी का पानी खेतों और खलिहानों तक पहुंच गया। जिन किसानों ने धान की रोपनी की तैयारी शुरू कर दी थी, उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से कृषि कार्य प्रभावित हो गया है, जबकि निचले हिस्सों में रखे भूसा एवं अन्य कृषि सामग्री को भी सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की कवायद शुरू हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि फिलहाल पानी गांव की आबादी से दूर खेतों तक ही सीमित है, लेकिन यदि जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो स्थिति गंभीर हो सकती है। लोगों को आशंका है कि पानी का दबाव बढ़ने पर निचले इलाकों की बस्तियां भी इसकी चपेट में आ सकती हैं। ऐसे में ग्रामीण लगातार नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि समय रहते पानी नहीं थमा तो धान, मक्का और अन्य मौसमी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। बाढ़ का पानी खेतों में फैलने से आगामी कृषि कार्य भी प्रभावित होने की संभावना है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कोसी नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी करने तथा संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते राहत एवं बचाव की तैयारी शुरू कर दी जाए, ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्षेत्र के लोग फिलहाल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। यदि कोसी के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में बनमा ईटहरी प्रखंड के कई और निचले इलाके बाढ़ के पानी की चपेट में आ सकते हैं। इससे किसानों के साथ-साथ आम लोगों की चिंता भी लगातार बढ़ती जा रही है।



खेत-खलिहान जलमग्न

### गुरु-पूर्णिमा महोत्सव 29 को, धूमधाम से मनाया जाएगा

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** परम पावन गुरु-पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर आगामी 29 जुलाई को संतमत सत्संग आश्रम, गांधी पथ में भव्य गुरु-पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्त सत्संगी जन उपस्थित होकर परम पूज्य सद्गुरुदेव का पूजन-अर्चन करेंगे तथा आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे।आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी गुरु-पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 3रू00 बजे से 4रू00 बजे तक ब्रह्ममुहूर्त ध्यानाभ्यास से होगी। इसके बाद 5रू00 से 6रू00 बजे तक ध्यानाभ्यास, 6रू00 बजे से प्रातःकालीन सत्संग, स्तुति-प्रार्थना एवं ग्रंथपाठ, 9रू00 बजे से पुष्पांजलि एवं प्रसाद वितरण, 11रू00 बजे से सामूहिक भंडारा तथा अपराह्न 2रू00 बजे से ध्यानाभ्यास आयोजित होगा। वहीं 3रू00 बजे से भजन-कीर्तन, स्तुति-प्रार्थना, ग्रंथपाठ एवं गुरु तथा गुरु-पूजा के महत्व पर विशेष प्रवचन होगा।

### पेपरलेस व्यवस्था लागू, लेकिन पहले से लंबित आवेदनों के कारण शनिवार को नहीं हुई एक भी ऑनलाइन रजिस्ट्री

**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** अवर निबंधन कार्यालय में पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने के बावजूद शनिवार को एक भी निबंधन नई व्यवस्था के तहत नहीं हो सका। इसकी वजह पहले से जमा आवेदन रहे। कार्यालय में शनिवार तक कुल 14 आवेदन पुराने तरीके से लंबित थे, जिनका निष्पादन किया जा रहा है। अवर निबंधन पदाधिकारी दिव्यांशु दिव्याल ने बताया कि पेपरलेस प्रणाली लागू होने से पहले शनिवार और रविवार के लिए कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## 24 घंटे के भीतर सहरसा पुलिस ने मोबाइल छीनने व हवाई फायरिंग में बड़ी कार्रवाई



प्रेसवार्ता में एसडीपीओ व थानाध्यक्ष

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** मोबाइल छीनने और हवाई फायरिंग के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 24 घंटे के भीतर सहरसा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अज्ञात अपराधियों की पहचान कर ली है। इस मामले में पीड़ित श्याम त्रिवेदी ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। इसको लेकर शनिवार के दोपहर सहरसा सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फायरिंग करने का प्रयास किया गया लेकिन फायरिंग नहीं हुई। मोबाइल और बाइक की चाबी लेकर फरार हुए अपराधी को जल्द पकड़ लिया जाएगा। दरअसल, यह घटना शुक्रवार शाम सदर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल बटराहा के पास हुई थी। पूजा भोग फ्लावर मिल के मैनेजर श्याम त्रिवेदी दुकानदारों से मिलकर वापस लौट रहे थे। बटराहा स्थित मुंडेश किराना दुकान से निकलने के कुछ ही देर बाद बाइक सवार दो युवकों ने उनकी मोटरसाइकिल को ओवरटेक कर रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, बदमाशों ने हथियार दिखाकर उन्हें हटने को कहा। जब श्याम त्रिवेदी ने विरोध किया और शोर मचाया, तो अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए दो गोलियां चलाईं। इसके बाद उन्होंने श्याम त्रिवेदी की शर्ट की जेब से मोबाइल फोन छीन लिया, जिसमें दो सिम कार्ड लगे थे, और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर आलोक कुमार और सदर थानाध्यक्ष दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। मामले की वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित करने के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। शनिवार दोपहर एसडीपीओ आलोक कुमार ने प्रेसवार्ता कर अपराधियों की पहचान की जानकारी दी। सदर थाना पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण के बाद घटना में शामिल दोनों बदमाशों की पहचान कर ली गई है। पुलिस का दावा है कि विशेष टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तीगछिया गांव में 14 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के तेलीहार पंचायत अंतर्गत तीगछिया गांव में 14 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गाँव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक किशोरी की पहचान सहरसा जिले के राजा सोनबरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत असनही गाँव निवासी भरथ गोस्वामी की 14 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीषा कुमारी अपने ननिहाल तीगछिया गांव निवासी नागेश्वर गोस्वामी के घर घूमने आई थी। वह घर के पास स्थित चापाकल पर नहाने गई थी। चापाकल के ठीक बगल में एक बड़ा और गहरा गड्ढा था, जिसमें करीब 20 फीट पानी भरा हुआ था। नहाने के दौरान अचानक पैर फिसल जाने से किशोरी सीधे गहरे पानी में चली गई, जिससे दम घुटने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की भनक लगते ही ननिहाल और पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। शोर सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों के द्वारा तुरंत इस हादसे की सूचना स्थानीय बेलदौर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बेलदौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### गांजा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ढ़ाई किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जिस पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बेलदौर नगर पंचायत निवासी उमेश शाह को पुलिस ने ढाई किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी उमेश शाह पिछले कई वर्षों से इलाके में अवैध रूप से गांजा तस्करी और बेचने के काले कारोबार में संलिप्त था। मालूम हो कि पूर्व में भी गांजा तस्करी के आरोप में हिरासत में जा चुका है। जेल से छूटने के बाद भी उसने अपनी गतिविधियों को बंद नहीं किया और दोबारा इस अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। इस संबंध में बेलदौर थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ मद्यनिषेध एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**परबत्ता।** परबत्ता नगर पंचायत के तेमथा राका गांव में शनिवार को बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान दाहो मंडल की पत्नी चांदनी देवी (करीब 45 वर्ष) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चांदनी देवी घर में घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान वह कथित तौर पर एक नंगे बिजली के तार की चपेट में आ गईं, जिससे वह गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, परबत्ता पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार मिलने वाली सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं स्थानीय लोगों ने बिजली के जर्जर एवं खुले तारों की नियमित जांच और आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बीस लीटर शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर की पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब कारोबारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 20 लीटर देसी शराब के साथ-साथ शराब बनाने के उपकरण और भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है। जानकारी के अनुसार बेलदौर थाना क्षेत्र के बेला नवाद गांव निवासी शिवनंदन यादव का पुत्र विपिन यादव बहियार में अपने घर पर शराब बनाने का काम कर रहा था। पुलिस को इस बात की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल ने छापेमारी की। पुलिस ने विपिन यादव को शराब बनाते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। बताया जाता है कि आरोपी उक्त स्थान पर पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने के काले कारोबार में संलिप्त था। इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व बेलदौर थाना के एस आई आलमगीर ने किया, जिसमें भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।मामले के संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में 20 लीटर देसी शराब और शराब बनाने की सामग्री जब्त की गई है। गिरफ्तार शराब कारोबारी के खिलाफ मद्यनिषेध कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# जीवन में बड़ा बनने के लिए बड़े सपने देखना जरूरी : बबलू मंडल

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने शनिवार को इंटर विद्यालय रामगंज संसारपुर एवं राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय लाभगांव रामनगर मठ की शैक्षणिक व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान इंटर विद्यालय रामगंज संसारपुर में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर सड़क, शिक्षक सदन, गर्ल्स कमन रूम और जिम के लिए भवन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति को स्वयं देखा और इनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया।



संबोधित करते विधायक बबलू कुमार मंडल।

विधायक बबलू कुमार मंडल ने इंटर विद्यालय रामगंज के प्रधानाध्यापक भानु कुमार से विद्यालय की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का होना भी जरूरी है। विद्यालय तक पहुंचने वाली सड़क की समस्या को देखते हुए उन्होंने इसके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही। साथ ही शिक्षक सदन, छात्राओं के लिए गर्ल्स कमन रूम और विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए जिम भवन की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

इसी क्रम में विधायक ने राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय लाभगांव रामनगर मठ की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खगड़िया सदर विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यालयों की समस्याओं को चिति कर उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। इस दौरान विधायक ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा के महत्व से जुड़ी कई रोचक और प्रेरणादायक बातें भी साझा कीं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, जीवन में बड़ा बनने के लिए बड़े सपने देखना जरूरी है, लेकिन सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा, अनुशासन और निरंतर मेहनत सबसे महत्वपूर्ण है। किताबों को केवल परीक्षा पास करने का माध्यम न समझें, बल्कि नई चीजें सीखने और अपने ज्ञान को बढ़ाने का जरिया बनाएं। हर दिन कुछ नया सीखने की आदत आपको जीवन में सफलता की ओर आगे ले जाएगी। उन्होंने बच्चों को असफलताओं से निराश नहीं होने की सीख देते हुए कहा कि जीवन में चुनौतियां आती रहती हैं, लेकिन जो विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करता रहता है, वही अंततः सफलता हासिल करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल फोन और आधुनिक तकनीक का सकारात्मक एवं ज्ञानवर्धक उपयोग करने, नियमित रूप से अध्ययन करने और अपने माता-पिता तथा शिक्षकों का सम्मान करने की अपील की। विधायक बबलू मंडल ने संबंधित विद्यालयों की आवश्यकताओं को लेकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने की बात कही, ताकि सड़क एवं भवन सहित अन्य जरूरी सुविधाओं के विकास के लिए संबंधित विभागों के स्तर पर आवश्यक पहल की जा सके।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि विद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।मौके पर विद्यालय के भू-दाता के पौत्र नयन कुमार, जदयू नेता दीपक सिन्हा, उमेश सिंह पटेल, महिला महाविद्यालय के प्राध्यापक ड़ प्रभाष कुमार, संसारपुर पंचायत के पूर्व मुखिया रामविलास महतो, सांसद प्रतिनिधि गयाधर कुमार, ग्रामीण रामानंद सिंह, चंदन सिंह,मनीष कुमार, सुधीर सिंह, आनंद मोहन सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जनता दरबार में चार मामलों का निष्पादन

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद एवं अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जुड़े मामलों की गहन सुनवाई की गई। जनता दरबार में नव स्थापित अंचलाधिकारी सुजीत कुमार सुदन यादव ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और अन द स्पट निष्पादन की प्रक्रिया अपनाई। इस पूरी प्रक्रिया में अंचल लिपिक पंकज कुमार ने मामलों के दस्तावेजीकरण में आवश्यक सहयोग दिया। वही चार मामलों का हुआ निष्पादन हुआ। जनता दरबार में दोनों पक्षों की दलीलें और दस्तावेजों की गहन जांच के बाद वर्षों से लंबित चले आ रहे पांच पुराने मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति से निष्पादन कर दिया गया। वहीं शनिवार को 5 नए मामले भी दर्ज किए गए। अंचलाधिकारी ने इन सभी नए मामलों को पंजीत करते हुए दूसरे पक्ष के लोगों को उपस्थिति के लिए नोटिस जारी किया है। इन मामलों को अगली सुनवाई के लिए विचाराधीन रखा गया है।एक तरफ जहाँ प्रशासन मामलों के निष्पादन का दावा कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ जनता दरबार में पहुँचे कई फरियादियों ने वहाँ की व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। न्याय की आस में महीनों से चक्कर काट रहे फरियादियों का दर्द छलक उठा। मौके पर राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा, एएसआई पंकज कुमार, अंचल लिपिक पंकज कुमार मौजूद थे।



जनता दरबार में अधिकारी व अन्य।

## सड़क के नीचे से मिट्टी खिसकी, ग्रामीणों में आक्रोश

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के रोहियामा पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क से चिकनी टोला, खर्रा वासा और भैंसा डीह होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ को जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क कार्य एजेंसी की घोर लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। करीब चार करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सड़क अपनी पहली सालगिरह भी पूरी नहीं कर पाई है और पहली ही बारिश में इसके परखच्चे उड़ने लगे हैं। सड़क के नीचे से मिट्टी खिसक जाने और जगह-जगह बड़ी दरारें आने के कारण स्थानीय ग्रामीणों में कार्य एजेंसी के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी, लेकिन कार्य एजेंसी ने प्राक्कलन और मानक को ताक पर रखकर घटिया निर्माण कार्य कराया। सड़क के दोनों किनारों पर मजबूत ईंटों की रेलिंग नहीं दी गई, जिसके कारण हालिया बारिश के पानी से सड़क के नीचे की मिट्टी तेजी से खिसक गई है। स्थिति इतनी खतरनाक हो गई है कि यदि इस मार्ग पर किसी भारी वाहन की आवाजाही होती है, तो सड़क कभी भी पूरी तरह टूटकर धराशायी हो सकती है। मालूम हो कि इस सड़क से हर रोज चिकनी टोला, खर्रा वासा और भैंसा डीह समेत आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क के खोखले हो जाने से अब हर वक्त किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। इस गंभीर मामले को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता गौतम पासवान ने कहा कि एजेंसी की लापरवाही और विभागीय अनदेखी के चलते यह सड़क अपना पहला साल भी ठीक से पूरा नहीं कर पाएगी। सड़क टूटने और मिट्टी खिसकने का मुख्य कारण दोनों तरफ रेलिंग न दिया जाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई और दोषी एजेंसी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



बनाये गये सड़क।

## कारतूस के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**चौथम।** थाना क्षेत्र के ठाठा पहाड़ चक गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप, एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ठाठा पहाड़ चक गांव में अवैध रूप से प्रतिबंधित कफ सिरप का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने संदिग्धों के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 100 एमएल की 232 बोतल प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की। इसके अलावा तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस तथा दो खोखा भी बरामद किए गए। बरामी के बाद पुलिस ने मौके से धर्मेंद्र कुमार और रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। चौथम थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप रखने और अवैध हथियार रखने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि प्रतिबंधित कफ सिरप की आपूर्ति कहां से हो रही थी और इसका नेटवर्क किन-किन क्षेत्रों तक फैला हुआ है। साथ ही गिरफ्तार पिता-पुत्र के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे पहले भी किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहे हैं या नहीं। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि जांच के दौरान यदि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आते हैं, तो उनके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



-गिरफ्तार पिता-पुत्र।

## सीएस ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**खगड़िया।** सिविल सर्जन ड रामेन्द्र कुमार ने सदर अस्पताल के आईसीयू,प्रसव कक्ष स्थित सी-सेक्शन, ओटी का निरीक्षण किया। इस दौरान आपातकालीन कक्ष की छत का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने नव नियुक्त उपाधीक्षक ड राजेश कुमार चौधरी और अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार को जल्द से जल्द आईसीयू चालू किए जाने, प्रसव के लिए आई महिलाओं को जरूरत पड़ने पर प्रसव कक्ष स्थित ओ टी में अपरेशन किए जाने की व्यवस्था की बात कही। उन्होंने क्षतिग्रस्त आपातकालीन कक्ष की छत से पानी टपकने से चिकित्सकों एवं गंभीर मरीजों की परेशानी को लेकर अभिलंब छत मरम्मत किए जाने को लेकर भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को अपने स्तर से पत्राचार कर जल्द से जल्द छत दुरुस्त करने को कहा है। निरीक्षण के दरम्यान सिविल सर्जन ड रामेन्द्र कुमार के साथ उपाधीक्षक ड राजेश कुमार चौधरी, ड बलबन कुमार, ड संजीव कुमार, अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार समेत कई अन्य चिकित्सक कर्मी मौजूद थे।



निरीक्षण करते सीएस व अन्य।

# डीएम ने मोबाइल हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 02 मोबाइल हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे वाहनों को जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं अपना एक्स-रे कराकर आमजन को यह संदेश दिया कि टीबी. की समय पर स्क्रीनिंग एवं जांच ही इस बीमारी से बचाव और उपचार का सबसे प्रभावी माध्यम है। जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर खगड़िया जिले के 75 गांवों को उच्च जोखिम श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में मोबाइल हैंडहेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे के माध्यम से घर के निकट ही जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि 04 जुलाई से 16 जुलाई, 2026 तक जिले में टीबी स्क्रीनिंग अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। इस अवधि में जिले के सभी सात प्रखंडों के 2,333 गांवों एवं स्थलों पर विशेष स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 3,08,228 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। इनमें से 3,03,101 व्यक्तियों का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान 3,437 संदिग्ध टीबी मरीजों की पहचान की गई तथा जांच के लिए 1,398 बलगम (स्पुटम) नमूने संग्रहित किए गए। अभियान के तहत अब तक 12,496 एक्स-रे किए जा चुके हैं। वहीं, निक्षय मित्रों के सहयोग से 220 टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराकर उनके पोषण एवं उपचार में सहयोग सुनिश्चित किया गया है। उन्होने कहा कि अगले सात दिनों के दौरान अलौली प्रखंड के मेघौना, छिलकौड़ी, हथवन, रामपुर, हरिपुर एवं अम्बा इचरूआ तथा सदर प्रखंड के भदास, बेला सिमरी, गौड़ाशक्ति, लाभगांव, कोठिया, ओलापुर गंगौर एवं रानीसकरपुरा गांवों में मोबाइल एक्स-रे वाहन पहुंचकर स्क्रीनिंग करेंगे।



हरी झंडी दिखाते डीएम।

इन शिविरों की सूचना संबंधित गांवों की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व से ही स्थानीय लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ड़ रामेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), जिला स्वास्थ्य समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीईओ, डीपीसी, एसटीएलएस सहित समाहरणालय एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक

**खगड़िया।** भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा समग्र शिक्षा अभियान के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के अंतर्गत विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी मनिटरिंग, शिक्षकों का नियमित हैंडहोल्डिंग (मेंटरिंग) एवं प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (च्ठस्) आधारित कार्यप्रणाली अपनाई जाए। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न सुझाव आमंत्रित किए तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम निर्देश दिया गया कि क्प्म्ज् के व्याख्याताओं को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से टैग किया जाएगा। संबंधित व्याख्याता नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों का शैक्षणिक मार्गदर्शन (मेंटरिंग) करेंगे तथा शिक्षण प्रक्रिया को और बेहतर बनाने में सहयोग करेंगे। साथ ही जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप के गठन का भी निर्देश दिया गया, इस समूह में ऐसे शिक्षकों को शामिल किया जाएगा जो स्वेच्छा से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में योगदान देना चाहते हैं। यह समूह विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर शिक्षकों का सहयोग करेगा तथा शैक्षणिक गतिविधियों की मनिटरिंग करेगा। इसमें प्रत्येक प्रखंड से एक सदस्य को शामिल किया जाएगा। क्त्ळ का कार्य प्रखंड स्तरीय टीमों का मार्गदर्शन करना, उनकी क्षमता वृद्धि करना तथा जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए समन्वित रूप से कार्य करना होगा। बैठक में शिक्षकों के प्रभावी प्रशिक्षण, विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले शैक्षणिक विषय-वस्तु गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों की सतत मनिटरिंग के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी स्तरों पर नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। बैठक में शिक्षा विभाग के संबंधित पदाधिकारी, मंत्रा4चेंज टीम के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### नीट की परीक्षा में कोई 610 तो किसी ने 598 अंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

**परबत्ता।** नगर पंचायत परबत्ता क्षेत्र के कई होनहार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण बना हुआ है। कड़ी मेहनत, लगन और लगातार अध्ययन के दम पर इन विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नगर पंचायत परबत्ता अंतर्गत कन्हैयाचक निवासी हितेश चौधरी के पुत्र सूरज कुमार ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 610 अंक प्राप्त किए। सूरज की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। उनकी सफलता को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया जा रहा है। वहीं, वार्ड नंबर 20 निवासी प्राथमिक विद्यालय गंगोता टोला लगार के प्रधान शिक्षक राहुल कुमार एवं बिहार पुलिस सेवा में एसआई पद पर कार्यरत अंजू कुमारी की पुत्री प्रेरणा प्रेयसी ने नीट परीक्षा में 568 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। प्रेरणा की सफलता से उनके परिवार और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।इधर, नयागांव सतखुट्टी निवासी जितेंद्र कुमार एवं भारती कुमारी की पुत्री मान्या कुमारी ने भी नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 580 अंक प्राप्त किए। मान्या की सफलता पर परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनकी मेहनत और लगन का परिणाम बताया। वहीं, मड़ैया बाजार में हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले एमडी श्मशाद के पुत्र एमडी शादआलम ने नीट परीक्षा में 598 अंक प्राप्त कर अपने परिवार का मान-सम्मान बढ़ाया। शादआलम की सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सफल सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नीट परीक्षा में परबत्ता क्षेत्र के इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों और कस्बों से निकलने वाली प्रतिभाएं भी अपनी मेहनत और लगन के बल पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर सकती हैं। इन होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धि क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

### उद्घाटन के पहले शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, धंक्षर बुच्चा में प्रस्तावित मडल विद्यालय के उद्घाटन से पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रभारी पदाधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने विद्यालय का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी, खेलकूद की सुविधाओं तथा मडल कक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया। वही विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। निरीक्षण के उपरांत राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी निर्देश के अनुसार उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, धंक्षर बुच्चा को मडल विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था के अनुरूप मडल क्लासरूम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सभी बुनियादी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा उद्घाटन को लेकर विद्यालय प्रशासन की तैयारियां लगभग पूरी हैं। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई को प्रस्तावित मडल विद्यालय का विधिवत उद्घाटन होना है। इसे लेकर विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि उद्घाटन समारोह सुचारु रूप से संपन्न हो सके। शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिसके लिए मडल विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा, विज्ञान प्रयोगशाला, आईसीटी आधारित शिक्षण तथा अन्य आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास दिलाया कि उद्घाटन से पूर्व सभी शेष तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी, ताकि छात्र-छात्राओं को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### बरौनी-कटिहार रेलखंड पर मिला युवक का शव

**पसराहा।** बरौनी-कटिहार रेलखंड पर पसराहा और महेशखुंट के बीच पीतोंझिया ढ़ाला के समीप डाउन ट्रैक के पास झाड़ी में एक अज्ञात शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। शव लगभग चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा था, जिसके कारण वह गलने की स्थिति में था और उसकी पहचान करना अत्यंत कठिन था। घटना की सूचना पाकर पसराहा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने शव को कब्जे में लेकर तलाशी ली, तो मृतक के पास से एक पर्स बरामद हुआ। इस पर्स में एक पहचान पत्र, एक गेट पास और गांधीधाम से खगड़िया का जनरल रेल टिकट मिला, जिस पर 11 जुलाई 2026 की तिथि अंकित थी। दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान गोगरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी मालिया निवासी सुनील चौरसिया के 31 वर्षीय पुत्र अर्पण चौरसिया के रूप में हुई। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि अर्पण चौरसिया लंबे समय से गांधीधाम में रहकर मजदूरी करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों की गहनता से छानबीन कर रही है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। इस हृदयविदारक घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त खबरें

### महाप्रबंधक का आगमन रद्द हुआ

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल महाप्रबंधक के जमालपुर आगमन कार्यक्रम रद्द होने से थोड़ी देर के लिए अधिकारियों ने जहां राहत की सांस ली वहीं श्रमिक संगठनों के अलावे रेल कर्मियों शाहिद स्थानीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता निराश हुए हैं। यूनियन नेता के साथ स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि महाप्रबंधक का यह अंतिम दौर जमालपुर का था जिससे हम लोगों को उम्मीद थी कि सेवा अवकाश होने के जमालपुर कारखाने को कुछ नई सौगात के रूप में कुछ देते पर उनका आगमन रद्द होने से सारी उम्मीद खत्म हो गई।

### आनंदपुर गांव का सड़क पर बनी पुलिया जानलेवा बनी

**सोनपुर (एनएसबी)** नगर पंचायत सोनपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 14 आनंदपुर गांव की सड़क पर पुलिया है और गंडक नदी से जूडी नहर की पुलिया पर दोनो ओर विश्व प्रसिद्ध हरिहर मेला के समय लोहे की रैलिंग लाखों सरकारी खर्च पर लगाई गई। उच्चको और चोरों की नजर लग गई है। तोड़ते हुए लोहे की रैलिंग काट डाला है। जिसके कारण जानलेवा बन गई और अनहोनी घटना आमंत्रित कर रहा है। आनंदपुर गांव की सड़क सोनपुर शहर का एक मुख्य सड़क


लोहे की रैलिंग काट डाला।

मार्ग है। राहगीरों से लेकर आसपास के लोगों का कहना कि बाबा हरिहर नाथ मंदिर आने-जाने का सबसे महत्वपूर्ण सड़क है। माननीय मंत्री महोदय से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। लेकिन आज तक किसी ने देखा नहीं। वहीं देर रात्रि तक पुलिया की रैलिंग पर बैठकर काली करतूत करते रहते हैं। विश्व प्रसिद्ध हरिहर मेला के समय लाखों खर्च कर लोहे की मोटी-मोटी पोल खड़ा वैपर लाईट रहती है। मेला समाप्त होते ही चोरों और उच्चको का असर दिखने लगता है। रात्रि समय में दर्जनों बार गस्ती वाहन की आवागमन होती है, लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दी।

### रावणों ने खरीदी राम भक्त हनुमान से दुश्मनी

**सोनपुर (एनएसबी)** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र की पावन धरती पर अवस्थित लोक सेवा आश्रम सोनपुर की परिसर में भगवान शनिदेव मंदिर और भगवान सुर्य मंदिर तथा भगवान श्रीराम का मंदिर है और सुबह-शाम श्री राम, जय राम का नारों से हरिहर क्षेत्र की पावन धरती गुंजती रहती है। वहीं भगवान श्रीराम का भक्त हनुमान का विशाल मूर्ति सहित मंदिर की पिछले वर्ष निर्माण की योजना बनी। लोक सेवा आश्रम सोनपुर के व्यवस्थापक विष्णु दास उदासीन उर्फ मौनी बाबा की अध्यक्षता में


निर्माणाधीन बजरंग बली की विशाल मंदिर।

धर्माताओं की सहयोग से निर्माण कार्य आरंभ हो गया। देखते-देखते श्री हनुमान का विशाल प्रतिमा आ गई और भव्य मंदिर खड़ा हो गया तथा मंदिर का निर्माण आसपास की मंदिरों की मंदिरों से ऊंची हो गई। फिर क्या था चर्चा का विषय बन गया। वहीं रावण रुपी मानवों में तरह-तरह की चर्चा और कटाक्ष होने लगी। जब भगवान शंकर रुपी हनुमान का मंदिर बनकर तैयार होने को हुआ तब शरारती किस्म के लोगों ने रोक लगवा दी। वहीं धर्माताओं ने कहा कि जब हनुमान के समक्ष विश्व शक्तिशाली रावण का नहीं चला तो इन शरारतियों क्या चलेगा। जब रावण की लीला समाप्त करने में श्रीराम और हनुमान सेना को कई वर्ष लग गये। अभी तो साल भी नहीं गुजरा है। एक समय वह आने वाला है हनुमान का रौद्र रुप को शायद कोई रोक नहीं पाएगा। जितनी बड़ी उनकी विशाल प्रतिमा है, उतनी ही शक्तिशाली है।

# कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति में सराबोर हुआ पंडाल, जयघोषों से गूंजा माहौल


प्रवचन करते पूज्या डा.लवली मैत्रेयी शर्मा।


उपस्थित धर्म प्रेमी श्रद्धालु।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा पंडाल भगवान श्रीष्ण के जन्मोत्सव पर भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। वृंदावन धाम से पधारीं पूज्या कथा व्यास ड़ लवी मैत्रेयी शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान की दिव्य लीलाओं का रसपान कराते हुए उनके विभिन्न अवतारों, भक्त ध्रुव तथा भगवान कपिल की प्रेरणादायी कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में डूबा रहा।

कथा व्यास ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए विभिन्न रूपों में अवतार धारण करते हैं। उन्होंने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए बताया कि अटूट श्रद्धा, ढ़ संकल्प और सच्ची भक्ति से भगवान की पा अवश्य प्राप्त होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी ध्रुव ने ईश्वर का स्मरण नहीं छोड़ा और कठोर तपस्या के बल पर भगवान श्रीहरि के साक्षात् दर्शन प्राप्त किए।इसके बाद उन्होंने माता देवहूति एवं भगवान कपिल के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कपिल ने अपनी माता को आत्मज्ञान, भक्ति और वैराग्य का उपदेश देकर जीवन के परम लक्ष्य का मार्ग दिखाया। सच्चा ज्ञान मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर परम शांति की ओर ले जाता है।कथा के समापन पर भगवान श्रीष्ण का जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ष्नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीष तथा ष्हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल कीष के जयघोषों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक, आरती और पुष्पवर्षा कर जन्मोत्सव मनाया। भजन-कीर्तन और नृत्य के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।कथा के अंत में पूज्या ड़ लवी मैत्रेयी शर्मा ने श्रद्धालुओं से भगवान के आदर्शों को जीवन में अपनाने, सेवा, सदाचार और भक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मुख्य यजमान महेश संघई ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर गिरधर संघई, अरविंद जालान, सुजीत संघई, राजकुमार शर्मा, प्रदीप छापड़िया, शिव बाजोरिया, पवन अग्रवाल, संजय मेहारिया, सुनील अग्रवाल, जयशंकर शर्मा, दिनेश जोशी, प्रकाश पंसारी, गोपाल अग्रवाल, केदार मस्कारा, संजय अग्रवाल, सीताराम हवेली, गोपाल, माधव, कमलेश खेतान, निपुण संघई, पिंकी संघई, ज्योति शर्मा, ज्योति देवी खेतान, लक्ष्मी देवी शर्मा, मधु शर्मा, पूजा मस्कारा, नेहा टोला, प्रेम मस्कारा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्टेशन को लायंस क्लब ने भेंट की व्हीलचेयर, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**जमालपुर (मुंगेर)।** लायंस क्लब अफ जमालपुर आदर्श की टीम ने शनिवार को सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए जमालपुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार को यात्रियों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर भेंट की। इस पहल का उद्देश्य वृद्ध, दिव्यांग एवं अस्वस्थ यात्रियों को स्टेशन पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।क्लब के अध्यक्ष शैली वर्गिस, लायन राजेश सिंह एवं लायन ड़ सुमन रजा ने संयुक्त रूप से कहा कि लायंस क्लब समाजसेवा को अपना प्रमुख दायित्व मानते हुए लगातार जनहित के कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए क्लब भविष्य में भी इसी तरह कार्य करता रहेगा।उन्होंने बताया कि हाल ही में क्लब द्वारा जमालपुर रेलवे स्टेशन परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाने के उद्देश्य से व्यापक पौधारोपण अभियान भी चलाया गया था। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में क्लब की सक्रिय भूमिका लगातार बनी हुई है।स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने लायंस क्लब के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि व्हीलचेयर मिलने से बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार यात्रियों को स्टेशन पर आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष लायन सोनी राजा, लायन आलोक बोस तथा सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


व्हीलचेयर डोनेट करते लायंस क्लब।

## कारखाना के विकास के लिए रेलवे अधिकारियों के पास नहीं है कोई विजन : पप्पू

### जीएम के कार्यक्रम रद्द होने पर बिफरे संघर्ष मोर्चा के संयोजक

**जमालपुर (मुंगेर)।** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के रविवार को प्रस्तावित कारखाना निरीक्षक कार्यक्रम रद्द होने पर जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने गहरा रोष व्यक्त किया है।संयोजक ने कहा की जमालपुर कारखाना और यहाँ स्थापित अन्य इकाइयों के विकास और प्रगति के लिए रेलवे अधिकारियों के पास कोई विजन नहीं है।उन्होंने आगे कहा की जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा बर्षो से रेल हित और शहर हित मे निर्माण कारखाना के साथ ही कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल करने एंव स्थाई कोच का कार्यभार देने, रेलवे विश्वविद्यालय की स्थापना, डीजल शेड को इलेक्ट्रिक शेड का दर्जा, वाईलेग पर स्टेशन निर्माण, सफियाबाद हल्ट, स्टेशन को पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र से जोड़ते हुए ऊपरी पथ व स्टेशन के बाहरी परिसर में छोटे छोटे स्टाल का निर्माण कारखाने में आरपीएफ द्वारा वसूली अधिकारियों द्वारा लगातार लूट खसोट व्याप्त भ्रष्टाचार निर्माण कार्यो में जबरदस्त अनियमितता, नगर परिषद व रेलवे अधिकारियों के मिली भगत से हो रहे एस्टीमेट घोटाले सहित कई ज्लंत सवालों के लिए संघर्ष कर रही है जिसका जबाब महाप्रबंधक के पास नहीं है और महाप्रबंधक ने अपना दौरा रद्द कर यह प्रमाणित कर दिया की करोड़ों के घाटे में चल रहे पूर्व रेलवे जोन के महाप्रबंधक के लम्बे कार्यकाल के अंतिम अध्याय में इनके पास जमालपुर कारखाना को थमाने के लिए झुनझुना भी नहीं है। वही श्री यादव ने कहा की कारखाना हित में हमारा आन्दोलन जारी रहेगा।


जानकारी देते मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव।

## भूमि विवाद के लंबित मामलों पर फरियादियों ने जताई नाराजगी

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर अंचल कार्यालय में करीब एक माह बाद शनिवार को अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े नए एवं पुराने मामलों की सुनवाई की गई। कुछ मामलों का निष्पादन आपसी सहमति एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से मौके पर ही कर दिया गया, जबकि वर्षो से लंबित अधिकांश मामलों का समाधान नहीं होने से फरियादियों में नाराजगी और मायूसी देखने को मिली। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि जनता दरबार नियमित रूप से नहीं लगने और हर बार केवल अगली तारीख मिलने से विवाद लगातार बढ़ते जा रहे हैं। समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण कई मामलों में तनाव, मारपीट और विधि-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। हालांकि अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराने का भरोसा दिलाया।जनता दरबार में जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, सफियासराय थाना के एएसआई रामरूप सहनी, एएसआई महेंद्र कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी राशिद उजैरी सहित बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित थे।


जनता दरबार में भूमि विवाद के मामलों की सुनवाई करतींअंचलाधिकारी।

## कारखाना के प्रगति कार्य को देखने कोलकाता के सीडब्ल्यूई पहुंचे जमालपुर

### कोलकाता के मुख्य कारखाना इंजीनियर ने किया कारखाना का निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान कारखाना के गुणवत्ता तकनीकी क्षमता बढ़ाने पर दिया गया जोड़

**जमालपुर (मुंगेर)।** मुख्य कारखाना इंजीनियर कोलकाता सुब्रतो सरकार एकदिवसीय दौरे पर रेल इंजन कारखाना जमालपुर पहुंचे। कारखाना पहुंचने पर मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल अपनी टीम के साथ श्री सरकार का स्वागत अपनी टीम के साथ किया। निरीक्षक के दौरान श्री सरकार कारखाना में निर्माण एवं मरमती के कार्यो को देख कर संबंधित पदाधिकारी को उत्पादन क्षमता को बढ़ाते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने कारखाना में नए रूप से चल रहे चौलेंजिंग कार्यो के प्रगति कार्यो के बारे में सीडब्ल्यूएम से पूछताछ किया। कारखाना के बीएलसी,डीजल,वेगन,क्रेन के अलावे कई शप का जायजा भी श्री सरकार ने लिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारी सभा कक्ष में तमाम अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कार्य प्रगति की योजना पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया। इसके बाद श्री सरकार श्रमिक संगठनों से भी मुलाकात रेल एवं कर्मचारी हित पर विशेष चर्चा भी किया। इधर पूरे दिन कारखाना में सीडब्ल्यूई रहने से अधिकारी कर्मचारी के अलावे कारखाना गेट पर आरपीएफ की चौकसी भी देखी गई। मौके पर डिप्टी ड अभ्युदय, सौरभ कुमार, प्रीतम कुमार साहित कई अधिकारी मौजूद थे।


कारखाना का निरीक्षण करते सीडब्ल्यूई।

# मेधावी छात्र शिवम की मौत से संत माइकल विद्यालय में पसरा मातम, एक दिन का अवकाश घोषित

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** संत माइकल उच्च विद्यालय, बलीपुर के दसवीं कक्षा के मेधावी छात्र एवं खलासी मोहल्ला निवासी शिवम कुमार की असामयिक मौत की खबर से पूरे विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जिस छात्र की मुस्कान, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति लगन विद्यालय की पहचान बन चुकी थी, उसकी अचानक हुई मौत ने सहपाठियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को गहरे सदमे में डाल दिया।शिवम अपनी प्रतिभा, सरल स्वभाव और अनुशासित जीवनशैली के कारण शिक्षकों का प्रिय छात्र था। वह न केवल पढ़ाई में उत्ष्ट प्रदर्शन करता था, बल्कि विद्यालय में सकारात्मक और अनुशासित शैक्षणिक माहौल बनाए रखने में भी हमेशा सक्रिय भूमिका निभाता था। उसकी खाली पड़ी सीट को देखकर सहपाठियों की आंखें नम हो गईं, वहीं शिक्षक भी अपने प्रिय छात्र को याद कर भावुक नजर आए।विद्यालय प्रशासन ने शिवम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक दिन के लिए विद्यालय बंद रखने की घोषणा की। इस दौरान शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संवेदना व्यक्त की।विद्यालय के प्राचार्य चंदन माइकल ने कहा कि शिवम एक होनहार, मेहनती और संस्कारी छात्र था। उसकी असमय मृत्यु विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।शिवम की असामयिक मौत ने यह एहसास करा दिया कि एक प्रतिभाशाली छात्र के चले जाने से केवल उसका परिवार ही नहीं, बल्कि पूरा विद्यालय परिवार भी अपने एक उज्ज्वल भविष्य को खो देता है। विद्यालय में पसरी खामोशी और नम आंखें शिवम की यादों को लंबे समय तक जीवित रखेंगी।


फाइल फोटो छात्र शिवम कुमार।

## संक्षिप्त खबरें

### जब वर्दी बनी विश्वास की पहचान

## घोसवरी के थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी की संवेदनशील कार्यशैली ने जीता जनता का भरोसा

### अपराध नियंत्रण के साथ मानवीय संवेदनाओं को दी प्राथमिकता

### पीड़ितों की सुनवाई और जनसहयोग की पहल से बनी अलग पहचान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस की वर्दी को आमतौर पर अनुशासन,कानून-व्यवस्था और सख्ती का प्रतीक माना जाता है। लेकिन जब इसी वर्दी के साथ संवेदनशीलता, सहज व्यवहार और जनसेवा का भाव जुड़ जाए, तो पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता और मजबूत हो जाता है। घोसवरी थाना के थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी अपनी कार्यशैली के कारण क्षेत्र में इसी सकारात्मक पहचान के साथ चर्चा में हैं।घोसवरी में पदस्थापना के बाद से थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम लोगों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने और पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ धैर्यपूर्वक बातचीत करते हैं और मामलों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होता दिखाई दे रहा है।अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर भी थाना लगातार सक्रिय रहने का प्रयास कर रहा है। नियमित गश्ती, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और स्थानीय लोगों के सहयोग से कानून-व्यवस्था को सुढ़ रखने की दिशा में कई पहल की जा रही हैं। इसके साथ ही थाना स्तर पर आम नागरिकों से संवाद बनाए रखने की संस्ति को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सत्यम तिवारी की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता उनका मानवीय ष्टिकोण है। वे केवल एक प्रशासनिक अधिकारी की भूमिका तक सीमित नहीं रहते, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता, पीड़ितों को उचित मार्गदर्शन और सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन को भी अपनी प्राथमिकता मानते हैं। लोगों के अनुसार, उनके व्यवहार में वर्दी का रौब कम और सेवा का भाव अधिक दिखाई देता है।घोसवरी के कई बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि पुलिस की वास्तविक सफलता केवल अपराधियों की गिरफ्तारी से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के मन में सुरक्षा, विश्वास और अपनत्व की भावना पैदा करने से भी मापी जाती है। उनके अनुसार, थानाध्यक्ष की कार्यशैली ने पुलिस और जनता के बीच संवाद तथा सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया है।बदलते सामाजिक परिवेश में पुलिस की भूमिका लगातार व्यापक होती जा रही है। आज पुलिस से केवल कानून लागू करने की ही नहीं, बल्कि समाज में विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक समरसता कायम रखने की भी अपेक्षा की जाती है। ऐसे समय में संवेदनशील और जवाबदेह कार्यशैली अपनाने वाले अधिकारी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं।घोसवरी के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस जनता के बीच इसी प्रकार सहज, संवेदनशील और उत्तरदायी बनी रहे, तो अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सामाजिक विश्वास भी और अधिक मजबूत होगा। थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी की कार्यशैली इसी सोच को आगे बढ़ाती दिखाई देती है कि वर्दी की सबसे बड़ी ताकत केवल अधिकार नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और सेवा का संकल्प है।


सत्यम तिवारी, थानाध्यक्ष घोसवरी,( मोकामा)।

## कल्याणपुर में भीषण सड़क हादसा ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, दो घायल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के समीप शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है। इस हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र में बेलगाम वाहनों की रफ्तार और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शहरी हल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ शहर के शहरी हल्ट रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारी बिगहा निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने ननिहाल शहरी आया हुआ था। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। रेल पुलिस के अनुसार, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। युवक की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## शिक्षा जगत ने खोया समर्पित शिक्षक रामाश्रय सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुग्रह नारायण सिंह 10+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाढ़ के अंग्रेजी विषय के सेवानिवृत शिक्षक श्री रामाश्रय सिंह के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर मध्य विद्यालय राणा विगहा, बाढ़ में शोक-संवेदना सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।विद्यालय प्रधान आमोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सभा में दिवंगत शिक्षक के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रवेंद्र कुमार, राधा रानी,अमृता कुमारी, ममता कुमारी, मो़ सानी तथा सौरभ जाना सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## क्या लौटेगा बाढ़ लोकसभा क्षेत्र परिसीमन की चर्चाओं से तेज हुई राजनीतिक हलचल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रस्तावित परिसीमन को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जिन 10 लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन और तीन हिस्सों में पुनर्सरचना की चर्चा चल रही है, उनमें पटना साहिब, पाटलिपुत्र, मुंगेर, आरा, बेगूसराय, सारण, दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर और महाराजगंज के नाम प्रमुखता से लिए जा रहे हैं। इसी के साथ बाढ़ लोकसभा क्षेत्र की संभावित वापसी को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं। बाढ़ अनुमंडल कभी विधानसभा और लोकसभादोनों स्तरों पर अपनी अलग राजनीतिक पहचान रखता था। परिसीमन के बाद इसका स्वरूप बदल गया था। अब नई चर्चाओं ने क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि क्या बाढ़ को फिर से लोकसभा क्षेत्र का दर्जा मिलेगा हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा या अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में एसडीएम का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ की अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) गरिमा लोहिया ने शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डो, ओपीडी, दवा वितरण व्यवस्था, साफ-सफाई तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

## खबरें : एक नजर में

### रालोमो के दुबारा प्रदेश उपाध्यक्ष बने जागा कुशवाहा

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर पुनः मनोनीत किए जाने पर जागा कुशवाहा ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक सिंह का धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताया है, जिसके लिए वह सदैव आभारी रहेंगे।


जागा कुशवाहा।

### प्लास्टिक मुक्त बिहार अभियान में जागरूकता का संकल्प

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय, बराप में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'प्लास्टिक मुक्त बिहार' अभियान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार पंकज ने की। कार्यक्रम में प्रो रमाकांत पाठक, पूर्णानंद पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, अरुण सिंह, दिवाकर सिंह, अरविन्द सिंह, राम लखन, प्रमोद सिंह, मनीष कुमार, गायत्री कुमारी, लालू कुमार, मोहम्मद अख्तर हुसैन, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवक, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छोटन सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** करबासी पंचायत के ताराचक में राम विशुन सिंह उर्फ छोटन सिंह के पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी गौरी शंकर शर्मा प्रखंड प्रमुख मुकेश सिंह यादव कमलेश सिंह समेत अतिथियों ने स्व राम विष्णु सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर महेंद्र यादव कमलेश कुमार डायमंड कुमार धनंजय कुमार संजय कुमार राकेश रंजन समेत कई लोग शामिल थे।

### पत्रकार को फोन पर जान से मारने की धमकी

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** जमीन-विवाद से जुड़े एक मामले में खबर प्रकाशित होने से खफा अपराधी तत्वों ने चरपोखरी के स्थानीय पत्रकार जयमंगल प्रसाद सिंह को उठवा लेने एवं जान से मारने की धमकी दी है। पत्रकार ने चरपोखरी थानाध्यक्ष को आवेदन देकर फोन करने वाले की पहचान करने एवं उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की है। भूमि विवाद का मामला व्यवहार न्यायालय पीरो में विचाराधीन है लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिए पिछले 12 जुलाई को कुछ अपराधी तत्वों को जुटाया था जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उक्त लोगों को भगा दिया था। घटना की खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी समझा जा रहा है कि पत्रकार को फोन पर मिली यह धमकी के मूल में उक्त जमीन विवाद व इस संबंध में प्रकाशित खबर ही है।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवती की मौत

**आरा।** कारीसाथ एवं बिहिया स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर शुक्रवार की शाम ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 20 वर्षीया युवती की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### अज्ञात युवक का शव बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना के प्राइवेट बस स्टैंड से एक अज्ञात 36 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाना पुलिस ने साढ़े पांच लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कायमनगर गांव निवासी हृदया यादव के पुत्र अशोक यादव के रूप में हुई है।

### देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना की पुलिस ने चोरी छुपे शराब बिक्री करने वाले धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला अलता देवी पीरो थाना के पसउर टोला गांव निवासी परशुराम की पत्नी है। जांच के क्रम में महिला के पास से 14 लीटर देशी शराब बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महिला के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

## मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया रोड जाम व आगजनी

# ईंट का दीवार गिरा, दो घरों के चिराग बुझे, एक जख्मी

**आरा / बिहिया (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया थाना के बिहिया नगर धोबिया मोहल्ले में शनिवार की सुबह ईंट का दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें एक ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में एक अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहिया डाक बंगला चौक के समीप मुआवजे की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया। सड़क पर आगजनी भी की। करीब एक घंटे तक जाम होने से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन ठप्प हो गया। बिहिया थानाध्यक्ष सुदेश्वर कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाय। मृत बच्चों में बिहिया धोबिया मोहल्ला निवासी साजन कुमार रजक का 3 वर्षीय पुत्र शिवांश रजक उर्फ कल्लू एवं उसी मोहल्ले के निवासी राहुल रजक का 3 वर्षीय


ग्रामीणों ने किया रोड जाम व आगजनी।

पुत्र अंकित कुमार शामिल है। मृतक अंकित कुमार के 46 वर्षीय दादा छोटक रजक जख्मी हो गये। मृत बच्चे शिवांश राज उर्फ कल्लू के बड़े पापा राजू रजक ने बताया कि दस इंच का दिवाल बिना पिलर के उठाया गया था। शनिवार की सुबह दोनों बच्चे व उसके दादा छोटक रजक वहीं पर बैठे हुए थे। दोनों बच्चे खेल रहे थे। तभी ईंट का दीवार अचानक भरभरा कर तीनों पर गिर पड़ा, जिसमें शिवांश राज उर्फ कल्लू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अंकित कुमार ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान दम तोड़ दिया। अमित बच्चा शिवांश राज उर्फ कल्लू अपने दो भाई व दो बहन में बड़ा था, उसके परिवार में मां ममता देवी, बहन नंदिनी, बरखा एवं एक भाई है। जबकि मृत अंकित कुमार अपनी एक भाई-बहन में छोटा था। वह अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था, उसके परिवार में मां पुतुल कुमारी एवं एक बहन है।

## कृष्णा ग्लोबल स्कूल में रिजल्ट वितरण एवं पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन

**सहार (दैनिक नवसंदेश)।** कृष्णा ग्लोबल स्कूल, राजदेव नगर, पेरहाप में शनिवार को एफए-1 (रचनात्मक मूल्यांकन-1) के परीक्षा परिणाम वितरण के साथ पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास पर शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। विद्यालय के निदेशक सतीश शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम देना नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र के समग्र विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में विद्यालय और परिवार दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा कुमारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति, समयपालन, अनुशासन एवं घर पर अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देता है। इस अवसर पर शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र के परीक्षा परिणाम की जानकारी अभिभावकों को दी तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी, अंजली राज मनीष कुमार, अमरेश कुमार, करिश्मा कुमारी, सुमित कुमार, शांभवी तिवारी, अंजलि तिवारी, नेहा कुमारी, संजू, बबली, राकेश कुमार राय, पूजा कुमारी रंजीत सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे और अभिभावकों से संवाद कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।


पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का सफलतापूर्वक आयोजन।

## विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आरा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर, आरा में मामलों के त्वरित निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस विशेष लोक अदालत के सफल संचालन हेतु दो बेंचों का गठन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-7, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-8, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-1, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। विशेष लोक अदालत के माध्यम से वादकारियों को निशुल्क एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया गया। दोनों पक्षों की सहमति से लंबित मामलों का समाधान एक ही दिवस में संभव हो सका, जिससे वादकारियों के समय एवं धन की बचत हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को ऐसे मंच के माध्यम से विवादों का निपटारा करने हेतु जागरूक भी किया गया।



विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन।

## झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस से मिली राहत, मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**आरा / कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते आसमान काले घने बादलों से ढक गया और तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश करीब एक घंटे से अधिक समय तक मूसलाधार होती रही। तेज वर्षा के कारण सड़कों पर पानी बहने लगा और पूरे क्षेत्र का मौसम सुहाना हो गया। पिछले एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। कई लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवा और बारिश का आनंद लेते नजर आए। किसानों के लिए भी यह वर्षा किसी राहत से कम नहीं है। स्थानीय किसान प्रमोद कुमार ने बताया कि जिन किसानों के धान के बिचड़े तैयार हो चुके हैं, उनके लिए यह बारिश काफी लाभदायक साबित होगी। खेतों में पर्याप्त नमी आने से धान की रोपनी का कार्य तेजी से शुरू हो सकेगा और सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्तखर्च भी बचेगा। कृषि जानकारों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में इसी तरह समय-समय पर बारिश होती रही तो खरीफ फसलों, विशेषकर धान की खेती के लिए यह मौसम बेहद अनुकूल साबित होगा। कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसार धान की खेती का अनुकूल समय शुरू हो गया है।


झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना।

## छात्र का गला रेतकर हत्या, गजराजगंज ओपी के मसाढ़ गांव की घटना

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गजराजगंज ओपी अंतर्गत मसाढ़ गांव में शुक्रवार की देर शाम घर से सामान खरीदने निकले छात्र की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव के दलित टोला से शुक्रवार की देर शाम बरामद हुआ। मृतक के गर्दन के बाएं, दाएं, पीछे भाग पर एवं सर पर कटा हुआ निशान पाया गया। परिजन द्वारा गला रेतकर हत्या कर शव को फेंके जाने का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह एवं गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंचल कुमारघटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। मृतक मसाढ़ गांव निवासी स्व मिथिलेश सिंह का 18 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार सिंह है। वह इंटर का छात्र था। मृतक के बड़े भाई प्रिंस राज ने बताया कि वह शुक्रवार की करीब साढ़े पांच बजे घर से सामान खरीदने के लिए बाजार निकला था। इसी बीच करीब साढ़े सात बजे उसके चाचा विमलेश कुमार के मोबाइल पर ग्रामीणों द्वारा शव पड़े होने की सूचना दी गई। मृतक के बड़े भाई प्रिंस राज ने अपने छोटे भाई प्रीतम कुमार सिंह की साजिश के तहत अज्ञात लोगों द्वारा गला रेतकर हत्या करने के आरोप लगाया है। ओपी इंचार्ज चंचल महथा ने बताया कि घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। एफएसएल की टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य को एकत्रित किया। उन्होंने बताया कि परिजन द्वारा घटना का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने तीन बहन व दो भाई में छोटा था। वर्ष 2014 में उसके पिता मिथिलेश सिंह एवं वर्ष 2017 में उसकी मां सुनीता देवी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह अपने चाचा-चाची के साथ ही रहता था।

## दलान में सो रहे डेयरी संचालक की मौत, मचा कोहराम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव में शुक्रवार की रात दालान में सो रहे डेयरी संचालक की मौत हो गई। मृतक के मुंह से झाग निकला हुआ, दाहिने पैर पर जख्म, छाती पर काला धब्बा एवं दाहिने हाथ में छिला हुआ का निशान पाया गया। वहीं परिजन द्वारा मारपीट व जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने की आशंका जताई जा रही है। जगदीशपुर एसडीपीओ पंकज मिश्रा एवं तीयर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य को इकट्ठा किया। मृतक तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव निवासी हीरालाल सिंह उर्फ हरी नारायण सिंह का 25 वर्षीय पुत्र राजाबाबू उर्फ अलबेला है। वह डेयरी संचालक था। मृतक के बड़े भाई हरखेन कुमार उर्फ रौशन ने बताया कि शुक्रवार की रात नौ बजे सभी लोग खाना खाने के बाद सोने चले गए थे। शनिवार की सुबह जब उसके डेयरी में दूध देने वाला एक व्यक्ति दालान में पहुंचा और उसे उठाने लगा, तो वह नहीं उठा। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। तब पुलिस वहां पहुंची। सूत्रों के मुताबिक गांव के ही दो व्यक्ति से दूध के बकाया पांच सौ रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था।


## माउंट लिट्रा जी स्कूल परिसर में वार्षिक अलंकरण समारोह

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** माउंट लिट्रा जी स्कूल, बामपाली, आरा के परिसर में वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ ग्रहण कराया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक श्रेयांश जैन एवं उपाध्यक्षा श्रीमती सुचिता जैन उपस्थित रहीं। विद्यालय की छात्राओं ने अपने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इस वर्ष छात्र परिषद के लिए जिन विद्यार्थियों का चयन किया गया उनमें हेड गर्ल-आरोही जैन, हेड बय सागर सिंह, खेल कप्तान-अभिजीत सिंह, सांस्कृतिक सचिव-अमृत, पर्यावरण सचिव-रिद्धि राज, अनुशासन प्रमुख-श्रेया सिंह के साथ चारों हाउसों के कप्तान और उपकप्तान शामिल हैं। उपप्राचार्य ने सभी चयनित सदस्यों को अपने पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें नेतृत्व, अनुशासन और सेवा का गुण सिखाएगी। नव नियुक्त हेड गर्ल एवं हेड बय ने अपने संबोधन में विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

प्राचार्य डा सहाया मेरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे विद्यालय के बच्चे जो अभी सीखने के क्रम में हैं। वही आगे चलकर देश का भावी भविष्य बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों में मिष्ठान का वितरण किया गया।

मंच का कुशल संचालन शिक्षिका कुमारी रेखा ने किया। अंत में उपप्राचार्य विजय कुमार के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।


माउंट लिट्रा जी स्कूल, बामपाली, आरा के परिसर में वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

## भूमि विवाद के पांच मामलों का सफल निष्पादन

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** अंचल कार्यालय कोईलवर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल 8 मामलों की सुनवाई की गई। राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने मामलों की सुनवाई करते हुए 5 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया। सुनवाई के दौरान चांदी थाना क्षेत्र से जुड़े एक मामले में राजस्व अधिकारी ने संबंधित राजस्व कर्मचारी को स्थल जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। वहीं कोईलवर से आए एक भूमि विवाद के मामले का दोनों पक्षों की सहमति से त्वरित निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन भी मौजूद रहे और मामलों के निष्पादन में आवश्यक सहयोग किया। राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने कहा, बिहार सरकार की मंशा के अनुरूप भूमि विवादों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल निष्पादन संभव है, उनका मौके पर ही समाधान किया जा रहा है, जबकि शेष मामलों में आवश्यक जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## खबरें खास-खास

### प्राची ने नीट यूजी में सफलता प्राप्त कर बढ़ाया मान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महाराजा हाता निवासी कुमारी प्राची ने नीट यूजी-2026 परीक्षा में 605 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 8572 हासिल की है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार, गुरुजनों तथा पूरे भोजपुर जिले में हर्ष का वातावरण है। प्राची की मां रेणु सिंह एवं पिता पंकज कुमार सिंह हैं। वह डा. केके सिंह की पौत्री हैं। प्राची ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय निरंतर मेहनत, अनुशासन, माता-पिता के मार्गदर्शन, गुरुजनों के आशीर्वाद तथा ईश्वर की कृपा को दिया है। उसे बधाई देने वालों में जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, पप्पू चौबे, ओम प्रकाश सिंह, इन्द्रदेव पांडेय उर्फ गुड्डु बाबा, तपन सिंह, सुजित सिन्हा, गोपालजी प्रसाद, विष्णु हरि पुरिया, रवि सल्जा, अनिमेष मिश्रा, मंटू पांडेय, पीन्टू सिंह, पींकू सिंह, बालदेव सिंह, मीकू सिंह, मनजीत सिंह एवं कुश पांडेय आदि हैं।


कुमारी प्राची।

### सहयोग पोर्टल पर लंबित आवेदनों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उप विकास आयुक्त, भोजपुर द्वारा आज सहयोग पोर्टल पर लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों की स्थिति, उनके समयबद्ध निष्पादन एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समय पर समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक के दौरान विभागवार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।


उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा।


### विद्युत करंट से युवक की मौत

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** अगिआंव बाजार थानान्तर्गत तार गांव के बधार में शनिवार की सुबह विद्युत करंट से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक विकास कुमार तार गांव निवासी संजय सिंह के पुत्र थे। संजय सिंह अपने खेत में लगे धान के बिचड़े का पटवन के लिए गांव के बधार के रास्ते से जा रहे थे, जहां दूसरे किसानों ने मोटर पंप से खेतों की पटवन के लिए बिजली के तार जमीन पर ही बिछा रखे थे। उक्त धारा प्रवाहित तार के संपर्क में आने के कारण विकास कुमार को विद्युत करंट का तेज झटका लगा। जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता उसके पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।



### डीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग (पटना-आरा-सासाराम) परियोजना एवं प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) पटना एवं सासाराम द्वारा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी महोदय ने भूमि अधिग्रहण, प्राक्कलन की स्वीकृति, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (अनापत्ति प्रमाण पत्र) निर्गत करने तथा अन्य मामलों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्तप्रगति यात्रा के दौरान घोषित सड़क परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं एवं विभागीय पदाधिकारियों को परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, लंबित बाधाओं तथा कार्य निष्पादन की गति के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान विभिन्न अंचलों में त्वरित निस्तारण, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने देने पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से प्रगति की निगरानी करते हुए कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सकें। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, निदेशक एनईपी, परियोजना अभियंता एनएचएआई पटना एवं सासाराम, कार्यपालक अभियंता शाहाबाद पथ प्रमंडल आरा, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल आरा, परियोजना अभियंता पुल निर्माण निगम आरा, पीएनसी, कार्यपालक अभियंता बुडको, कार्यपालक अभियंता बीएसआरडीसी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।

### वीर देवी ओझा के नाम पर बनेगा स्मृतिद्वार, डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास आज

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा वीर देवी ओझा की स्मृति को चिरस्थायी बनाने की दिशा में रविवार को सहजौली गांव में एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। गांव के मठिया परिसर में वीर देवी ओझा के नाम पर स्मृतिद्वार तथा शाहपुर-करनामेपुर पथ पर बच्चों के लिए निशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मीना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। शाहपुर विधायक राकेश रंजन उर्फ राकेश रंजन ओझा, पूर्व विधायक राहुल तिवारी, वीर देवी ओझा के वंशजों के साथ शिक्षा, समाजसेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी वीर देवी ओझा के जीवन एवं उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर आधारित स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा। आयोजक वीर देवी ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष उमेश चंद्र पांडे के अनुसार स्मृतिद्वार के निर्माण से नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इस महान योद्धा के योगदान से परिचित होने का अवसर मिलेगा। जबकि डिजिटल लाइब्रेरी ग्रामीण बच्चों को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ने में सहायक होगी। शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर सहजौली समेत आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का मानना है कि यह पहल न केवल वीर देवी ओझा की गौरवशाली विरासत को संरक्षित करेगी। बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नई दिशा प्रदान करेगी। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### कुल्हड़िया में आदर्श विद्यालय का मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कुल्हड़िया स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय भवन, कक्षाओं, पेयजल, बिजली, शौचालय तथा स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। साथ ही छात्रों के लिए फर्नीचर, कंप्यूटर, इंटरनेट सहित आधुनिक आईटी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सखी वार्ता का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में भाग लेती बचिया

**अरवल (एनएसबी)।** विद्यालय में सखी वार्ता का आयोजन, छात्राओं को बांटे गए टी-शर्ट, टोपी व पुस्तक -बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय जिला पदाधिकारी अमृषा बैस के निदेशानुसार जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम अरवल के मार्गदर्शन में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय अरवल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सखी वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर व जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ विमेन कार्यालय अरवल द्वारा छात्राओं से खुलकर संवाद किया गया और उन्हें बाल विवाह, घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन नं 181, वन स्टॉप सेंटर, कैरियर कॉउंसलिंग, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उत्पीड़न एवं किशोरी स्वास्थ्य एवं कम उम्र में विवाह के दुष्प्रभाव और कैरियर के अवसरों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी छात्राओं के बीच बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगोयुक्त टी-शर्ट एवं टोपी वितरित किया गया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण पर भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता बेहतर प्रदर्शन करने वाली पाँच छात्राओं को प्रेरणादायक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस मौके पर वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासक शिम्पू कुमारी, मनो सामाजिक परामर्शी प्रिया कुमारी, जिला हब फॉर वूमेन एम्पावरमेन्ट कार्यालय के वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ कविता सिंह एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार कुर्की वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले के मेहंदिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गोइन पाठक बिगहा से फरार कुर्की वारंटी सिद्धनाथ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया, उनके विरुद्ध न्यायालय ने कुर्की वारंट जारी कर रखा था। इस संबंध में जानकारी देते हुए मेहंदिया थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि गोइन पाठक बिगहा ग्राम निवासी सिद्धांनाथ शर्मा बीते कई वर्षों से फरार वारंटी थे, जिसके बाद न्यायालय ने उनके विरुद्ध कुर्की वारंट जारी कर दिया,कुर्की वारंट जारी होने के बाद इन्हें इनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया और अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय में भेजा गया,उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में फरार वारंटी को बक्सा नहीं जाएगा और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा

### उच्च स्तरीय कमिटी से जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाय : सत्येन्द्र



सत्येंद्र रंजन।

**अरवल (एसएनबी)।** कुछ दिन पूर्व अनिल कुशवाहा नामक व्यक्ति का मद्द निषेध विभाग के हाजत में मौत की घटना एवं सदर अस्पताल में ऑपरेशन के क्रम में रागनी कुमारी नामक महिला की मौत हो जाने की घटना को जिला पदाधिकारी अरवल त्वरित उच्च स्तरीय कमिटी से जांच कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करे।उक्त बातें लोजपा( रा ) अरवल के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कही। उन्होंने कहा कि अरवल प्रखंड अंतर्गत ग्राम - हैबतपुर निवासी अनिल कुशवाहा के मध निषेध विभाग के हाजत में मौत हो जाने एवं बीते कल पखरपुर निवासी रागनी कुमारी के प्रसव पीड़ा उपरांत सदर अस्पताल अरवल में इलाज हेतू भर्ती किया गया , तत्पश्चात महिला के ऑपरेशन के क्रम में मौत हो जाती है , उक्त दोनों घटनाओं पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए कहा कि दोनों घटनाएं बहुत ही दुःखद है । जहां एक ओर अनिल कुशवाहा के परिजनों के द्वारा मध निषेध विभाग के हाजत में मध निषेध विभाग के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी के द्वारा अनिल कुशवाहा को मारपीट करने के उपरांत हाजत में ही मौत हो गया और दूसरी ओर पखरपुर निवासी मृतक रागनी कुमारी के परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल अरवल के डॉक्टर , नर्स एवं अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है । उक्त दोनों घटनाओं पर जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने जिलापदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर नवजोत सिमी से मांग करते हुए कहा कि दोनों घटनाओं को उच्च स्तरीय कमिटी से जांच कराकर उक्त दोनों घटनाओं में संलिप्त दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो साथ ही शोकाकुल परिजन को विधि सम्मत आर्थिक मुआवजा दिया जाय ।

### डॉ. प्रमोद कुमार के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सेवाओं में दिख रहा सकारात्मक बदलाव

**कुर्था (एसएनबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार के कार्यों की इन दिनों क्षेत्र में चर्चा हो रही है। अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार उनकी कार्यशैली से स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर समन्वय, शांति और भाईचारे का माहौल बना है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में रहकर वे लगातार स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करते हैं, जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि डॉ. प्रमोद कुमार के नेतृत्व में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुद्दढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मरीजों के परिजनों ने बताया कि समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, अस्पताल परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कई सकारात्मक पहल की गई हैं। ग्रामीण राहुल कुमार ने बताया कि पहले की अपेक्षा अस्पताल की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को मिल रहा है और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार के लिए पूरी टीम के साथ समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।




### कुर्था बाईपास के समीप ढाबे में लगी आग, हजारों की संपत्ति जल कर राख



**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था बाईपास के समीप एक ढाबे में देर रात अचानक आग लग गई जिससे ढाबे में रखे लगभग हजारों रुपए की संपत्ति पूरी तरह से जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलसाथर गांव निवासी दीपक कुमार जो जिबकोपार्जन को लेकर कुर्था बाईपास सड़क एक छोटे-मोटे ढाबे खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था, आम दिनों की तरह शुक्रवार की देर रात भी अपने दुकान बंद कर बगल के ही एक दुकान में सोया था तभी देर रात ड्यूटी पर तैनात 112 नंबर की पुलिस ने दुकान मालिक को सूचना दिया की दुकान में आग लग गई। हालांकि सूचना के बाद 112 नंबर की पुलिस ने अग्निशमन बाहन को बुलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया दुकान मालिक दीपक कुमार ने बताया कि आम दिनों की तरह शुक्रवार को भी दुकान बंद करके दुकान के बगल में सोया था तभी 112 नंबर के पुलिस द्वारा जानकारी मिली की दुकान में आग लग गई। हालांकि 112 नंबर की पुलिस के द्वारा ही अग्निशमन बाहन को घटनास्थल पर बुलाकर आग बुझाया गया। उन्होंने कहा कि घटना में लगभग बीस हजार रुपये के समान पूरी तरह से जलकर राख हो गए। हालांकि उन्होंने बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई।

### घर पर प्रसव नहीं, हर मां का सुरक्षित संस्थागत प्रसव हो : डीएम



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को हुलासगंज इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित आशा कार्यकताओं की एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर पंजीकरण, चार अनिवार्य एएनसी जांच तथा सुरक्षित संस्थागत प्रसव हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी आशा कार्यकर्ता के क्षेत्र में घर पर प्रसव नहीं होना चाहिए। एम-आशा ऐप पर सभी सूचनाओं को नियमित रूप से अद्यतन करने तथा जरूरत पड़ने पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। डीएम ने घोषणा की कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की 20 आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा, जबकि लगातार खराब प्रदर्शन करने वाली 20 आशा कार्यकताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। कार्यशाला में सुरक्षित मातृत्व, नवजात शिशु देखभाल, टीकाकरण, पोषण एवं परिवार नियोजन पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रखंड पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## विजन वर्ल्ड अकैडमी मे परिक्षा परिणाम घोषित, अभिभावकों ने जाना बच्चों की शैक्षणिक प्रगति



विद्यालय में बच्चों के साथ अभिभावक

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया स्थित विजन वर्ल्ड अकैडमी में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रथम फॉर्मेटिव परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित हुए। विद्यालय द्वारा आयोजित परिणाम वितरण कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के परीक्षा परिणाम के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति, व्यवहार तथा विषयवार प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं कमियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही जिन विद्यार्थियों को किसी विषय में अतिरिक्त मेहनत की आवश्यकता है, उनके लिए नियमित अभ्यास एवं अभिभावकों के सहयोग पर विशेष बल दिया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम देना नहीं, बल्कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में संयुक्त प्रयास करना है। अभिभावकों ने भी शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन और भविष्य की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना की।

इस अवसर पर विजन वर्ल्ड अकैडमी के निदेशक अजीत कुमार ने कहा, "प्रथम फॉर्मेटिव परीक्षा विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया का प्रारंभिक मूल्यांकन है। इसका उद्देश्य केवल अंक देना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक स्थिति का आकलन कर समय रहते उसकी कमियों को दूर करना है। विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। अभिभावकों और शिक्षकों के बेहतर समन्वय से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।"उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियमित मूल्यांकन की व्यवस्था विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार करती है तथा प्रत्येक बच्चे की क्षमता को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## मेहंदिया थाना के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक



ट्रैक्टर के साथ पकड़ा गया चालक।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** अरवल जिले के मेहंदिया थाना पुलिस ने अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मेहंदिया थाना के समीप से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर चालक सहित जब्त कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जब्त ट्रैक्टर को थाना लाकर अग्रिम कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिना वैध खनन चालान एवं परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के बालू की ढुलाई की जा रही है। सूचना मिलते ही मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई और थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान बालू से लदे एक ट्रैक्टर को रोककर उसकी जांच की गई। जांच के दौरान चालक से बालू परिवहन से संबंधित वैध चालान एवं अन्य आवश्यक कागजात की मांग की गई, लेकिन वह कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने तत्काल ट्रैक्टर को चालक सहित जब्त कर थाना ले आई। मामले में खनन अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि, "जिले में अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मेहंदिया थाना के समीप से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर चालक सहित जब्त किया गया है। चालक से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को अवैध खनन या बिना वैध दस्तावेज के बालू परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।" उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध बालू खनन या परिवहन की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सरकार के निदेर्शानुसार अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनगणना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते कर्मी।

**अरवल (एनएसबी)।** जनगणना 2027 के सफल एवं समयबद्ध संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने हेतु ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका से संबंधित आंकड़ों के संकलन एवं संधारण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दूसरा दिन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के निर्माण की प्रक्रिया, आंकडों के संकलन की विधि, विभिन्न प्रपत्रों के सही ढंग से संधारण तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ग्राम एवं नगर स्तर पर उपलब्ध विभिन्न आधारभूत सुविधाओं, सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय आंकड़ों के शुद्ध एवं प्रमाणिक संकलन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला जनगणना हस्तपुस्तिका प्रत्येक जिले की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, नागरिक सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं तथा विकास संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों का विस्तृत दस्तावेज होता है। इसका निर्माण ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका में संकलित सूचनाओं के आधार पर किया जाता है, जो भविष्य की विकास योजनाओं एवं नीति निर्माण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। जिला जनगणना हस्तपुस्तिका प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम एवं नगर निर्देशिका में कुल 09 अनुभागों के अंतर्गत सूचनाओं का सकलन किया जाएगा। ग्राम निर्देशिका के प्रमुख अनुभागों में शैक्षणिक सुविधाएँ, चिकित्सा सुविधाएँ, पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएँ, संचार, परिवहन एवं संपर्क व्यवस्था, बैंक, ऋण एवं अन्य विविध सुविधाएँ, विद्युत एवं अन्य ऊर्जा स्त्रोतों की उपलब्धता, भूमि उपयोग एवं सिंचाई व्यवस्था, प्रमुख कृषि उत्पादन, विनिर्माण एवं हस्तशिल्प तथा टिप्पणी एवं अवलोकन शामिल है। नगर निर्देशिका के प्रमुख अनुभागों में नगर की स्थिति एवं विकास का इतिहास, नगर का स्थान, भौगोलिक विवरण एवं जलवायु, नागरिक एवं आधारभूत संरचना संबंधी सुविधाएँ, शैक्षणिक सुविधाएँ, सामाजिक, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक सुविधाएँ, उद्योग एव बैंकिंग सुविधाएँ, चिकित्सा सुविधाएँ, स्लम क्षेत्रों में उपलब्ध नागरिक सुविधाएँ तथा टिप्पणी एवं अवलोकन से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। प्रशिक्षण में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित प्रपत्रों में पूर्ण शुद्धता एवं सावधानी के साथ आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित करें, ताकि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका का प्रकाशन गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित हो सके। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि यह आंकड़ा संकलन कार्य जिले के सभी चार्जो में दिनांक 01 अगस्त 2026 से 30 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित अवधि के भीतर कार्य पूर्ण करने तथा जनगणना संबंधी दिशा-निदेर्शो का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## पूर्व विधायक को भाजपा के इशारे पर झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश का होगा विरोध



पीसी करते माले नेता।

**अरवल (एनएसबी)।** अस्पताल प्रशासन की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच तथा महिला की मौत के दोषियों पर कार्रवाई की मांग

भाकपाझमाले ने अरवल सदर अस्पताल में घटी घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। पार्टी ने कहा कि एक ओर प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर किया है, वहीं दूसरी ओर इस घटना की आड़ में पूर्व विधायक का. महानंद सिंह को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची जा रही है। इन दोनों मामलों की अलग-अलग और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पार्टी ने कहा कि प्रसव के दौरान महिला की मृत्यु की सूचना मिलने के बाद पूर्व विधायक का. महानंद सिंह अस्पताल पहुंचे थे। उनका उद्देश्य शोकाकुल परिजनों से मिलना, घटना की जानकारी लेना तथा अस्पताल प्रशासन से जवाबदेही सुनिश्चित करना था। उन्होंने सिविल सर्जन से फोन पर बातचीत कर अस्पताल आने का आग्रह किया था ताकि पूरे मामले पर चर्चा की जा सके। लेकिन सिविल सर्जन अपने कक्ष में मिलने के बजाय वहीं पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग मौजूद थे। इसी दौरान भीड़ में कुछ अराजक और असामाजिक तत्व घुस आए और अफरा-तफरी के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिविल सर्जन को धक्का दे दिया, जिससे वे गिर पड़े और उन्हें चोट लगी। भाकपाझमाले इस घटना की स्पष्ट और कड़ी निंदा करती है। पार्टी ने कहा कि इस घटना का पूर्व विधायक का. महानंद सिंह या उनके समर्थकों से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद उन पर कई गंभीर धाराओं के साथ मुकदमा दर्ज करने की बात आ रही है। यह पूरी तरह तथ्यहीन, दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित कार्रवाई होगी। घटना के वीडियो स्पष्ट रूप से बताते हैं कि महानंद सिंह पूरी घटना के दौरान आक्रोशित भीड़ को शांत करने, लोगों को संयम बरतने की अपील करने और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। उनका सार्वजनिक जीवन हमेशा जनसमस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान और प्रशासन से संवाद स्थापित करने का रहा है। घटना के बाद उन्होंने स्वयं सिविल सर्जन से मुलाकात कर उनके प्रति खेद भी व्यक्त किया। भाकपाझमाले ने कहा कि यह कार्रवाई केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता की आवाज उठाने वालों को डराने और विपक्षी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने की व्यापक राजनीतिक प्रवृत्ति का हिस्सा है। भाजपा के इशारे पर प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर जनप्रतिनिधियों और जनआंदोलनों को दबाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन भाकपाझमाले ऐसी किसी भी साजिश से डरने वाली नहीं है और लोकतांत्रिक तरीके से इसका मुकाबला करेगी। पार्टी ने महिला की मौत को लेकर भी कई गंभीर सवाल उठाए हैं। भाकपाझमाले ने कहा कि उसे विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के प्रभारी को लगभग 15 दिन पहले वहां से कार्यमुक्त कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने अब तक विधिवत प्रभार नहीं सौंपा था। यदि यह तथ्य सही है तो इससे अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। ऐसी स्थिति में ऑपरेशन के दौरान आवश्यक समन्वय और चिकित्सकीय व्यवस्था प्रभावित होना स्वाभाविक है। इस पूरे मामले की भी स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए तथा यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। भाकपाझमाले ने कहा कि इस घटना का मूल प्रश्न एक गरीब महिला की प्रसव के दौरान हुई मौत है। प्रशासन का ध्यान इस मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों की पहचान करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने पर होना चाहिए था। लेकिन इसके विपरीत पूरे मामले को भटकाने और जनआक्रोश को दबाने के लिए पूर्व विधायक का. महानंद सिंह पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया। यह न्याय और लोकतंत्र—दोनों के साथ अन्याय है। पार्टी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूर्व विधायक का. महानंद सिंह पर दर्ज झूठे मुकदमे की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए, सिविल सर्जन को धक्का देने वाले वास्तविक दोषी की पहचान कर कार्रवाई की जाए, महिला की मौत के कारणों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा अस्पताल प्रशासन की संभावित लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। भाकपाझमाले ने कहा है कि जल्द ही वामपंथी और महागठबंधन के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन से मिलेगा और घटना की सत्यता से अवगत कराएगा। संवाददाता सम्मेलन को पार्टी की केंद्रीय कमिटी सदस्य और गयाझजहानाबादझअरवल जोन के प्रभारी कुमार परवेज ने संबोधित किया। मौके पर पूर्व विधायक का. महानंद सिंह, जिला सचिव जितेंद्र यादव और युवा नेता सुएब आलम उपस्थित थे।